
बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

**सुविचार**



"कमजोर का तिरस्कार मत करो, अपितु उसका सहयोग करो।"
-मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज

# आचरण

वर्ष 39, अंक 271, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com | सागर, शनिवार 27 दिसंबर 2025



पेज:11- भारत महिला क्रिकेट ने तीसरा टी-20 जीता

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने LoC पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (PoK) में लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (C-UAS) रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (C-UAS) वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा कदम उठा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने LoC पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली-भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद LoC के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता मजबूत करना है।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) के पी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन (UDF) उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) का कब्जा था। LDF ने 29 और कांग्रेस गठबंधन (UDF) ने 19 वार्ड जीते थे।

### ओडिशा 17 साल की नाबालिग युवक ने रेप किया, गिरफ्तार

**भद्रक।** ओडिशा के भद्रक जिले के धामनगर में 17 साल की नाबालिग लड़की के साथ 26 साल के युवक ने 17 दिसंबर को दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसके स्कार्फ से मुंह दबाया और बहनों को मारने की धमकी दी। पीड़िता ने 20 दिसंबर को लेटर लिखकर जहर खा लिया। उसका कटक के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत की जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### दिल्ली के 13 नए जिले बनाए जाने की अधिसूचना जारी

**नईदिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 25 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर राष्ट्रीय राजधानी को मौजूदा 11 जिलों से बढ़ाकर 13 जिलों में बांट दिया है। यह बदलाव तुरंत लागू हो गया है। खासकर संपत्ति और दस्तावेज पंजीकरण जैसी सेवाओं में कोई रुकावट न हो, इसके लिए सभी जिलों में सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों (SRO) के लिए अंतरिम क्षेत्र तय कर दिए गए हैं । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की कैबिनेट ने 11 दिसंबर को इस पुनर्गठन को मंजूरी दी थी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की सहमति के बाद अधिसूचना जारी हुई। नए जिलों से प्रशासन मजबूत होगा और सेवाएं तेजी से पहुंचेंगी।

### भारत को सुपरपावर ही नहीं, विश्वगुरु भी बनना चाहिए

नईदिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत आंध्र प्रदेश के तिरुपति दौरे पर हैं। भारतीय विज्ञान सम्मेलन (BVS) में उद्घाटन कार्यक्रम में शुक्रवार को भागवत ने कहा- भारत का आगे बढ़ना तय है। लेकिन हमें सिर्फ सुपरपावर ही नहीं, बल्कि विश्वगुरु भी बनना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा कि धर्म और विज्ञान में कोई टकराव नहीं है। बस उनके रास्ते अलग हैं, मंजिल एक ही है। हमारे विकास की सोच का आधार धर्म है। धर्म सिर्फ मजहब नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और ब्रह्मांड के चलने का तरीका है।

## झरोखा




## इसे नाम के आगे या पीछे नहीं लगा सकते, ऐसा करना कानूनी तौर पर गलत

# भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात बुधवार को एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है।

### सुप्रीम कोर्ट के 1995 के फैसले का हवाला

हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस सुंदरेसन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 141 के तहत सभी पर लागू होता है। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि आगे की कानूनी कार्यवाही में सभी पक्ष और अदालतें इस नियम का पालन करें।


### 3 श्रेणियों में दिया जाता है पद्म पुरस्कार

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।

## भारत में बच्चों के लिए सोशल-मीडिया बैन हो

### मद्रास हाईकोर्ट ने ऑस्ट्रेलिया जैसे सख्त कानून पर विचार करने का सुझाव दिया






*चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (ISP) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसंबर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है।*

## खजुराहो एयरपोर्ट बना देश का नंबर 1 हवाई अड्डा

### यात्री संतुष्टि सर्वे में दिल्ली-मुंबई को पीछे छोड़ा




खजुराहो

खजुराहो एयरपोर्ट ने देश के सभी हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए नंबर 1 स्थान हासिल किया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा जारी 2025 के कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे में खजुराहो एयरपोर्ट को यात्रियों की संतुष्टि के आधार पर शीर्ष स्थान दिया गया। इस सर्वे में यात्रियों ने सुविधाओं और स्टाफ के व्यवहार के लिए इसे सर्वोच्च अंक दिए। एएआई के कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे राउंड 2 में एयरपोर्ट का मूल्यांकन स्वच्छता, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं जैसे मानकों पर किया गया। सर्वे में यात्रियों से एयरपोर्ट स्टाफ के व्यवहार और उपलब्ध सुविधाओं पर प्रतिक्रिया ली गई। आंकड़ों के अनुसार स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा के हर पैमाने पर खजुराहो एयरपोर्ट को उच्चतम अंक प्राप्त हुए।

### यात्रियों ने सुविधाओं की सराहना की

यात्रियों ने खजुराहो एयरपोर्ट की साफ-सफाई, प्रतीक्षा क्षेत्रों में बैठने की सुविधा, सामान वितरण की तेज व्यवस्था और सुरक्षित माहौल की तारीफ की। एयरपोर्ट स्टाफ का मददगार रवैया भी इसे शीर्ष स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण रहा।


### यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा रही प्राथमिकता

एयरपोर्ट डायरेक्टर संतोष सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरी टीम के बेहतर तालमेल और सेवा गुणवत्ता को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा से यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा रही है।

## दिल्ली कार ब्लास्ट में 40 किलो विस्फोटक इस्तेमाल हुआ : शाह

### पहलगाम हमला देश को बांटने की साजिश थी

नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट में करीब 40 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां हर पहलू से जांच कर रही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के जरिए आतंकियों का मकसद देश में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना था, लेकिन उनकी यह साजिश नाकाम हुई। उन्होंने साफ कहा कि भारत ऐसी कोशिशों को कभी सफल नहीं होने देगा। नई दिल्ली में आयोजित एंटी-टेररिज्म कॉन्फ्रेंस-2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में शाह ने कहा कि केंद्र सरकार संगठित अपराध और आतंकवाद के खिलाफ 360 डिग्री अटैक करने के लिए एक ठोस एक्शन प्लान ला रही है। इसके तहत आतंक के हर नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाएगा। शाह ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों (DGP) से अपील की कि पूरे देश में पुलिस के लिए एक मजबूत और बहुत जरूरी कॉमन एंटी टेरर स्क्वॉड (ATS) स्ट्रक्चर जल्द से जल्द लागू किया जाए।

## वीर बाल दिवस: देश के 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

नईदिल्ली




वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। आज दिल्ली आने की वजह से वे विजय हजारे टूर्नामेंट में मणिपुर के खिलाफ मैच नहीं खेल रहे हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। पीएम मोदी ने भी विजेता बच्चों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जेन जी और जेन अल्फा ही हमें विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं।

## योगी ने माघ मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा की

लखनऊ

प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विस्तृत समीक्षा बैठक की. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी भी तरह का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा. उन्होंने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, सामाजिक अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है. श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि माघ मेले से जुड़े सभी विभागों के प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी तथा अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था स्वयं मेला क्षेत्र में जाकर तैयारियों की समीक्षा करें. उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर तक सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं.

## अनुकंपा नियुक्ति के लिए बेटे ने की पिता की हत्या

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले से रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक खबर सामने आई है। चांदी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव में झारखंड पुलिस के चालक हवलदार पशुपतिनाथ तिवारी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उनके ही सगे बेटे ने पैसे और नौकरी के लालच में कर दी। पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि पशुपतिनाथ तिवारी की सेवानिवृत्ति अगले साल 31 जनवरी 2026 को होने वाली थी। आरोपी बेटे विशाल तिवारी को लगा कि अगर पिता की मौत सेवाकाल के दौरान हो जाती है, तो उसे अनुकंपा के आधार पर झारखंड पुलिस में सरकारी नौकरी मिल जाएगी। साथ ही, वह अपने पिता की संपत्ति को भी अकेले हथियाना चाहता था। भोजपुर पुलिस के अनुसार, विशाल ने अपने पिता को रास्ते से हटाने की साजिश बहुत पहले ही रच ली थी।

## नाइजीरिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर अमेरिका की एयरस्ट्राइक

### मारे गए आतंकियों को क्रिसमस की बधाई, ये ईसाइयों की हत्या कर रहे: ट्रम्प

वॉशिंगटन डीसी



अमेरिका ने गुरुवार रात नाइजीरिया में आतंकी संगठन ISIS के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प का आरोप है कि यहां ISIS ईसाइयों को निशाना बनाकर बेरहमी से हत्या कर रहा है। उन्होंने ISIS आतंकियों को आतंकी कचरा बताते हुए लिखा कि यह संगठन लंबे समय से निर्दोष ईसाइयों की हत्या कर रहा है। ट्रम्प के मुताबिक इस ऑपरेशन में अमेरिकी सेना ने कई परफेक्ट स्ट्राइक कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि अमेरिका कट्टर इस्लामी आतंकवाद को पनपने नहीं देगा। पोस्ट के अंत में ट्रम्प ने लिखा- सभी को क्रिसमस की बधाई, मारे गए आतंकियों को भी। अगर ईसाइयों की हत्याएं जारी रहीं, तो आगे और भी आतंकी मारे जाएंगे।

**डॉक्टरों का दावा** इससे दिल की बीमारी बढ़ी; हल ढूंढने में काफी देर हो चुकी

## प्रदूषण भारत का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट

नईदिल्ली

भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। ब्रिटेन में काम करने वाले भारत के कई सीनियर डॉक्टरों ने बातचीत में यह दावा किया है। डॉक्टरों ने कहा कि आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। डॉक्टरों ने कहा कि पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट (फेफड़ों के डॉक्टर) और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा




कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। गौतम के पास यूके की नेशनल हेल्थ में 20 सालों से ज्यादा का अनुभव है।

**मनीष गौतम कहते हैं-**
**भारत में प्रदूषण नियंत्रण और रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण कदम पहले से मौजूद हैं, लेकिन वे अब इस रोक पाने के लिए अपने आप में काफी नहीं हैं। उत्तर भारत में रहने वाले लाखों लोगों में नुकसान पहले ही हो चुका है। जो इलाज हो रहा है, वह समस्या का केवल एक छोटा हिस्सा है।**

### डॉक्टर बोले- हल्की खांसी, सिरदर्द जैसे लक्षण गंभीर बीमारियों के संकेत

लंदन के सेंट जॉर्ज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ) राजय नारायण ने कहा कि वायु प्रदूषण से हृदय, सांस, न्यूरोलॉजिकल और अन्य बीमारियों के बीच संबंध को लेकर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई में देरी से स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

## यूपी में एसआईआर से 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे

लखनऊ

यूपी में स्ढ्ढक्रयानी वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम पूरा हो गया। प्रदेश में 2.89 करोड़ वोटर्स के नाम कट गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- SIR होने से पहले यूपी में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता थे। 26 दिसंबर को पहले चरण के तहत गणना पत्र जमा करने और डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हुआ है। अब तक 2.89 करोड़ मतदाता कम हुए हैं। फाइनल आंकड़े और ड्राफ्ट लिस्ट 31 दिसंबर को जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार 1.26 करोड़ वोटर्स ऐसे हैं, जो यूपी से बाहर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं। 45.95 लाख वोटर्स की मौत हो चुकी है। 23.32 लाख डुप्लीकेट हैं। 84.20 लाख लापता हैं और 9.37 लाख ने फॉर्म जमा नहीं किया है। यूपी में 15 दिन की समय अवधि बढ़ने से करीब दो लाख मतदाता बढ़े हैं। इससे पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की SIR ड्राफ्ट वोटर लिस्ट आ चुकी है। इनमें 3.69 करोड़ वोटर्स के नाम हटे हैं। इनमें एमपी में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 3.10 लाख वोटर्स, पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, गोवा में 11.85 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख नाम कटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## रेन बसेरा का रिनोवेशन कार्य शुरू



**सागर,आचरण।** डॉ हरि सिंह गौर मुख्य बस स्टैंड आश्रम स्थल अर्थात रेन बसेरा का रिनोवेशन कार्य चल रहा है जो पूर्णता की ओर है यहां के नए प्रभारी आशुतोष सोलंकी ने बताया कि पूरे भवन की रंगाई पुताई कर दी गई है पानी की टंकी बदलकर नयी रख दी है राजघाट का नल कनेक्शन लगवा कर दरवाजे इत्यादि की मरम्मत कर दी गई है पुरुष एवं महिला प्रसाधन कक्ष में पानी की पृथक पृथक व्यवस्था टंकी की अतिरिक्त भी की गई है नए गद्दे चादर तकिए एवं कंबल उपलब्ध करा दिए गए हैं तथा अन्य आवश्यक कार्य भी कराई जा रहे हैं। अपितु देखा जा रहा है कि यहां स्थान की कमी है और कई लोगों ने या स्काई निवास बना रखा है अगर दीनदयाल रसूल को नोटरी क्लब जैसी अन्यत्र व्यवस्था कर दी जाए तो ठहरने वालों को ज्यादा स्थान उपलब्ध हो सकेगा प्रभारी बदलने से कुछ व्यवस्था तो बदली है किंतु अन्य अधीनस्थ पाली प्रभारी वर्षों से यहीं जमे हुए हैं जिनके कारण व्यवस्थाएं सुचारू नहीं हो पा रही हैं नगर निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## जैन मिलन मकरोनिया का कम्बल वितरण अभियान जारी



**सागर,आचरण।** भारतीय जैन मिलन शाखा मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 ने इस कड़ कड़ाती ठंड में अपने द्वितीय चरण में कंबल वितरण का अभियान जारी रखा। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को सिद्धक्षेत्र मदनपुर उ.प्र जाकर के मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों,मज़दूरों एवं जरुरतमंदों को ऐसी भीषण ठंड में कम्बलों , ऊनी स्वेटर , साड़ी एवं अन्य पेंट शर्ट जैसे कपड़ों का वितरण कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। जैन मिलन के सदस्यों ने सर्व प्रथम मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन कर तीर्थ बंदना की तत्पश्चात कम्बलों का वितरण किया।
सुरेश जैन ने बताया कि यह कार्य जैन मिलन के सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है।इससे असहाय और गरीब लोगों को ठंड से राहत मिलेगी तथा शीघ्र ही तीसरे चरण में अतिशय क्षेत्र ईशुरवारा में कम्बलों के साथ साथ ऊनी कपड़ों का भी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुरेश जैन बीज निगम, राजेश जैन प्राचार्य, निशीकांत सिंघई,विजय जैन अरिहंत ज्वेलर्स , संजय शक्कर, रविंद्र जैन, हेमचंद्र जैन,पी सी जैन, डाल चंद्र जैन, आनंद जैन, अनिल जैन, प्रसून जैन, महेश, दिनेश, आलोक, मनोज, सुनील के साथ साथ मैनेजर एवं स्टाफ उपस्थित था।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सागर,आचरण।** कर्रापुर नगर के पी एल पी कान्वेंट स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डांस जी एस चौबे एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजू भाईसाहब ने शुभारंभ किया।
इस अवसर पर डां सजय जैन ,डा अर्चना जैन नाड़ी रोग विशेषज्ञ
डां संदीप जैन दंत चिकित्सक,डा अमित जैन ,डा लखन पटैल,डांस धर्मचंद जैन आयुर्वेदिक, ने परामर्श दिया साथ ही लगभग 300 लोगों को सामान्य चिकित्सा का लाभ हुआ । इस अवसर पर डॉ. जी एस चौबे ने संशोधित करते हुए कहा कि अगली बार सभी प्रकार की जांच एक्स-रा मशीन सब यहां शिविर में उपलब्ध करायें जाएंगे शिविर में ब्लड प्रेशर शुगर की जांचें एवं दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई । इस अवसर पर रामबाबू सिंह, सुखलाल प्रजापति सत्येन्द्र सिंह, सुनील विश्वकर्मा, सुशील सेन एम आर एवं पत्रकार बंधु समेत स्कूल संचालक राजेश प्रजापति एवं प्रिंसिपल इरम हुसैन उपस्थित रहीं

# घर के भीतर 'जाम' छलकाने के देने होंगे 500 रु., बिना लाइसेंस 'चीयर्स' से हो सकती है परेशानी

**आचरण संवाददाता**

सागर। अगर आप नए साल के जश्न में या शहर के किसी मैरिज गार्डन में अपनी पसंदीदा ब्रांड की बोतल खोलने का मन बना रहे हैं, तो रुकिए! अपनी जेब और कानूनी दस्तावेजों को जरा गौर से देख लीजिए। आबकारी विभाग ने अब 'जाम' छलकाने के शौकीनों के लिए नियम जारी कर दिए हैं कि बिना सरकारी पर्ची (लाइसेंस) के एक घूंट भी आपको हवालात की हवा खिला सकता है। हाल ही में जारी सर्कुलर के अनुसार, विभाग ने एफएल-5 (आकस्मिक लाइसेंस) की दरों और नियमों को सार्वजनिक किया है। मजेदार बात यह है कि आबकारी विभाग अब तक इन नियमों को 'तिजोरी' में बंद करके रखता था, पर अब सख्त निर्देश हैं कि अवैध ढंग से शराब परोसने वालों पर शिकंजा कसा जाए।

### लाइसेंस की नई रेट लिस्ट, घर से लेकर बड़े जलसों तक

आबकारी विभाग ने पहली बार वाणिज्यिक आयोजनों के लिए भारी-भरकम फीस का स्लैब पेश किया है। अब तक पहले तीन स्लैब तो चर्चा में थे, लेकिन अब दो नई कैटेगरी ऐसी जुड़ी हैं कि आयोजकों को अपना नफा-नुकसान दोबारा देखना होगा। खैर, अगर आप अपने घर के भीतर या लॉन, छत पर चंद दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे हैं, तो इसके लिए 500 रु. जमा कर एक दिनी लाइसेंस लेना होगा। अगर शादी-ब्याह, जन्म, एनिवर्सरी जैसा आयोजन आप किसी



मैरिज हॉल में कर रहे हैं तो इसके लिए 5000 रु. फीस लगेगी। जबकि लॉजिंग-बोर्डिंग व भोजन परोसने की सुविधा देने वाले होटल, रेस्टोरेंट के लिए यही एक दिनी लाइसेंस 10 हजार रु. में मिलेगा।

### इवेंट्स के लिए 50 हजार रु. से 2 लाख तक रहेगी फीस

आबकारी विभाग ने बड़े आयोजनों (कमर्शियल इवेंट्स) को भी नहीं बख्शा है। सागर समेत पूरे प्रदेश में होने वाले बड़े संगीत कार्यक्रमों या इवेंट्स के लिए नई दरें लागू की गई हैं। अगर कार्यक्रम में अधिकतम 500 लोग तक आ रहे हैं तो 25 हजार रु., 500 से 1 हजार तक लोग आ रहे हैं तो 50 हजार रु., एक हजार से दो हजार तक 75 हजार और 2,000 से 5,000 लोग आ रहे हैं, तो आपको 1 लाख रुपये की लाइसेंस फीस देनी होगी। अगर भीड़ 5,000 से ज्यादा है, तो यह फीस सीधे 2 लाख रुपये प्रतिदिन हो जाएगी। यह पहली बार है जब विभाग ने इतनी बड़ी रकम वाली कैटेगरी को आधिकारिक तौर पर शामिल किया है।

### सिर्फ नए साल के लिए नहीं, सदाबहार है ये नियम

अक्सर लोग समझते हैं कि ये पाबंदियां सिर्फ 31 दिसंबर के लिए हैं। लेकिन सच ये है कि यह व्यवस्था साल के 365 दिन लागू रहती है। आप किसी भी तारीख को पार्टी करें, आपको ऑनलाइन पोर्टल eaabkari.mp.gov.in पर जाकर ओटीपी के जरिए अपना लाइसेंस जेनरेट करना होगा। जानकारों का कहना है कि इस पूरी कवायद के पीछे सरकार का असली मकसद लोगों को उन असुरक्षित और अवैध ठिकानों से दूर रखना है जहाँ छिप-छिपाकर शराब परोसी जाती है। विभाग का स्पष्ट कहना है कि केवल उन्हीं होटलों या ढाबों पर शराब का सेवन करें जिन्हें विभाग ने अनुमति दी है। आबकारी विभाग की टीमें अब होटलों और ढाबों पर औचक निरीक्षण करेंगी। अगर आप बिना लाइसेंस वाले परिसर में 'गिलास' टकराते पकड़े गए, तो जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

## शराब पीने के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**आचरण संवाददाता**

सागर। मोतीनगर थाना पुलिस ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि बुधवार को शास्त्री वार्ड निवासी फरियादी लीलाधर पिता रामसिंह यादव थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें फरियादी ने बताया कि वह पूर्व में फोनपे कंपनी में कार्यरत था एवं वर्तमान में भारत-पे कंपनी में कार्य करता है। बुधवार की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गल्ला मंडी चौराहा के आगे पगारा रोड पर पहुंचा तभी आज़ाद अहिरवार, देवेन्द्र अहिरवार एवं उनका एक अन्य साथी मोटरसाइकिल से आए और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगे। जब फरियादी द्वारा पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उसे गालियां देने शुरू कर दिया साथ ही आरोपी आज़ाद अहिरवार ने हाथ में लिए डंडे से उसके साथ मारपीट कर दी। डंडा लगने से वह जमीन पर गिर गया। जिसके बाद सभी आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। उक्त रिपोर्ट पर धारा 296 (ए), 119 (1), 115 (2), 351 (3), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी देवेन्द्र पिता हरिश्चंद अहिरवार, प्रशनप्रकाश पिता कुंदनलाल अहिरवार दोनों निवासी ग्राम पगारा तथा एक 17 वर्षीय अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया।

## वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**सागर,आचरण।** कृषि विज्ञान केंद्र सागर एवं कृषि विज्ञान केंद्र बिजौरा की संयुक्त वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (SAC) की बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो. डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक विस्तार सेवाएं, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा की गई। बैठक का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र सागर में किया गया। इस अवसर पर डॉ. के.एस. यादव, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र सागर द्वारा खरीफ एवं रबी 2025 की प्रगति प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र बिजौरा के प्रभारी डॉ. ए.के. त्रिपाठी द्वारा भी खरीफ एवं रबी 2025 की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई। आटारी जबलपुर से डॉ. रजनीश श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव दिए गए।

## बीएमसी में HbAvc मशीन का शुभारंभ, मधुमेह की जांच अब होगी आसान

**आचरण संवाददाता**

सागर। बीएमसी में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए शुक्रवार को मधुमेह (Diabetes) की सटीक जाँच के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण HbAvc मशीन का शुभारंभ किया। इस मशीन के आने से अब मरीजों को पिछले दो - तीन महीनों के औसत शुगर लेवल की सटीक जानकारी मिल सकेगी, जो बीमारी के सही प्रबंधन के लिए अनिवार्य है।बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रयोगशाला में मधुमेह (Diabetes) के मरीजों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण जाँच – HbAvc मशीन का आगाज़ हुआ। इस मशीन का लोकार्पण कॉलेज के डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. अरोड़ा, डॉ. अमर गंगवानी, डॉ अनेकांत जैन, डॉ उमेश पटेल , डॉ अश्वनी सोनकर ,डॉ रचिश चौपड़ा ,लैब टेक्नीशियन कविता जायसवाल तथा एचएएल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस सुविधा के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता



व्यक्त की और इसे मरीजों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विभाग अध्यक्ष डॉ आरके अरोरा ने कहा कि HbAvc जाँच मधुमेह रोगियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह रक्त में शुगर के स्तर का मात्र तत्काल नहीं बल्कि पिछले 2-3 महीनों का औसत नियंत्रण दर्शाती है।
मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि यह जांच डॉक्टरों को रोगियों की बीमारी के नियंत्रण का सटीक आकलन करने, उपचार की प्रभावशीलता जानने तथा आगे की उपचार योजना तय करने में बड़ी सहायता प्रदान करती है। इस अवसर पर डीन डॉ पीएस ठाकुर ने कहा कि इस आधुनिक एवं अत्याधुनिक जांच सुविधा के प्रारंभ होने से बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में आने वाले मधुमेह रोगियों को बेहतर, सटीक तथा विश्वसनीय जांच उपलब्ध होगी तथा उनके उपचार प्रबंधन को और अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक आधार मिलेगा।
यह सुविधा मरीजों के लिए एक बड़ी राहत और स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को ऊँचा उठाने की दिशा में सराहनीय पहल है।

## आज होगी स्वदेशी मेला में 287 ग्रीन टी की लांचिंग

**सागर,आचरण।** स्वदेशी मेला में 287 मेरी चाय पर हर एक किलो पैक के साथ ईनामी उपहार यह सिर्फ मेले में ही उपलब्ध है शनिवार को 287 ग्रीन टी की लांचिंग भी मेन स्टेज से शाम 6 बजे होगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन एवं लांचिंग सेरेमनी लीगल राइट कौंसिल की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अनुश्री जैन के करकमलों द्वारा की जाएगी । प्रोडक्ट लांचिंग टीम भोपाल से आ रही टीम के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों के साथ की जाएगी जहाँ अनेक तरह के आकर्षण होंगे । 287 मेरी चाय कंपनी के डायरेक टर सुरेंद्र जैन ने बताया कि ग्रीन टी की सागर जिले में सरलता से उपलब्ध नहीं हो पाती थी अब प्रयास होगा कि शहर के सभी लीडिंग ग्रोसरी स्टोर्स में उपलब्ध हो ।यह ग्रीन टी भी 287 मेरी चाय की तरह एक क्वालिटी उत्पाद होगा जैसा कि आप सभी को विदित है कि कंपनी द्वारा गुणवत्ताउन्मुखी उत्पाद ही निर्मित और विक्रय किया जाते है ।अभी स्वदेशी मेले में अनेक उपहार 287 मेरी चाय में प्रदान किया जा रहे है ।सागर संभाग में लगभग 6 लाख लोग प्रतिदिन 287 मेरी चाय का इस्तेमाल करते है ।यह उत्पाद ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरा है और उच्च क्वालिटी की बेहतर परंपरा को प्रतिपादित करता है ।

## स्वच्छता से स्वास्थ्य तक की दौड़, आईएमए और ननि की संयुक्त मैराथन का शुभारंभ




**आचरण संवाददाता**

सागर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा और सागर नगर निगम के संयुक्त आयोजन में स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वच्छ भारत मैराथन का भव्य प्रीमियर लॉन्च शुक्रवार को संपन्न हुआ। यह मैराथन रविवार 18 जनवरी 2026 को सागर शहर में खेल परिसर से शुरू होगा और बस स्टैंड, डिग्री कॉलेज, जैन स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड, तिल्ली तिराहा, मनोरमा कॉलोनी से होता हुआ वापस खेल परिसर में अंत होगा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर नगर निगम के आयुक्त राजकुमार खत्री ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्वच्छ भारत अभियान को नई ऊर्जा देगा तथा सागर के आम नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री खत्री ने बताया के स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इस मैराथन के माध्यम से हम शहरवासियों को स्वच्छता की आदतें अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि आईएमए द्वारा इस तरह के आयोजन सागर में स्वास्थ्य को दिनचर्या का हिस्सा बनाने में लंबे समय तक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने बताया के यह मैराथन शहर की बड़ी आबादी को सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर, सुरक्षित मातृत्व, क्षय रोग जैसे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि सागर के हर नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनाया जाए और स्वस्थ भारत का सपना साकार हो। यह मैराथन विभिन्न श्रेणियों में आयोजित की जाएगी, 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी जिसमें सभी उम्र के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। आईएमए की ओर से सभी श्रेणी के विजेता को नकद पुरस्कार, मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। सभी श्रेणी के प्रथम 50 प्रतिभागी जीतने वालों को मेडल मिलेगा और सभी रजिस्टर्ड प्रतिभागी जो प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उनको सर्टिफिकेट मिलेगा। रजिस्ट्रेशन सभी के लिए मुफ्त है। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद इलयास, डॉ. आदित्य दुबे, डॉ. संतोष, गौरव, अरविंद सोनी और बड़ी संख्या में निगम कर्मचारियों ने भाग लिया।

## पिकअप वाहन से ले जाई जा रही 32 पेटी अवैध शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**सागर,आचरण।** रहली थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक पिकअप वाहन से ले जाई जा रही 32 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन क्रमांक एमपी 28 जेडडी 1291 को रोका गया। वाहन रोककर उसकी तलाशी लेने पर वाहन से 32 पेटी अवैध शराब जब्त हुई। मौके पर वाहन चालक एवं उसके साथी को हिरासत में लिया गया। प शराब परिवहन करने के संबंध में लाइसेंस पूछने पर उन्होंने नहीं होना बताया। जिसके बाद पुलिस अवैध शराब और वाहन को जब्त कर लिया। पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत करबी 1 लाख 60 हजार और पिकअप वाहन की कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई।

## जन अभियान परिषद सागर की संभागस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**आचरण संवाददाता**

सागर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आज कमिश्नर कार्यालय सभागार सागर में आयोजित की गई। बैठक परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड़ की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई एवं परिषद के सांस्कृतिक सलाहकार अतुल निझावन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात अतिथियों का शॉल एवं साहित्य से स्वागत किया गया। तत्पश्चात संभाग समन्वयक सागर दिनेश कुमार उमरैया के द्वारा बैठक का एजेंडा रखते हुए अतिथियों का शब्दातीत स्वागत किया। समीक्षा बैठक में सागर संभाग के सागर से के के मिश्रा, दमोह से सुशील नामदेव, छतरपुर आशीष ताम्रकार, पन्ना से सुश्री अनीता जाटव एवं टीकमगढ़/निवाड़ी के जिला समन्वयक एवं 37 विकासखंड के विकासखंड समन्वयकों की उपस्थिति रही। बैठक का प्रारंभ जिला समन्वयक के द्वारा जिलावार पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया। जिला प्रस्तुति के साथ विकासखंडों के समन्वयकों ने अपने विकासखंड में किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन एवं उत्कृष्ट,नवाचारों को प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक डॉ लाड़ ने प्रत्येक जिला एवं विकासखंड के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका में है जन अभियान परिषद इस कार्य को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए परिषद के क्षेत्रीय अमले के रूप में पदस्थ जिला,विकासखंड समन्वयकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद ने सामाजिक सरोकार के समस्त विषयों पर शासन एवं जन आकाक्षाओं के अनुरूप अभिनव कार्य किये हैं। जिनका प्रभाव समाजिक जीवन में परिलक्षित भी हो रहा है। परिषद के समन्वयकों को निरंतर भ्रमण, किए जा रहे कार्यों की दैनिक रिपोर्टिंग के साथ पोर्टल पर अपडेशन, समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया पर बेहतर प्रस्तुतीकरण किया जाना चाहिए, प्रस्फुटन एवं नवांकुर परिषद की नींव है और समन्वयक परिषद की रीढ़ की भूमिका निभा रहे है। भविष्य में परिषद के नेटवर्क को मजबूत करते हुए बढ़ाने के कार्य करना है । सीएमसीएलडीपी छात्रों को भी क्लास में गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय करते हुए उपस्थिति बढ़ाने का कार्य करना करना जिसके लिए जिला/विकासखंड समन्वयकों को सतत् संपर्क एवं भ्रमण करना आवश्यक है तभी मजबूत और स्थाई नेटवर्क खड़ा हो पाएगा।
परिषद के सांस्कृतिक सलाहकार अतुल निझावन ने संबोधित करते हुए कहा कि परिषद का नेटवर्क सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी है। इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है और इसमें परिषद के मैदानी अमले की कड़ी मेहनत है। धैर्य के साथ जो काम हम कर सकते है वहीं करें, समाज को कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए संगठित रूप से कार्य को बढ़ाने का कार्य करें, आज भी समाज और सामाजिक संस्थाओं में समाज के प्रति कार्य करने के लिए जागृति की आवश्यकता है, लक्ष्य के अनुरूप शासन का कार्य करना और संवेदनाओ के साथ समाज से जुड़कर संस्थाओं के विकास का कार्य करना हमारे मूल में होना चाहिए , देश पहले शेष सब बाद में हो यह सोच प्रत्येक व्यक्ति संस्था की होनी चाहिए क्योंकि देश हमें देता है सब कुछ ,हम भी तो कुछ देना सीखें इस गीत की प्रेरक पंक्तियों के साथ सभी को मार्गदर्शित करते हुए समन्वयकों में ऊर्जा का संचरण किया। बैठक में स्वागत, स्वागत उद्बोधन एवं प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया, सलाहकार का स्वागत के.के. मिश्रा ने एवं प्रारंभिक संचालन विकासखंड समन्वयक जय सिंह ठाकुर ने किया, बैठक की समस्त व्यवस्थाओं में संभाग,जिला कार्यालय के कार्यालयीन स्टाफ ने पूर्ण सहयोग किया।

## तीन थाना प्रभारियों के हुए स्थानांतरण, गोपालगंज थाना के नए प्रभारी होंगे निरीक्षक घनश्याम शर्मा

**आचरण संवाददाता**

सागर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से शुक्रवार को एक आदेश जारी हुआ। जिसमें तीन निरीक्षकों को अस्थाई रूप से अग्रिम आदेश तक के लिए स्थानान्तरित किया गया है। जिसमें गोपालगंज थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह कुशवाह को रक्षत केन्द्र भेज दिया गया है। उनके स्थान पर भानगढ़ थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा को गोपालगंज थाना के कमान सौंपी गई है। वहीं केसली थाना प्रभारी हरीराम मानकर को केसली थाना से देवरी थाना प्रभारी बनाया गया है।

## श्री गणेश जी की भक्ति से होता है सभी चिंताओं का नाश: ऋषि महाराज

**आचरण संवाददाता**

सागर। मॉडल स्कूल ग्राउंड में आयोजित श्री गणेश महापुराण कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास पंडित श्री ऋषि महाराज पटकुई वालों ने भक्तों को गणेश भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अज्ञातवास के समय पांडवों को भगवान श्री गणेश की कथा सुनाकर उनकी उपासना करने का संदेश दिया था। गणेश जी की भक्ति से समस्त चिंताओं का नाश होता है और जब भगवान गणेश कृपा करते हैं, तब संसार भी सहयोगी बन जाता है। कथा में मध्यप्रदेश के सागर निवासी पंडित गोपाल भार्गव जी का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वे भगवान श्री गणेश के अनन्य भक्त हैं और गणेश उपासना की विधियों का गहन ज्ञान रखते हैं। शास्त्रों में भक्ति और माता की महिमा को अपार बताया गया है।
कथाव्यास ने बताया कि उपासना का अर्थ समीप बैठना और संगत करना है, क्योंकि संगत से व्यक्ति के आचरण में परिवर्तन आता है। गणेश पुराण के दो खंड–क्रीड़ा खंड



एवं उपासना खंड हैं, जिनमें उपासना खंड का विशेष महत्व बताया गया है। भगवान गणेश के 12 स्वरूपों की उपासना से ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है। महर्षि च्यवन और राजा सोमकांत के संवाद का उल्लेख करते हुए बताया गया कि मनुष्य के कर्म ही उसका भाग्य निर्धारित करते हैं, इसलिए अच्छे कर्मों के द्वारा जीवन यापन करना चाहिए। कथा में सिंदूर की उत्पत्ति और महत्व का भी वर्णन किया गया। प्रत्येक बुधवार को गणेश जी को नीचे से ऊपर की ओर सिंदूर अर्पित कर पूजन करने से उन्नति और यश की प्राप्ति होती है। गणेश पुराण में वर्णित कथा अनुसार माता पार्वती की रक्षा करते हुए भगवान गणेश ने अपनी बुद्धिमत्ता से सिंदूर का नाश किया। शास्त्रों के अनुसार–घर की नकारात्मकता दूर करने हेतु गणेश अथर्वशीर्ष, लक्ष्मी प्राप्ति के लिए श्रीसूक्त, न्याय संबंधी बाधाओं के निवारण हेतु सुंदरकांड तथा रोग शांति के लिए दुर्गा सप्तशती पाठ का महत्व बताया गया।तीन गणेश जी का 41 दिन पूजन राजश्री जीवन प्रदान करता है, वहीं 7, 8 और 9 गणेश जी की उपासना जीवन को सफल बनाती है।आज की कथा के यजमान कंचन सोमेश जड़िया (पार्षद) एवं उनका परिवार रहे।प्रसादी की व्यवस्था श्री कार्तिक गोपाल जुडेले एवं माधव कटारे मित्र मंडली द्वारा की गई।कल की कथा के यजमान पंडित माधव नंदा कटारे परिवार रहेंगे। कथा समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा। आज की कथा में बद्री प्रसाद शुक्ला लालजी ददरया , नीरज ददरया , सत्यनारायण डांगरी रवि शंकर दरिया गायत्री डांगरी गीता सपोलिया विकास राजपूत प्रताप सिंह घोसी गोपाल तिवारी ललित गुप्ता भागवत गुप्ता पंडित माधव कटारे सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### देश के आर्थिक संकटमोचन को कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया याद



**सागर,आचरण।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर तीनबत्ती स्थित कार्यालय मे पुष्पांजलि अर्पित की। जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे कहा कि जब भारत आर्थिक मंदी और संकट के दौर से गुजर रहा था,तब डॉ. मनमोहन सिंह ने संकटमोचक बनकर देश को इससे उबारा। उन्होंने 1991 की दूरदर्शी उदारीकरण नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि इसी के चलते आज भारत दुनिया की चौथी आर्थिक महाशक्ति है। श्रद्धांजलि सभा में मोहम्मद अनीस प्रवीण यादव,अंकुर यादव,परख शुक्ला,रवि जैन,राकेश जैन,तरूण सैनी,आकाश नामदेव संजय टंडन छोटू तिवारी अनु घोषी सहित सेवादल परिजन उपस्थित थे।

### अवैध मसाला चक्की पर कार्रवाई, मिलावटी लाल मिर्च जब्त, नमूने जांच हेतु भेज



**सागर,आचरण।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार नमूना लेने एवं जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बमोरी रेगुंवा में बिना लाइसेंस संचालित एक मसाला चक्की पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान मसाला चक्की में एक कुंटल खड़ी लाल मिर्च में गेहूं का आटा एवं अखाद्य रंग जैसे पदार्थ मिलाकर पिसाई किए जाने की पुष्टि हुई। यह पिसाई सामग्री विनोद गुप्ता की बताई गई, जबकि मसाला चक्की नंदलाल चढ़ार की होना पाया गया। उक्त दोनों विक्रेताओं के पास आवश्यक फूड सेफ्टी लाइसेंस नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी मिश्रण के नमूने संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही 98 किलो लाल मिर्च चूर्ण एवं अखाद्य् रंग का मिश्रण जप्त किया गया।

# डॉ. गौर और मालवीय जी दोनों राष्ट्र विभूति हैं: रघु ठाकुर

## डॉ. गौर और मालवीय जी दोनों का शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान: प्रो. वाय. एस. ठाकुर

**आचरण संवाददाता**

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के रंगनाथन सभागार में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के यशस्वी संस्थापक भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन मालवीय जी की जयन्ती और प्रख्यात शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, कवि, मनीषी, प्रखर वक्ता ,सागर के अमर सपूत,सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. सर हरि सिंह की पुण्य तिथि को विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद् एवं मालवीय मंच सागर के संयुक्त तत्त्वावधान में 'गौर-मालवीय : पुण्य-उदय' कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।



देश के प्रख्यात गांधीवादी चिन्तक रघु ठाकुरने 'गौर-मालवीय : व्यक्ति,सृष्टि और दृष्टि' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान देते हुए कहा कि सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ हरीसिंह गौर और काशी विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पंडित मदनमोहन मालवीय दोनों ही भारत वर्ष की राष्ट्र विभूति हैं। यह गर्व की बात है कि गौर साहब और मालवीय जी दोनों का सीधा संबंध मध्य प्रदेश से है, डॉ. गौर सागर के सपूत हैं तो मदनमोहन मालवीय जी के पूर्वज भी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र से चलकर काशी तक पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि दोनों ही राष्ट्र विभूतियों ने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के उन्नयन का मार्ग चुना था। इसके लिए मालवीय जी ने जन सहयोग से वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी जो सर्व विद्या की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध हुई, वहीं डॉ. गौर मध्य प्रदेश के सागर जैसे पिछड़े हुए क्षेत्र में स्वयं द्वारा अर्जित धन राशि से सागर विश्वविद्यालय की स्थापना कर बुंदेलखंड में शिक्षा की अलख जगाई थी,

उन्होंने कहा कि धन का संग्रह, धन का उपयोग और धन का मितव्ययिता से खर्च करना मालवीय जी के व्यक्तित्व कि विशेषता रही है , डॉ. गौर केव्यक्तित्व में भी मालवीय जीइस गुण धर्म की समानता परिलक्षित होती है, उनकी मितव्ययिता उनके व्यक्तित्व की विशेष पहलू रहा है। दोनों ही महापुरुष विधि के क्षेत्र के महारथी थे। गौर साहब ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में संविधान निर्माण में योगदान देते हुए नागरिकों के अधिकारों के सजगता पर जोर दिया तो महामना मालवीय जी ने स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न कानूनी लडाइयों को अदालत में मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए सफलता दिलाई । रघु ठाकुर ने गौर - मालवीयः व्यक्ति, श्रृष्टि एवं दृष्टि विषय पर प्रकाश डालते हुए डॉ. हरीसिंह गौर एवं मदनमोहन मालवीय के व्यक्तित्व कृतित्व को विस्तार से व्याख्यायित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय ने स्वरचित कविता के माध्यम से अपने व्याख्यान का आरंभ करते हुए कहा कि 'सागर में दीप जला काशी को तेज मिला, शिक्षा से स्वाधीनता का अमर सन्देश मिला' उन्होंने कहा कि गौर और मालवीय दोनों ने ही धन एवं पद का मोह छोड़कर राष्ट्र को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को गौर साहब के शरीर का भौतिक अवसान और मालवीय जी के भौतिक शरीर का अवतरण यह एक संयोग नहीं है अपितु यह संकेत है कि भारत का भविष्य शिक्षा संस्कार और राष्ट्र दृष्टि से संभव है। उन्होंने कहा कि गौर साहब का मानना था कि अगर संकल्प अडिग है तो कठिन से कठिन परिस्थितियां भी हार मान जाती है। डॉ. गौर साधारण परिवार से निकल कर अंतरराष्ट्रीय विधिवेत्ता बने तो मदनमोहन मालवीय राजनीति में रहते हुए राष्ट्रनीति को सर्वोपरि रखा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. जयंत सिंह तोमर ने डॉ. गौर एवं महामना मदनमोहन मालवीय को प्रेरणास्पद व्यक्तित्व के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवन्त सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ. गौर और मालवीय दोनों ही महापुरुषों ने जो सपने देखे उसको करके दिखाया। उन्होंने कहा कि महामना मदनमोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में महनीय योगदान के लिए भारत रत्न दिया गया। यह अत्यंत हर्ष की बात है। परन्तु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले सर्वथा उपयुक्त मनीषी डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न अभी तक नहीं प्राप्त हो पाया है, आशा है शीघ्र ही डॉ. गौर को भारत रत्न प्रदान किया जायेगा।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से अध्ययन प्राप्त एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अध्यापनरत शिक्षकों के विशिष्ट समूह मालवीय मंच सागर के कार्यक्रम का संचालन मालवीय संघ के संयोजक डॉ. शशिकुमार सिंह ने किया तथा प्रो. दिवाकर शुक्ला ने आभार ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् डॉ. हरीसिंह गौर के शिक्षकों ने श्री रघु ठाकुर को डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने के संबंध में ज्ञापन दिया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो. आर. एन. यादव, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत. प्रो. नवीन कानगो, प्रो. राजेंद्र यादव, प्रो. यू के पाटिल, प्रो. हिमांशु पांडे, डॉ. रानी दुबे, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. हिमांशु कुमार , डॉ.सी पी उपाध्याय, डॉ. अलीम अहमद खान, डॉ. दीपाली जाट, डॉ. रंजीत रजक, डॉ. रुपाली सैनी, डॉ. अभिलाषा दुर्गवंशी, डॉ. नौनिहाल गौतम, डॉ. रामहेत गौतम, डॉ. रजनीश अग्रहरी, डॉ. धनंजय विक्रम सिंह, डॉ. दिवाकर झा, डॉ. नीरज उपाध्याय, आकाश मालवीय, वीनू राणा, डॉ. यु बी एस गौर, डॉ. संजीव रावत, इंजिनियर डी के सिंह सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, शोधार्थी, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### वीर बाल दिवस पर ग्राम ढाना में परियोजना स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सागर,आचरण। वीर बाल दिवस के अवसर पर परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम ढाना में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 47 में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ढाना सरपंच सुरेंद्र तिवारी , परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वाति जैन, पर्यवेक्षक श्रीमती नेहा जैन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रामवती अहिरवार, सहायिका कंचन अहिरवार सहित ग्राम के बालक-बालिकाएं एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच सुरेंद्र तिवारी द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। वीर बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग, ड्रॉइंग, कुर्सी दौड़, कहानी एवं कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी उपस्थित ग्रामीणजनों को दिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यवेक्षक श्रीमती नेहा जैन द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया।

### किसानों को 3529 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

**सागर,आचरण।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है।

### रमेश दत्त दुबे स्मृति आयोजन 28 को

**सागर,आचरण।** हिन्दी व बुंदेली के लोकप्रिय लेखक, कवि व समालोचक स्व. रमेश दत्त दुबे का वार्षिक स्मृति आयोजन व सम्मान समारोह 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 2.00 बजे से आदर्श संगीत महाविद्यालय सागर के सभागार में आयोजित होगा. उक्त जानकारी देते हुए आयोजक संस्था श्यामलम् के अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र व श्रीमती सीमा रमेश दत्त दुबे ने बताया कि आयोजन के 12 वे वर्ष में साहित्य सरस्वती क्री संपादक सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ.लक्ष्मी पाण्डेय को सम्मानित किया जाएगा.ख्यात समाजवादी विचारक रघु ठाकुर की अध्यक्षता में होने जा रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लेखक मुकेश वर्मा,भोपाल होंगे.विशिष्ट अतिथि से. नि.प्राध्यापक डॉ.केवल जैन तथा प्रमुख वक्ता प्रोफेसर राजेंद्र यादव होंगे.म.प्र.हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर इकाई के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी संचालन करेंगे। आयोजक संस्थाओं के असीम दत्त दुबे,अभिनव दत्त दुबे,हरि शुक्ला, कपिल बैसाखिया ने सभी प्रबुद्ध जन से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### अवैध कच्ची मदिरा के अड्डों पर कार्रवाई, 1.08 लाख की सामग्री जब्त

**सागर,आचरण।** आबकारी विभाग सागर द्वारा अवैध कच्ची मदिरा निर्माण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत 20.12.2025 को खुरई क्षेत्रांतर्गत एवं 25.12.2025 को बीना क्षेत्रांतर्गत समूहिक रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान कच्ची मदिरा निर्माण के अवैध अड्डों पर छापेमारी की गई तथा ढाबों व टपरों की तलाशी ली गई।

कार्रवाई के दौरान कुल 11 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मौके से 25 पाव व्हिस्की मदिरा, 03 केन पॉवर बीयर, 36 लीटर कच्ची मदिरा एवं 985 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कब्जा लिया गया। जप्त मदिरा, महुआ लाहन एवं मदिरा निर्माण सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,08,700/- आंकी गई है।

# महाविद्यालय में एमओयू एवं प्रेजेंटेशन कार्यक्रम संपन्न

**आचरण संवाददाता**

सागर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में इंफिनिटी मैनेजमेंट कॉलेज के साथ स्टार्टअप को लेकर एमओयू साइन हुआ इस एमओयू साइनिंग से दोनों कॉलेज के मध्य स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने एवं दोनों कॉलेज के इनक्यूबेशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रमों एवं स्टार्टअप्स में किए जाने वाले कार्यों का आपसी सामंजस होगा। इस कार्यक्रम में पांच विद्यार्थी ने स्टार्टअप्स के प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये जिसमें उनके द्वारा किए जा रहे स्टार्टअप्स में कार्य एवं नवाचार को बतलाया गया एवं चयनित स्टार्टअप्स विद्यार्थी रामाशीष यादव ,श्वेत अधो , शिवानी पटेल, महक श्रीवास्तव एवं पुनीत राजपूत को सर्टिफिकेट के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत का सपना स्टार्टटप के माध्यम से पूरा होगा ऐसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी इक्छा है । इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से विद्यार्थी में स्टार्टअप एवं उद्यम को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन देने का कार्य किया जाता है दोनों कॉलेज के मध्य एमओयू होने से दोनों कॉलेज के विद्यार्थी को परस्पर लाभ मिलेगा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ जिला नोडल प्रभारी डॉ अमर कुमार जैन ने कहा की नवाचार का जन्म व्यक्तियों को सुविधाएं देने से होता है जैसे उबर जोमेटों मीसों फिलिपकार्ट जैसे कंपनिया व्यक्तियों को सामान घर पर देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है आज का वक्त स्टार्टअप्स का है जिसमें युवा उद्यमी नए-नए नवाचार करके बहुत समस्याओं का समाधान कर आवश्यकताओं की पूर्ति कम समय में एवं बचत के अनुसार कर रहे हैं जिससे भारत आज विश्व में सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स देने वाला देश बन चुका है।




इस कार्यक्रम में इंफिनिटी मैनेजमेंट कॉलेज से आए हुए डॉ राहुल सतभैया ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में इंजिनियरिंग की सारी फैक्ल्टी है जिनमें लगातार स्टार्टटप के कार्यक्रम चलाए जा रहे है जिनमें कवाड से जुगाड कार्यक्रम जैसे प्लासटिक बोतलों से मकान की दीबार बनाना बेकार लौहे से रोबोट बनाना तथा लाल मिट्टी तथा सीमेंट के मिश्रण से आदि शामिल है एमओयू होने से इस महाविद्यालय को भी लाभ मिलेंगा।

इनक्यूबेशन के स्टार्टअप ट्रेनर शुभम दुबे ने कहा की विद्यार्थी नए-नए नवाचार के साथ अलग-अलग स्ट्रीम में स्टार्टअप की दिशा में प्रोत्साहित हो रहे हैं जिससे उन्हें उद्यम एवं व्यवसाय की दिशा में ले जाया जा सके और वह भारत की इकोनामिक ग्रोथ में अपनी हिस्सेदारी निश्चित कर सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थिति रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ अमर कुमार जैन ने किया एवं आभार टी ओ पी प्रभारी डॉ प्रतिभा जैन ने माना।।

### युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आज सागर आयेंगे

**सागर,आचरण।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के सह प्रभारी रुपेश सिंह भदोरिया एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव एवं सागर जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी अपूर्व जैन एवं सह प्रभारी गौरव दीक्षित 27 दिसम्बर शनिवार को सागर जिलें के संगठनात्मक दौरे पर आ रहे हैं जो सागर पहुंचकर दोपहर 12 बजें जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय गौर मूर्ति तीन बत्ती सागर में आयोजित युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में भाग लेंगे तथा जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था बढ़ते अपराधों तथा अवैध शराब,जुआ,सट्टा अनैतिक, नशे की पनप रही कारोबार से युवा नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ अनवरत चलाए जा रहे आंदोलन तथा उन्नाव की घटना को लेकर दोपहर 2:30 बजे भगवानगंज स्थित डॉक्टर अंबेडकर साहब की प्रतिमा के समक्ष से पैदल मार्च में शामिल होकर युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे चलो पंचायत,बूथ कार्यक्रम आदि अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# "यौन उत्पीड़न रोकथाम" जागरूकता हेतु व्याख्यान

**आचरण संवाददाता**

सागर। शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर के नवीन भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा''यौन उत्पीड़न रोकथाम'' विषय पर प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी एवं प्रशासनिक अधिकारी नवीन भवन डॉ. अरविन्द बोहरे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुश्री मालती पटैल जिला समन्वयक आवाज, जन कल्याण समिति सागर एवं जिला संगठक रा.से.यो आर.सी. प्रजापति रहे। मुख्य वक्ता सुश्री पटैल द्वारा अपने व्याख्यान में कहा कि यौन उत्पीड़न आज की गंभीर एवं ज्वलंत समस्या है। घर से बाहर जब बच्ची निकलती है जो माता पिता एवं परिवार को यही चिंता रहती है कि बच्ची सकुशल घर आ जाये, परंतु लोगों की गंदी मानसिकता एवं सोशल मीडिया ने वातावरण को दूषित कर दिया है। आपके द्वारा ''यौन उत्पीड़न रोकथाम'' के लिए छात्राओं को सहयोग हेतु विभिन्न आपातकालीन हेल्प लाईन नंबर बताये, जिनमें




112, 1090, 1093, 1098 साथ ही निर्भया एप एवं मिशन शक्ति, शी-बॉक्स, की जानकारी दी। जिला संगठक रा.से.यो आर.सी. प्रजापति द्वारा छात्राओं को मानव तस्करी के बारे में बताया गया। बच्चों का अपहरण कर दुबई, पाकिस्तान, बहरीन आदि देशों में बेच दिया जाता है। साथ ही कार्य स्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न और उसके समाधान पर छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. प्रतिमा खरे द्वारा छात्राओं को रा.से.यो. से जुडकर सीखने और दूसरो को प्रेरित एवं जागरूक करने के लिए कहा। कार्यक्रम में डॉ. एम.के. मिश्रा, कु. अमिता विश्वकर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन कर रही रा.से.यो. द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना मिश्रा द्वारा छात्राओं संबोधित करते हुए कहा कि छात्राऐं अपने आपको कमजोर न समझे आपके साथ कानून एवं आपके अंदर का आत्मविश्वास भी जरूरी है। व्याख्यान उपरांत छात्राओं द्वारा प्रश्न किये गये और उनकी समस्याओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा कुशलता से किया गया। कु. मोंहनी गौड, कु. मंजू राजपूत, कु. आयशा पटैल, कु. रचना अहिरवार, कु. राधा मिश्रा एवं कु. कीर्ति रावत द्वारा छात्राओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न पर प्रश्न किये गये। भूपेन्द्र अहिरवार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# दृढ़ संकल्प की शपथ के साथ पं. रविशंकर विद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

**आचरण संवाददाता**

सागर। ई.एफ.ए. पं. रविशंकर शुक्ल शा.क.उ. मा. विद्यालय सागर आज विद्यालय में वीर बालदिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया यह दिवस सिक्खों के दसवें गुरु श्री गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की अद्वितीय वीरता और बलिदान की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन एवं साहबजादों और सरस्वतीजी की तसवीरों पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात् छात्राओं ने साहिबजादों के जीवन, साहस और धर्म के प्रति अडिग आस्था पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 164 छात्राओं ने भागीदारी की जिसमें 12 छात्राओं के निबंधों का चयन पुरुस्कार के लिए किया गया एवं 07 छात्राओं ने कविता का सास्वर वाचन किया। काजल जैन प्रथम, अनन्या चढार द्वितीय, जया अहिरवार तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



के कार्यक्रम का स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। जिसमें वीर साहिबजादों पर आधारित डाक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी द्वारा छात्राओं को वीर सहजादों की तरह परीक्षा के कठिन समय में साहस और दृढ संकल्प के साथ लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा कहानी के माध्यम से वीर बालकों के बलिदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं ने साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए देश भक्ति नैतिक मूल्यों और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शुभा मिश्रा ने उद्घोषणा कार्य किया एवं विद्यालय से श्रीमती रंजीता जैन, श्रीमती सरोज जैन, श्रीमती रितु कटारे, अशोक पटेल, जितेन्द्र रजक, श्रीमती स्वाती चौकसे, श्रीमती कीर्ति पचौरी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# अमानक खाद, बीज और उर्वरक बेचने वालों के विरुद्ध पुलिस में दर्ज कराएं प्रकरण: कमिश्नर

## किसानों को प्राथमिकता के साथ सॉयल हेल्थ कार्ड मुहैया कराएं, पराली जलाने की प्रवृत्ति के विरुद्ध किसानों को करें जागरूक

**आचरण संवाददाता**

सागर। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी कलेक्टरों, कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के विषय में किसानों को जानकारी दें तथा कृषि यंत्रों का उपयोग करने के लिए किसानों को सतत रूप से प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी कलेक्टर सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण के लिए विभागों को दिए गए लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को ताकित करें। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सागर




संभाग के सभी कलेक्टर्स, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में कमिश्नर ने खाद, बीज एवं कीटनाशकों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद, बीज और उर्वरक बेचने वाली फर्मों की सतत रूप से जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी किसानों को उच्च गुणवत्ता की खाद, बीज और उर्वरक उपलब्ध हों, यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित कराएं।

कमिश्नर ने निर्देश देते हुए कहा कि खाद, बीज, उर्वरकों और कीटनाशकों के नमूने लेने की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहनी चाहिए। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता की खाद, बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अमानक स्तर की खाद, बीज एवं उर्वरक बेचने वालों के विरुद्ध सभी कलेक्टर्स सख्त कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि अमानक स्तर की खाद, बीज एवं उर्वरक बेचने वाली फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने तथा ऐसी फर्मों के विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में लक्षित किसानों को समय-सीमा में सॉयल हेल्थ कार्डों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में किसानों द्वारा पराली जलाने के विरुद्ध प्रभावी एवं परिणाममूलक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से होने वाले नुकसान के संबंध में किसानों को जागरूक करें। बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

**मासिक वेतन पूरनमासी का चांद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते घटते लुप्त हो जाता है - प्रेमचंद**

## गहन पुनरीक्षण का काम जारी

**देश** के 12 राज्यों व केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में चुनाव आयोग मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कर रहा है जिसमें करोड़ों मतदाताओं के नामों को काटने का काम भी हो रहा है। इसे लेकर देश में विपक्षी पार्टियां शोर मचा रही हैं मगर सूचियों के शुद्धिकरण की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की ही है। संवैधानिक रूप से यह उसी की जिम्मेदारी है कि भारत के केवल वयस्क नागरिकों के नाम ही इन सूचियों में हों और एक भी वैध मतदाता का नाम न छूटे तथा नये वयस्क बने मतदाताओं के नाम इन सूचियों में दर्ज हों। अतः मतदाता सूचियों के बनाने पर किसी को भी आशंका नहीं होनी चाहिए और चुनाव आयोग को अपना काम पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करने की छूट मिलनी चाहिए। हालांकि संसद के समाप्त हुए शीतकालीन सत्र में भी इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा चुनाव सुधारों के नाम पर हुई मगर विरोधी दल यह सिद्ध नहीं कर सके कि चुनाव आयोग की नीयत में किसी प्रकार का दोष है। हां प्रक्रियागत खामियां जरूर गिनाई जा सकती हैं, मसलन पुनरीक्षण के काम के भारी दबाव में कई राज्यों में बीएलओ ने आत्महत्याएं तक कीं परन्तु इससे चुनाव आयोग की नीयत में खोट साबित नहीं होता है क्योंकि संविधान द्वारा प्रदत्त वह अपना काम ही कर रहा है। चुनाव आयोग किसी भी सरकार का नहीं होता, बल्कि वह भारत राष्ट्र का होता है और अपना काम सीधे संविधान से शक्ति लेकर करता है। संविधान उसे मतदाताओं के प्रति सीधे जवाबदेह बनाता है लेकिन इस प्रक्रिया में राजनीतिक दल भी बीच में आते हैं क्योंकि भारत के लोकतंत्र में इनकी सबसे बड़ी हिस्सेदारी होती है और आम लोग इन्हीं के माध्यम से चुनावों में अपनी इच्छा व्यक्त करते हैं। यह इच्छा मतदाताओं को मिले एक वोट के संवैधानिक अधिकार के प्रयोग से ही प्रदर्शित होती है। भारत में आम जनता को यह एक वोट का अधिकार लम्बे संघर्ष के बाद मिला है। इसे लेने के लिए देश की आजादी की लड़ाई के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों की कई पीढ़ियों ने अपनी जान खपाई तब जाकर स्वतंत्रता के बाद यह अधिकार आम लोगों को मिला और भारत गणतंत्र बना। गणतांत्रिक भारत में लोगों की सरकार का गठन ही वोट की ताकत के माध्यम से होता है। यह वोट की ही ताकत है कि हर पांच साल बाद होने वाले चुनावों में देश की जनता सरकार तक बदल सकती है। यह ताकत भारत के लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ही देकर गये हैं जिन्होंने 1928 में ही घोषणा कर दी थी कि स्वतंत्र भारत में वोट देने का अधिकार केवल कुछ संभ्रान्त कहे जाने वाले नागरिकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह बिना किसी ऊंच-नीच व स्त्री-पुरुष के भेदभाव के प्रत्येक वयस्क नागरिक को समान रूप से मिलेगा। यह अधिकार बिना किसी धार्मिक भेदभाव के प्रत्येक जाति व वर्ग और सम्प्रदाय के व्यक्ति के पास होगा जिससे भारत सच्चे अर्थों में गणतंत्र बने और प्रशासकों का जन्म इसी वोट की ताकत से हो। अतः इस वोट के अधिकार की रक्षा के लिए स्वतंत्र भारत में स्वतंत्र चुनाव आयोग का गठन किया गया और इसका चरित्र पूरी तरह 'अराजनैतिक' रखा गया तथा इसे सरकार का अंग नहीं बनाया गया। मतदाता सूचियों में यदि फर्जी मतदाता पाये जाते हैं तो यह चुनाव आयोग की कमजोरी ही कहलायेगी इसलिए उसका कर्तव्य बनता है कि वह ऐसे मतदाताओं के नाम काटे और तय करे कि एक मतदाता केवल एक बार ही वोट डाल सके। इसके साथ ही कोई भी मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत न हो और किसी भी मृत व्यक्ति के नाम पर वोट न डाले जायें। चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में से केरल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व अंडमान निकोबार की पुनरीक्षित सूची का दूसरा प्रारूप जारी कर दिया है जिसमें कुल तीन करोड़ 68 लाख मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। हालांकि अंडमान निकोबार छोटा सा केन्द्र प्रशासित द्वीप समूह है जिसमें कुल तीन लाख दस हजार मतदाता हैं परन्तु इसमें सबसे ज्यादा 21 प्रतिशत मतदाताओं के नाम कटे हैं। इसकी वजह यह है कि इनमें से 16.72 प्रतिशत मतदाता अन्य स्थानों को स्थानान्तरित हो चुके हैं तथा 2.56 प्रतिशत की मृत्यु हो चुकी है तथा .94 प्रतिशत एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत हैं। चुनाव आयोग की मतदाता सूची शुद्धिकरण प्रक्रिया में यदि 21 प्रतिशत मतदाता फर्जी पाये जाते हैं तो हम किस प्रकार चुनावों के शुद्धिकरण की शेखी बघार सकते हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश में कुल पांच करोड़ 74 लाख मतदाता थे जिनमें से केवल पांच करोड़ 31 लाख ही वैध पाये गये। जहां तक दक्षिणी राज्य केरल का सवाल है तो इसमें दो करोड़ 78 लाख मतदाता थे इनमें से केवल दो करोड़ 54 लाख ही जायज निकले। छत्तीगढ़ में भी यह संख्या दो करोड़ 12 लाख से घटकर एक करोड़ 84 लाख रह गई। वोटों के कम होने पर विपक्षी दल प्रश्न चिन्ह तो लगाते हैं मगर यह बताना भूल जाते हैं कि भारत के विभिन्न राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में लोगों का पलायन अन्य राज्यों व देशों तक में किस गति से होता है। चुनाव आयोग की आलोचना करते समय इन सभी अवयवों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

## हादसे रोकने के हों गंभीर प्रयास

**उत्तर** भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यमुना एक्सप्रेसवे पर 16 दिसंबर को मथुरा के पास कोहरे के कारण सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 8 बसें और 3 कारें आपस में टकरा गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 70 से अधिक लोग घायल हो गए। इस हादसे से ठीक दो दिन पहले भी ऐसा ही एक हादसा हुआ। विजिबिलिटी कम होने के कारण यूपी-हरियाणा में एक के बाद एक कई हादसे हुए, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इन सभी हादसे की वजह कम विजिबिलिटी बताई जा रही है। घने कोहरे के मौसम में सड़क सुरक्षा एक गंभीर चुनौती बन जाती है। खासकर उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, होने वाले कुल सड़क हादसों में करीब 9 फीसदी सड़क हादसे धुंध की वजह से होते हैं। धुंध की वजह से होने वाले सड़क हादसों में मौतों से दोगुनी संख्या घायलों की होती है। रिपोर्ट की मानें तो करीब कई हजार से ज्यादा लोग घायल हो जाते हैं। पिछले साल संसद में सड़क परिवहन मंत्रालय ने बताया है कि साल 2019 में कोहरे कि वजह से 35,602 सड़क दुर्घटनाएं हुई, वहीं साल 2020 में 26,541 दुर्घटनाएं दर्ज की गई, साल 2021 में 28,934 दुर्घटनाएं घटी, तो साल 2022 में कोहरा 34,262 सड़क दुर्घटनाओं की वजह बना। 16 दिसंबर को पंजाब में घने कोहरे के चलते बरनाला व तपा मंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आंकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। विडंबना है कि जब हमने चांद व मंगल ग्रह तक दस्तक दे दी है, तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं? बीते 14 दिसंबर कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई। चरखी दादरी में एक स्कूल बस व रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं व शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे 152-डी पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है। आखिर हर साल जाड़े के दिनों में धुंध या कोहरे की वजह से होने वाले हादसों के लिए हम क्यों अभिशप्त हैं? आखिर इन दुर्घटनाओं को टालने की गंभीर कोशिश सरकार, समाज व वाहन चालकों की तरफ से क्यों नहीं की जाती? निश्चय ही प्रकृति की लीला का मुकाबला कर पाना संभव नहीं, लेकिन कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास तो करें। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। कई अध्ययनों में हादसों की वजह सड़कों के डिजाइन में कमी को भी बताया गया। सवाल है कि जब देश में अच्छी-तेज सड़कों का जाल तीव्र गति से बिछाया जा रहा है तो सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना भी तो नीति-नियंताओं की जवाबदेही बनती है? हादसों के लिए सिर्फ चालकों को जिम्मेदार नहीं बताया जा सकता। हां, इतना जरूर है कि वाहन चालकों को गति के साथ मति भी तेज रखनी होगी। यातायात नियमों का पालन करने में एक जिम्मेदार नागरिक का भी दायित्व निभाना होगा। वहीं केंद्र और राज्य सरकारों को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा और दूरगामी प्रभावों वाली नीतियां लागू करनी होंगी। जवाबदेही तय होनी चाहिए।

**वे कहा करते थे कि मनुष्य का मनुष्य से प्रेम ही ईश्वर की भक्ति है, अतः जरूरतमंदों की मदद करो**

**जयंती पर विशेष**

# त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक गुरू गोबिंद सिंह

**सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व इस वर्ष 27 दिसंबर को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी को बचपन में गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पटना में रहते हुए गुरू जी तीर-कमान चलाना, बनावटी युद्ध करना इत्यादि खेल खेला करते थे, जिस कारण बच्चे उन्हें अपना सरदार मानने लगे थे।**

सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व इस वर्ष 27 दिसंबर को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी को बचपन में गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पटना में रहते हुए गुरू जी तीर-कमान चलाना, बनावटी युद्ध करना इत्यादि खेल खेला करते थे, जिस कारण बच्चे उन्हें अपना सरदार मानने लगे थे।

पटना में वे केवल 6 वर्ष की आयु तक ही रहे और सन् 1673 में सपरिवार आनंदपुर साहिब आ गए। यहीं पर उन्होंने पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह जी को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी।

'विचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि एक बार गुरु गोबिंद सिंह अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं।

1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कडा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में गुरु गोबिंद सिंह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। गुरु जी का जीवन दर्शन था कि धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है और सत्य की हमेशा जीत होती है।



वे कहा करते थे कि मनुष्य का मनुष्य से प्रेम ही ईश्वर की भक्ति है, अतः जरूरतमंदों की मदद करो। अपने उपदेशों में उनका कहना था कि ईश्वर ने मनुष्यों को इसलिए जन्म दिया है ताकि वे संसार में अच्छे कर्म करें और बुराई से दूर रहें। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। सन् 1700 में दस हजार से भी ज्यादा मुगल सैनिकों को सिख जांबाजों के सामने मैदान छोड़कर भागना पड़ा था और गुरु जी की सेना ने 1704 में मुगलों के अलावा उनका साथ दे रहे पहाड़ी हिन्दू शासकों को भी करारी शिकस्त दी थी। मुगल शासक औरंगजेब की भारी-भरकम सेना को भी आनंदपुर साहिब में दो-दो बार धूल चाटनी पड़ी थी। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था।

गुरु गोबिंद सिंह ने 7 अक्टूबर 1708 को महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित श्री हुजूर साहिब में अपने प्राणों का त्याग किया था।

*- लेखक : योगेश कुमार गोयल*

**भारतीय आर्थिकी के शिल्पकार नरसिंह राव**

# राव की सोच की बुनियाद पर भारत बना चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

**भारतीय अर्थव्यवस्था की उछाल इन दिनों दुनिया देख रही है। लेकिन पिछली सदी के अस्सी के दशक में अर्थव्यवस्था बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी थी। हालात इतने बुरे थे कि भारत को अपना रिजर्व सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। राव से ठीक पहले प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा, ' जीवन जैसा जिया' में इस गिरवी प्रकरण की पूरी जानकारी दी है। चंद्रशेखर के बाद एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री बने राव के सामने तत्कालीन कैबिनेट सचिव ने भारतीय अर्थव्यवस्था की बुरी गत की जानकारी दी तो उनका चिंतित होना स्वाभाविक था। ऐसे हालात में उनका विचलित होना स्वाभाविक था।**

भारतीय अर्थव्यवस्था की उछाल इन दिनों दुनिया देख रही है। लेकिन पिछली सदी के अस्सी के दशक में अर्थव्यवस्था बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी थी। हालात इतने बुरे थे कि भारत को अपना रिजर्व सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। राव से ठीक पहले प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा, ' जीवन जैसा जिया' में इस गिरवी प्रकरण की पूरी जानकारी दी है।

पामुलपार्थी वेंकट नरसिंह राव...यही पूरा नाम था उनका। आज ही के दिन ठीक इक्कीस साल पहले उन्होंने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आखिरी सांस ली थी, जिसे देश के सबसे बेहतरीन सार्वजनिक अस्पताल माना जाता है। एम्स के नाम से विख्यात इस अस्पताल में जब उनकी आत्मा उनके शरीर रूपी पिंजरे से उड़ गई, तब देश में उन डॉक्टर मनमोहन सिंह का शासन था, जिन्हें उन्होंने ही राजनीति की दुनिया में प्रवेश कराया था। राव कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण और गरिमापूर्ण विदाई के हकदार थे। लेकिन उनकी ही पार्टी ने उन्हें यह विदाई मयस्सर नहीं होने दी और देश का प्रधानमंत्री भी मौन व्रत धारण किए रह गया। नेहरू, इंदिरा और राजीव को भारत रत्न देने वाली कांग्रेस की अगुआई वाली सरकार ने अपने ही उस राव को उचित सम्मान देना उचित नहीं समझा, जिसके वे अध्यक्ष रह चुके थे।

भारतीय अर्थव्यवस्था की उछाल इन दिनों दुनिया देख रही है। लेकिन पिछली सदी के अस्सी के दशक में अर्थव्यवस्था बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी थी। हालात इतने बुरे थे कि भारत को अपना रिजर्व सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। राव से ठीक पहले प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा, ' जीवन जैसा जिया' में इस गिरवी प्रकरण की पूरी जानकारी दी है। चंद्रशेखर के बाद एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री बने राव के सामने तत्कालीन कैबिनेट सचिव ने भारतीय अर्थव्यवस्था की बुरी गत की जानकारी दी तो उनका चिंतित होना स्वाभाविक था। ऐसे हालात में उनका विचलित होना स्वाभाविक था। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रोफेशनल अर्थशास्त्री को देश का वित्त मंत्री बनाने की सोची। उन्हें तब दो नाम सुझाए गए थे, रिजर्व बैंक के गवर्नर रह चुके आईजी पटेल और मनमोहन सिंह। राव की पहली पसंद पटेल थे, लेकिन उन्होंने अपनी बीमार और बुजुर्ग मां की देखभाल के चलते वह जिम्मेदारी भरा पद लेना स्वीकार नहीं किया। नियति मनमोहन सिंह के पक्ष में थी। मनमोहन वित्त मंत्री बने। 1991 की 25 जुलाई को लोकसभा में बजट पेश करते हुए मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को खोल दिया। आर्थिक मोर्चे पर जारी लाइसेंस राज की विदाई की शुरूआत हुई। आर्थिक खुलेपन ने देश की आर्थिकी की जो नींव रखी, आज उसी नींव पर आगे बढ़ते हुए देश दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था का गौरव हासिल कर चुका है। बेशक यह सब मनमोहन सिंह की बदौलत हुआ। लेकिन अगर उनकी पीठ पर नरसिंह राव का हाथ नहीं होता तो क्या वे भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक व्यवस्था के साथ कदमताल करने के लिए उद्यत हो सकते थे? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भारत की आर्थिकी को मजबूत बुनियाद देने के साथ ही वैश्विक व्यवस्था के साथ कदमताल के लिए तैयार करने में मनमोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लेकिन बिना नरसिंह राव के मजबूत समर्थन के, वे ऐसे कदम नहीं उठा सकते थे। आज भारत की आर्थिकी की जो वैश्विक चमक दिख रही है, उसके असर नींव निर्माता नरसिंह राव ही हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश जिस कांग्रेस के वे नेता रहे, जिस कांग्रेस क साथ उन्होंने अपनी समूची राजनीतिक यात्रा पूरी की, उस कांग्रेस ने उनसे किनारा कर लिया। किनारा करने की वजह रहा बाबरी विध्वंस। छह दिसंबर 1992 को बाबरी का ध्वंस हुआ। ऐसा नहीं कि नरसिंह राव ने ध्वंस को रोकने की तैयारी नहीं की थी। गांधी-नेहरू परिवार के नजदीकी रहे पूर्व विदेश सेवा अधिकारी और कांग्रेसी राजनेता मणिशंकर अय्यर राव को इसी वजह से भाजपा का पहला प्रधानमंत्री कहते हैं। बाबरी विध्वंस के बाद वामपंथी बौद्धिकों के एक खेमे ने उन्हें खाकी निक्कर वाला कहना शुरू कर दिया था। यहां याद दिलाना जरूरी है कि खाकी निक्कर कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की गणवेश होती थी। लेकिन नरसिंह राव ने अपने उपर लगे आरोपों का पुस्तक लिखकर जवाब दिया है। जो 2004 में उनके निधन के बाद प्रकाशित हुई है। 'अयोध्या : छह दिसंबर' नामक यह पुस्तक साल 2006 में प्रकाशित हुई। इस किताब में एक तरह से राव ने बाबरी ध्वंस को लेकर उन पर लगने वाले अकर्मण्यता के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया है। इसमें उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस के दिन और उससे पहले की घटनाओं, अपनी कार्रवाइयों और तब के राजनीतिक दबावों को लेकर पूरी जानकारी दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि आखिर उत्तर प्रदेश में वे संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगा पाए। उन्होंने बताया है कि राज्यपाल की रिपोर्ट राष्ट्रपति शासन के पक्ष में नहीं थी और उनके सामने कई संवैधानिक चुनौतियां और बाधाएं भी थीं। इन तथ्यों के जरिए उन्होंने बताने की कोशिश की है कि आखिर क्यों मस्जिद को बचाने की उनकी कोशिशें किस तरह नाकाम रहीं। विनय सीतापति ने 'हाफ लायन' नाम से राव की जीवनी लिखी है। इस पुस्तक में वे भी तमाम तथ्यों से साबित करने में सफल रहे हैं कि राव चाहकर भी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन नहीं लगा सकते थे। अपनी किताब में राव ने तफसील से बताया है कि उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि अयोध्या पहुंच रहे कारसेवक शांतिपूर्ण हैं। राव ने साथ ही यह भी बताया है कि तत्कालीन कल्याण सिंह सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मस्जिद की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। ऐसे में संवैधानिक मर्यादाओं और संघीय ढांचे के संवैधानिक प्रावधानों के कारण उनके हाथ बंधे हुए थे। राव ने अपनी पुस्तक में राम मंदिर आंदोलन के पीछे की राजनीतिक चालों और धार्मिक भावनाओं के दोहन के खतरों पर भी प्रकाश डाला गया है। इसमें दो राय नहीं कि बाबरी ध्वंस के बाद कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह बदल गई। दलित, ब्राह्मण और मुसलमान की जातीय कीमियागिरी के दम पर लंबे समय तक शासन में रही कांग्रेस का समर्थक आधार छीजने लगा। अल्पसंख्यकों ने कई प्रमुख राज्यों मसलन उत्तर प्रदेश, बिहार आदि से किनारा कर लिया। इसका असर कांग्रेस की सत्तावादी राजनीति पर पड़ा। जिस समय बाबरी ध्वंस हुआ, उस समय गांधी-नेहरू परिवार राजनीति से दूर था। सोनिया गांधी तो सक्रिय राजनीति में 1998 में आईं। लेकिन उनके इशारे पर कांग्रेस का एक बड़ा खेमा काम करता रहा। अर्जुन सिंह, प्रियरंजन दास मुंशी, मणिशंकर अय्यर, प्रणब मुखर्जी आदि कांग्रेसी प्रथम परिवार के इशारे पर काम करते रहे। जब 1996 में कांग्रेस संसदीय चुनावों में हार गई तो नरसिंह राव को



इस खेमे ने ना सिर्फ अप्रासंगिक बनाना शुरू किया, बल्कि उन्हें महत्वहीन भी बना दिया। कांग्रेस पर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए सिख विरोधी हिंसा का भी दाग है। दिलचस्प यह है कि उस वक्त राजीव सरकार के गृहमंत्री नरसिंह राव ही थे। लेकिन कांग्रेस ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। क्योंकि उसके साथ राजीव गांधी का वह बयान चिपका हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंसा से ग्रस्त पंजाब को पटरी पर लाने वाले नरसिंह राव ही थे। नरसिंह राव ने ही लुक ईस्ट नीति शुरू की और एशियायी देशों से भारत के मजबूत संबंध बनाने शुरू किए थे। लेकिन उनके इन योगदानों को भुला दिया गया। राव सिर्फ भारतीय आर्थिकी के ही शिल्पकार नहीं थे, बल्कि देश के आतंकग्रस्त इलाकों को सख्त प्रशासन और विकास कार्यों के समायोजन के जरिए मुख्यधारा में जोड़ने वाले रचनाकार भी रहे। मोदी सरकार के बारे में कहा जा सकता है कि उसने राजनीतिक कारणों से राव को 2024 में भारत रत्न दिया। लेकिन यह भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि राव का सम्मान भारत के बदलाव का दौर शुरू करने वाले शिल्पी का सम्मान है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

*- लेखक : उमेश चतुर्वेदी*

**दुबे द्वंद**

# नववर्ष का उत्सव : एक खोखला जश्न

आह, नववर्ष 2026 चार दिन बाद आ रहा है ! वो महान दिन जब पूरा विश्व एक साथ पागल हो जाता है। 31 दिसंबर की रात को लोग पार्टी करते हैं, डीजे पर नाचते हैं, शैंपेन से लेकर देशी ठर्रा पीते हैं, और ठीक 12 बजते ही फटाके फोड़ते हूए चिल्लाते हैं - 'हैप्पी न्यू ईयर !' मानो कैलेंडर की तारीख बदलते ही उनकी जिंदगी भी बदल जाएगी।

लेकिन जनाब, ये उत्साह, ये उल्लास, ये उत्सव - सब कितना खोखला है! सोचिए जरा। साल भर हम वही पुरानी गलतियां करते रहते हैं - ऑफिस में बॉस की चापलूसी, घर में झगड़े, डायट प्लान जो कभी शुरू नहीं होता। फिर 1 जनवरी को आते ही 'न्यू ईयर रेजोल्यूशन' का ढोल पीटते हैंः 'इस साल जिम जाऊंगा!', 'सिगरेट छोड़ दूंगा!', 'पैसा बचाऊंगा!'

एक और दो जनवरी तक जिम का कार्ड धूल खाता रहता है, सिगरेट का पैकेट फिर खुल जाता है और बैंक बैलेंस वही का वही। अरे, रेजोल्यूशन नहीं, ये तो 'रेजो-फे -लूशन' है - जो हर साल लूट जाता है हमारी उम्मीदों को!

फिर वो शुभकामनाओं का सैलाब! व्हाट्सएप पर सुबह से मैसेज आने शुरू हो जाते हैं - फूलों वाली इमेज, गिफ्ट वाली, 'हैप्पी न्यू ईयर' लिखी हुई। लेकिन ज्यादातर फॉरवर्डेड! कोई व्यक्तिगत नहीं। 'डियर, इस साल तुम्हारी सारी मनोकामनाएं पूरी हों' - लिखा है, लेकिन भेजने वाला खुद नहीं जानता कि तुम्हारी मनोकामना क्या है। बस ग्रुप में फॉरवर्ड कर दिया और हम भी वही मैसेज 50 ग्रुप्स में फॉरवर्ड कर देते हैं। कितना सच्चा प्यार है ना? डिजिटल दौर का उत्सव!

पिछले वर्ष की नववर्ष शुभकामनाओं की बरसात में एक नई बात नोटिस में आई कि अब नव वर्ष की शुभकामनायें भी 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहीं, इनका भी राजनीतिकरण हो गया है।

लगभग सत्तर प्रतिशत शुभकामना देने वाले ऐसा प्रदर्शित कर रहे थे कि यह नववर्ष उनका यानी शुभकामना देने वाले का नहीं है बल्कि इसे प्राप्त करने वाले यानी पढ़ने वाले का है।

सो उन लोगों और 'लोगियों' ने अपने शुभकामना संदेश में शब्द नव वर्ष के पहले कुछ विशेषण लगा दिए थे जैसे अंग्रेजी, ग्रेगेरियन, पोप का और तो और कुछ अति विद्वानों ने तो व्यापारिक, व्यावसायिक नववर्ष कहकर अपने 'अति बुद्धिजीवी' होने का प्रमाण दिया। मैं नही जानता इन लोगों ने क्यों-भयवश, चापलूसी वश, प्रेरणावश, प्रभाववश या किसी को प्रभावित करने की 'विश' वश-इसे पराया माना। पर इस घटना ने मुझे अपने बौद्धिक स्तर को ही शंका से देखने के लिए बाध्य कर दिया। सो मैंने शुभकामनाएं 'बार्टर' करने के स्थान पर इस पर चिंतन किया कि मेरा नव वर्ष कौन सा है?

मेरे चिंतन का निष्कर्ष यह निकला कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों पर हर जगह पर इसी नववर्ष के अनुसार तारीखें लिखी गई हैं और मेरे देश और राज्य की सरकारें मेरे जन्म के पहले सेआज तक इसी नववर्ष का पालन करती आ रही है। मुझसे पहले की, मेरी और मेरे बाद की पीढ़ियां इसी कैलेंडर के अनुसार शिक्षण प्राप्त करती रही हैं/कर रही हैं। मैंने अपने साढ़े छह दशक के जीवन में एक जनवरी को ही नववर्ष के रूप में मनते देखा है। देश/दुनिया के समस्त सरकारी कार्यालय और कॉर्पोरेट जगत इसी कलेंडर का पालन करते हैं।

रविवार का अवकाश भी इसी कलेंडर के अनुसार अवकाश का दिन है जिसे हम मानते हैं। तो भाई अवकाश तो स्वीकार है पर कलेंडर नही पर 'सरकास्टिक'बुंदेलखंडी कहावत याद आ जाती है 'महेरी में न्यारे न्यारे, खीर में सौंझ'। हमारे अपने देश मे चार कलेंडर माने जाते हैं-शक संवत, विक्रम संवत, वीर निर्वाण संवत और बंगला सन- जो स्वयं में क्षेत्रीय या सामुदायिक स्वरुप लिए हैं। इसके अलावा देश की 1/5 आबादी का हिजरी सन भी है। अब आप बताएं कि यह 'खादिम' किसको अपना नववर्ष माने और 'अखंड भारत' को खंडित करने का दुःसाहस करे!

और नव वर्ष की पार्टी का तो कहना ही क्या! यह पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष स्वरुप में होती है। इस नव वर्ष को विदेशी कहने वाले भी इसका भरपूर मजा लूटते हैं। महंगी ड्रेस पहनकर, ट्रैफिक में फंसकर, क्लब में पहुंचो। वहां डीजे 'आज की रात' गा रहा है, लोग नाच रहे हैं मानो कल सुबह दुनिया खत्म हो जाएगी। लेकिन असल में ज्यादातर लोग अगले दिन हैंगओवर से मर रहे होते हैं। 'उठा ले रे देवा...' वाली हालत!

और पार्टी के नाम पर कितना खर्चा - हजारों रुपये उड़ा दिए, सिर्फ इसलिए कि 'न्यू ईयर सेलिब्रेट करना चाहिए'। लेकिन सेलिब्रेट क्या कर रहे हो? पुराने साल की नाकामियों को या नए साल की आने वाली मुसीबतों को? बिडंबना की बात ये है कि ये सारा उत्साह सिर्फ एक रात का है। एक जनवरी की सुबह उठो तो वही पुरानी जिंदगी - वही ट्रैफिक, वही बॉस, वही EMI।

कुछ नहीं बदलता। कैलेंडर बदल जाता है, हम नहीं। फिर भी हर साल यही ड्रामा। शायद इसलिए क्योंकि हमें बहाना चाहिए खुश होने का, भूल जाने का कि असल बदलाव तो रोज की मेहनत से आता है, न कि तारीख बदलने से। सत्तरहवी सदी के अंग्रेजी के प्रसिद्ध लेखक सर थॉमस ब्राउन ने अपनी पुस्तक 'हाइड्रोटोफिया, अर्न बरियाल' में मनुष्य जाती के स्वाभाव पर सही लिखा है, "But man is a Noble Animal, splendid in ashes, and pompous in the grave, solemnizing Nativities and Deaths with equal lustre, nor omitting Ceremonies of Bravery, in the infamy of his nature."



- लेखक : डॉ. अमिताभ दुबे
7974655171
amitabh1740@gmail.com

('लेकिन मनुष्य एक महान प्राणी है, राख में शानदार और कब्र में भव्य, जन्म और मृत्यु को समान वैभव से solemnizing (उत्सव या गंभीरता से मनाते हुए) और अपनी प्रकृति की बदनामी में भी वीरता के समारोह नहीं छोड़ते।)

तो इस नववर्ष पर मेरा संकल्प? कोई बदलाव नहीं! जैसे जीता आया हूं वैसे ही जीता रहूंगा जब तक सांस है। बस हंसते रहो, क्योंकि ये खोखला उत्सव ही तो हमें साल भर चलाने की ताकत देता है। सो अंत में आपको भी हैप्पी न्यू ईयर..! इस साल आपकी सारी मनोकामनाएँ पूरी हों...बशर्ते आपकी मनोकामनाएँ बहुत बड़ी न हों, वरना महंगाई के इस जमाने में पूरी करना मुश्किल हो जाएगा ?



आप अपनी समस्यायें, विचार, लेख, कविताएं, कहानियां इस पते पर भेजें -समयानुसार प्रकाशित किया जाएगा।
पता:- दैनिक आचरण, रेल्वे स्टेशन के सामने, सागर ई. मेल :- aacharan_sagar@yahoo.com
कृपया अपना मोबाइल नं. अवश्य लिखें।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती शिशु मंदिर में तुलसी पूजन समारोह सम्पन्न



**रहली, आचरण।** सरस्वती शिशु मंदिर रहली में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशन में तुलसी पूजन कार्यक्रम में नगर अभिभावक माताओं ने एकत्रित होकर समारोह के साथ गमले सजाकर तुलसी पौधे का विधि सोडसोपचार से वैदिक मंत्रो द्वारा पूजन सम्पन्न कराया गया। माताओं ने तुलसी माता का पूजन करते हुए धूप दीप नैवेध नारियल के साथ सुहाग सामग्री समर्पित की। इस अवसर पर शास्त्री ओंकार चौबे आचार्य ने तुलसी की पूजा, महत्व पर जानकारी देते हुए विष्णु प्रिया की कथा सुनाई।

### वीर बालकों के बलिदान को किया नमन

**बण्डा, आचरण।** वीर बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर बण्डा में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिख इतिहास के अमर वीर बालक बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी द्वारा धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जैसे वीर बालकों का बलिदान हमारे इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। हमारे धर्म और संस्कृति को दबाने का लगातार प्रयास किया गया, लेकिन ऐसे वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म की रक्षा की।


### 20 साल बाद पकड़ाया स्थाई वारंटी


**अशोकनगर, आचरण।** हत्या के मामले में एक आरोपी बीस साल से पुलिस को चकमा दे रहा था आखिरकार कदवाया पुलिस ने उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। जिले में लंबित स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कदवाया पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है। कार्रवाई कदवाया थाना प्रभारी मनीष जादौन ओर उप निरीक्षक अजय तिवारी के नेतृत्व में की गई। कदवाया निवासी हनुमंत सिंह पुत्र सिरनाम सिंह लोधी ने सात नवंबर 2006 को पुलिस चौकी कदवाया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि तुला उर्फ तुलाराम पुत्र सुकुआ जाटव ने फैलीराम पुत्र प्यारेलाल जाटव उम्र 55 वर्ष के साथ मारपीट की थी। इस मामले में पहले धारा 307 के अपराध पंजीबद्ध किया गया था लेकिन बाद में घायल फैलीराम की मृत्यु हो जाने पर धारा 302 जोड़ दी गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी तुला उर्फ तुलाराम अपने परिवार सहित फरार हो गया था। न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था लेकिन वह लगातार गिरफ्तारी से बचता रहा। पुलिस को हाल ही में सूचना मिली कि फरार आरोपी इंदौर के विचोली मर्दाना क्षेत्र में मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा है।

**वारदातः** रहली थाना क्षेत्र के ग्राम मैनाई में हुई वारदात

# मां ने दो बेटों के साथ किया सुसाइड, घर के कमरे में फंदे पर झूलते मिले शव

आचरण संवाददाता





**रहली।** रहली थाना क्षेत्र के ग्राम मैनाई में घर में मां ने अपने दो बेटों के साथ फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो घटना सामने आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए रहली अस्पताल भेजा गया। परिवार के ब्रजेश पिता गोपी लोधी निवासी मैनाई ने बताया कि गुरुवार की रात में और मेरा छोटा भाई राजेश लोधी खेत में लगी फसल की सिंचाई करने के लिए गए थे। रात करीब पौने 10 बजे वापस लौटकर घर आए। घर आकर मैं अपने कमरे में चला गया। छोटा भाई अपने कमरे में गया। तभी राजेश के चिल्लाने की आवाज सुनी। मैं दौड़कर उसके कमरे में पहुंचा। जहां देखा कि मेरी बहू रचना पति राजेश लोधी (32), भतीजा ऋषभ लोधी (5) और राम लोधी (2) अलग-अलग फंदों पर झूल रहे हैं। तत्काल हम दोनों ने रस्सियां काटकर उन्हें फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया परिवार को इसकी जानकारी नहीं है। एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य घटनाक्रम की सूचना मिलते ही रहली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने वारदातस्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। रहली पुलिस मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## वीर बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिता



**गढ़ाकोटा, आचरण।** वीर बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, गढ़ाकोटा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने सम्मिलित होकर विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं आयोजित हुई बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता जिसमें सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी साथ ही बच्चों के लिए आंखों के चश्मा वितरित किए। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा हेतु जो अद्भुत बलिदान दिया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनकी अमर कुर्बानी हमें साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प के मार्ग पर सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर शामिक कुमार शर्मा, प्राचार्य संजय सिंह, प्रधानाचार्य दीनदयाल पटेल, हरीश द्विवेदी, वतन सोनी एवं सभी आचार्य गण उपस्थित रहें।

# करीला धाम में ट्रस्ट की लापरवाही के चलते पौवा पीकर आई चिकनी चमेली

**अशोकनगर, अशोकनगर।** करीला ट्रस्ट के पदाधिकारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली के चलते श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंची है। दरअसल आस्था का केंद्र करीला धाम परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शुक्रवार को तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में कुछ नृत्यांगनाएं पौआ पीकर आई चिकनी चमेली, कमरिया लचके रे जैसे आयटम सोंग पर जमकर ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद भी ट्रस्ट ने अपनी ओर से कोई शिकायत नहीं की है। जब थाने से ट्रस्ट के सदस्यों को बुलाया गया तो सुरक्षा गार्ड को थाने भेजा गया। जाहिर है कि धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाले इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। चर्चा है कि यदि दान पेटियां खोलकर धनराशि गिनने का काम होता तो ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच जाते। उल्लेखनीय है कि करीला में विराजमान मां जानकी के धाम में हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं और करोड़ों का चढ़ावा आता है। इस मामले में अभी शुक्रवार की दोपहर तीन बजे तक करीला ट्रस्ट की ओर न तो कोई शिकायत थाने में दर्ज कराई है और न ही कोई अधिकृत बयान जारी किया है। वायरल वीडियो करीला माता मंदिर परिसर का है जो गुरुवार की रात का बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि करीला धाम में मां सीता उस समय रही थीं जब लोकोपवाद के चलते मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने उनका परित्याग कर दिया था। यहीं लव कुश का जन्म हुआ था। इसी कारण मान्यता है कि जो भी निःसंतान दंपत्ति संतान प्राप्ति की कामना लेकर मां जानकी के दरबार में आता है तो मां उसकी अभिलाषा अवश्य पूर्ण करती हैं। जिन की मुराद पूरी होती है वे करीला में मां जानकी के दरबार में राई नृत्य करवाते हैं। वहीं वायरल वीडियो के बाद लोगों में चर्चा है कि ट्रस्ट की अनदेखी के चलते मंदिर परिसर में आपत्तिजनक गीतों पर जमकर डांस जो रहे हैं वायरल वीडियो में कमरिया लचके रे, आई चिकनी चमेली पौवा चढ़ाके आई जैसे फूहड़ गानों के बोल सुनाई दे रहे हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस और प्रशासन ने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को भी तलब किया है। मामला संवेदनशील और धार्मिक आस्था से जुड़ा होने के बाद भी ट्रस्ट ने दोपहर तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

**लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए केवल दो गार्डः** मां जानकी के करीला धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। विशेष दिनों जैसे कि नववर्ष, नवरात्रि, साल की सभी पूर्णिमाओं और रंगपंचमी पर श्रद्धालुओं की यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। बताया जा रहा है कि मंदिर में सुरक्षा के लिए महज दो सुरक्षा गार्ड तैनात है जो आम तौर पर प्रवेश और निर्गम द्वार पर तैनात रहते हैं। मंदिरों में हर साल लाखों करोड़ों का चढ़ावा आता है। कथित तौर पर अश्लील गानों पर डांस का वीडियो वायरल होने के बाद जब प्रशासन हरकत में आया तब कहीं जाकर मंदिर के गार्ड शाम करीब चार बजे बहादुरपुर थाने पहुंचे। गार्ड विक्रम यादव निवासी अमनचार ने पुलिस को बताया है कि वह करीला मंदिर में गार्ड है और मेरे साथ अथाईखेड़ा निवासी सरदार सिंह नामदेव भी सुरक्षा गार्ड है। विक्रम के मुताबिक रात करीब एक बजे कोई अज्ञात व्यक्ति मंदिर के गेट के सामने डीजे पर अश्लील गीत बजवाकर नृत्यांगनाओं से डांस करवा रहा था। हमने उसे मना किया है कि यह मंदिर है यहां ऐसे गाना नहीं चलते तो वह नहीं माना। विक्रम के अनुसार जो डीजे बज रहा था वह अथाईखेड़ा के नीतेश छीपा का था।

**इनका कहना है**

इस मामले में हमने मंदिर समिति के सदस्यों को बुलाया है। अगर वे शिकायत आती है तो कार्यवाही करेगें। कोई विदिशा के लोग थे जिन्होंने कार्यक्रम किया।

***नीलम सिंह यादव,*** *थाना प्रभारी बहादुरपुर*

वीडियो वायरल हुई है। मामले की जांच करा रहे है कि किन लोगों को इन्वॉलमेंट है।

***इसरार खान,*** *एसडीएम मुंगावली*

# शिक्षा ही आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने का माध्यम है: विधायक वीरेन्द्र सिंह




आचरण संवाददाता

**बण्डा।** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बण्डा में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार रहे। विधायक श्री लम्बरदार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहा है। प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार नई सुविधाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्राचार्य संतोष चौरसिया एवं शिक्षक बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए पूरी मेहनत और लगन से कार्य कर रहे हैं। अब यह विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे इन सुविधाओं का सही उपयोग करें। लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन करें और अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। शिक्षा ही आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने का माध्यम है। विधायक श्री लम्बरदार ने कक्षा 10वीं में 88 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत उत्कृष्ट परिणाम आने पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष चौरसिया को बधाई दी।

कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहरसिंह बमूरा, मंडल अध्यक्ष रूपेश रोशन खरे, नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज सिंह कुकरेले, पं. विवेक मिश्रा, नीतेश जैन नैनधरा एवं महेन्द्र सिंह महूंना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया एवं आभार प्रदर्शन नरेश मिश्रा ने माना। साइकिल वितरण प्रभारी श्री मनोज जैन ने बताया कि कक्षा 9वीं की 175 छात्राओं एवं कक्षा 6वीं की 19 छात्राओं को कुल 194 साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मंगलसिंह दादा, उमेश जैन, पन्ना ठाकुर, रफीक सिद्दीकी, कृष्णा सिंह झागरी, सनत जैन, प्राचार्य संतोष चौरसिया, एन.एस. ठाकुर, बी.डी. गौड, मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# रहली महोत्सवः बॉलीवुड सिंगर दीया घोष की गायकी का चला जादू, झूम उठे हजारों श्रोता



आचरण संवाददाता

**रहली।** नगर पालिका परिषद रहली द्वारा आयोजित 'रहली महोत्सव' के दूसरे दिन सुरों और ताल का ऐसा संगम हुआ कि कड़ाके की ठंड के बावजूद उत्साह का पारा सातवें आसमान पर रहा। अटल सेतु पर आयोजित इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की मशहूर पार्श्व गायिका दीया घोष की प्रस्तुति आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

**जनसैलाब से भरा आयोजन स्थलः** महोत्सव के दूसरे दिन दीया घोष को सुनने के लिए रहली और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। आलम यह था कि कार्यक्रम स्थल से लेकर प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर तक पैर रखने की जगह नहीं बची थी। खचाखच भरे माहौल में श्रोताओं ने दीया घोष के गीतों पर जमकर नृत्य किया और देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां मुख्य गायिका की प्रस्तुति के बीच-बीच में आर्केस्ट्रा और विभिन्न डांस कलाकारों ने अपनी शानदार कला का प्रदर्शन किया। मंच पर लाइट और साउंड के बेहतरीन समन्वय ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव (दीपू भैया) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने की।

# शासकीय स्कूल जमुनिया-चिखली में यादगार वार्षिक खेल उत्सव संपन्न



आचरण संवाददाता

**देवरीकलां।** बीकेपी कॉलेज के सौजन्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया-चिखली में वार्षिक खेल उत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ शासकीय विद्यालयों को लेकर बनी नकारात्मक धारणाओं को भी तोड़ने का मजबूत संदेश दिया। खेल उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर की सुव्यवस्थित व्यवस्था, आकर्षक साज-सज्जा, स्वच्छ वातावरण और विद्यार्थियों की एकरूप खेल यूनिफॉर्म ने सभी का ध्यान खींचा। आयोजन में खो-खो, कबड्डी, 100 व 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक एवं तवा फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकेपी कॉलेज के संचालक डॉ. अवनीश मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में 'आस एक उम्मीद' सामाजिक संस्था के अध्यक्ष संजय बृजपुरिया एवं अनिल ढिमोले उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। कोच शिवानी खटीक के निर्देशन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ताइक्वांडो प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर प्रबंधन और सकारात्मक सोच से शासकीय विद्यालय भी उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम कर सकते।

## सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया



**गौरझामर, आचरण।** सरस्वती शिशु मंदिर मढ़ी मार्ग विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पं. ब्रजबिहारी पटेरिया विधायक विधानसभा क्षेत्र देवरी ने वंदना सत्र में साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजली अर्पित की साथ ही उनके बलिदान की शौर्यगाथा को छात्र/छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की कैसे दोनों बालकों ने मृत्यु को स्वीकार किया। लेकिन अपने धर्म से समझौता नहीं किया। जिला मंत्री भाजपा जिला सागर प्रीतम सिंह राजपूत द्वारा भी साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान पर छात्र/छात्राओं को उनके आदर्शों को सीखने पर जोर दिया विद्यालय के छात्रों ने साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की सुन्दर झांकी प्रस्तुत की इस अवसर पर उमा श्रीकृष्ण खटीक मनोज घुरा मंडल उपाध्यक्ष गौरझामर सत्यनारायण ठाकुर प्रेमनारायण साहू शशिकांत शेंड्ये नाथूराम मिश्रा वरिष्ठ नागरिक रश्मि अरेले एवं समस्त स्कूल परिवार उपस्थित रहे।

**मंगल अगवानी** मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज व मुनिश्री संधान सागर महाराज की अगवानी

# शंका समाधान एवं गुणायतन के प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ससंघ की सुनार नदी पुल से की ऐतिहासिक अगवानी

आचरण संवाददाता



**गौरझामर।** सूर्योदय के साथ ही दिसम्बर की शीतलहर के साथ कोहरा छाया हुआ था और उस कोहरे में जबलपुर हाईवे पर गुरुभक्ती का जन सैलाब उमड़ पड़ा अवसर था संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परमप्रभावक शिष्य शंकासमाधान प्रणेता राष्ट्रीय संत मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज मुनि श्री संधान सागर महाराज स संघ की मंगल अगवानी का उनकी मंगल अगवानी चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रशमसागर महाराज मुनि श्री योग्यसागर महाराज मुनि श्री ने सकल दि. जैन समाज गौरझामर के साथ की मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया संपूर्ण गौरझामर को पचरंगी ध्वजों से तथा तोरणद्वार से सजाया गया था लगभग 32 वर्ष पश्चात मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज का यहां पर आगमन हुआ था हालांकि इसके पूर्व मुनि श्री क्षुल्लक अवस्था में यहां आ चुके थे, इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने आशीष बचन देते हुये कहा कि 'बहुत श्रम के उपरांत जब बहुत प्यास लगती है, और बहुत गहराई से पानी को अपने सगे हाथों से खींचकर निकाला जाता है, और जब बाल्टी सामने आती है, तो उसे अपूर्व आनंद की अनूभूति होती है, कुछ ऐसी ही अनुभूति आप लोगों के चहरों को देखकर जो भावना दिख रही है, वह बता रही है कि प्यास बहुत गहरी थी उन्होंने कहा कि गौरझामर का इस अंचल में नाम और पहचान है, हम भले ही आपके यहां 1986 तथा 1988 में जबलपुर चातुर्मास के लिये जाते समय तथा 1993 में केसली जाते समय गुरुजी के साथ आये थे उसके बाद आज यहां आना हुआ है हालांकि समय समय पर गौरझामर की समाज और यहां का दिव्यघोष समय-समय पर हमारे पास आते रहे है उन्होंने कहा कि आप लोगों के प्रवल पुण्य से ही यह गाड़ी जो भले ही निकल गयी वह पूरी परिक्रमा लगाकर गौरझामर आ गई उन्होंने सार संक्षेप में कहा कि मन में एक बात धार के रखो कि जैसे 'किसी लता का विकास आलंबन के बिना नहीं होता और उस आलंबन से नन्ही सी लता भी आसमान की ऊंचाई को छूने लगती है, वैसे ही धर्म का आलंबन पाकर हम अपनी जीवन लता को आसमान की ऊंचाई तक पहुंचा सकते है' मुनि श्री ने कहा कि धर्म ही हमारे जीवन की शरण है, तथा धर्म में ही हमारी गति है यह मति हमेशा बनी रहे तभी हमारे जीवन का पथ प्रशस्त होगा' उन्होंने गौरझामर की जैन समाज की तारीफ करते हुये कहा कि यहां की समाज में देव गुरु और धर्म के प्रति भक्ति कूटकूट कर भरी है, तथा आचार्य गुरुदेव की विशेष कृपा रही है, मुनि श्री ने कहा कि यंहा पर महाराज से भी मिलने का सुयोग्य बना उन्होंने कहा कि साधू से जब साधू मिलते है, तो सभी को अपार आनंद की अनुभूति होती है उन्होंने सार संक्षेप उद्बोधन के साथ दो पक्तियों के साथ कहा कि 'मात्र भावना मम रहे, टूटे कर्म संयोग देव शास्त्र गुरुदेव का सदा मिले शुभ योग' उन्होंने कहा कि फोर लैन पर आप लोगों को गुरुओं का सानिध्य मिलता ही रहता है आप लोगों पर गुरुजी की विशेष कृपा रही है यह संपूर्ण अंचल बीनाबारह के भगवान शांतिनाथ का ही क्षेत्र है आप लोगों की लगन इसी प्रकार बनी रहे। दौपहर में शंकासमाधान का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें जबलपुर, दमोह कुंडलपुर क्षेत्र से श्रद्धालु पधारे और मुनिसंघ को श्रीफल समर्पित किये।

# मुनिश्री विमल सागर जी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश

**शाहगढ़, आचरण।** मुनिश्री विमल सागर जी महाराज के संघ का (शुक्रवार) शाहगढ़ मे भव्य मंगल प्रवेश हुआ। भव्य अगवानी के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुनि श्री के शाहगढ़ नगर आगमन पर भक्तों ने जगह-जगह रंगोली से चौक और तोरण द्वार सजाए। कई जगह जैन समाज के लोगों ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया और आरती उतारी। इस मौके पर महिला मंडल की महिलाएं एक से परिधान में नजर आईं। युगल मुनिश्री नगर के सभी जैन मंदिर के दर्शन करते हुए बड़ा मंदिर प्रांगण में पहुंचे। जहां पर मुनि संघ ने मंदिर में दर्शन किए इसके बाद धर्म सभा का आयोजन हुआ। पंचायती जिनालय के मीडिया प्रभारी प्रकाश अदावन ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य युगल मुनि श्री 108 विमल सागरजी, मुनि श्री



अनंत सागर महाराज ससंघ का शाहगढ़ मे भव्य मंगल प्रवेश हुआ है। इस अवसर पर श्री सकल दिगंबर जैन समाज, मुनिसेवक संघ सहित नगर के सभी जिनालयों के पदाधिकारियों समस्त महिला मंडल, समस्त पाठशाला की शिक्षाकाएं एवं बच्चों ने शाहगढ़ नगर में शीत कालीन वाचना के लिए श्रीफल समर्पित कर निवेदन किया। इस अवसर पर मुनि श्री ने शाहगढ़ को विशिष्ठ दिशा बताते हुए कहा कि ऐसी पवित्र भूमी पर गुरुदेव के आशीर्वाद उनकी आज्ञा से पहले भी बर्ष 2022 में शाहगढ़ आया था एवं तीन साल बाद फिर से 2025 में आना हुआ है। गौरतलब है कि पूज्य युगल मुनि श्री के परम सानिध्य में गौ शाला में नव निर्मित मान स्तंभ पर स्थापित होने वाली पाषाण की प्रतिमाओं को संस्कार देने मंडी परिसर में नए वर्ष 2026 की 23 जनवरी से पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन होना है। इसके पूर्व नगर के संत भवन में विराजमान युगल मुनि की शीत कालीन शास्त्र स्वाध्याय की वाचना, और मंगल प्रवचन बड़ा मंदिर परिसर में होगें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देने आए अभिराज सिंह ठाकुर



**पठारी,आचरण।** पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के रुद्राक्ष धाम सागर में श्री हनुमान जी की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं सप्त दिवसीय श्रीराम कथा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इस पावन धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन के निमंत्रण हेतु पूर्व सांसद राज बहादुर सिंह एवं सागर जिले के युवा नेता अभिराज सिंह ठाकुर ने पठारी के सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम एवं बालाजी धाम बडोह बालाजी धाम के महंत विष्णु दास महाराज का आशीर्वाद लिया एवं आसपास के क्षेत्रों के मंदिर में पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला होगा। श्री हनुमान जी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रतिदिन श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### जिलास्तरीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**रायसेन,आचरण।** रविवार से जिला स्तरीय स्कूली लेदर बाल किक्रेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । यह प्रतियोगिता गौरीशंकर शेजवार टेलेंट हंट प्रोग्राम के तहत आयोजित की जा रही है और इस प्रतियोगिता का यह प्रथम वर्ष है । इस प्रतियोगिता में जिले की सभी तहसीलों की आठ टीमें शामिल होगी। जिसमें अंडर-13,अंडर-15 ओर अंडर-18 के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता मे इनामी राशि के रुप में विजेता टीम को 21 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये एवं शील्ड प्रदान की जावेगी । जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजहर कुरैशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के रायसेन, सिलवानी, मंडीदीप, सुल्तानपुर, दीवानगंज, किशनपुर, उमरावगंज और उदयपुरा की टीमें शामिल होंगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिले के कम आयु के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिये टेलेंट सर्च प्रोग्राम के उद्देश्य से किया जा रहा है । प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-18 की जिले की टीम बनाई जाऐगी जो इस क्रिकेट सत्र में जिले से बाहर के टूर्नामेंट में शामिल होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मुदित शेजवार ने किया।

### अभियान के अंतर्गत लापता बालिका को परिजनों से मिलाया

**रायसेन,आचरण।** 20 सितंबर को फरियादी छोटे काकोडिया द्वारा उसकी 16 वर्षीय बालिका के अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण किए जाने के आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर से थाना सुल्तानपुर में बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।मुखबिर सूचना व अन्य प्रयासों से सुल्तानपुर पुलिस द्वारा अपहृत बालिका को दस्तयाब करने में सफलता मिली। पुलिस द्वारा बालिका को उसके माता-पिता से मिलवाते हुऐ सकुशल उन्हे सौंपा गया । माता-पिता ने इस कार्य के लिए सुल्तानपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

### कायस्थ महासभा की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**विदिशा,आचरण।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक विदिशा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के 32 जिलों से आए लगभग 135 पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक के मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए युवाओं से रक्तदान में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने धर्म-परिवर्तन के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने तथा प्रत्येक जिले में सामाजिक पत्रिका के निर्माण पर बल दिया, ताकि संगठनात्मक संवाद और सामाजिक चेतना को सशक्त किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैलाश नारायण सारंग की सूक्ष्म प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में महासभा देशभर में नवीन एवं रचनात्मक नवाचारों को क्रियान्वित कर रही है। राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव ने समाज में एकता, समरसता और संगठनात्मक मजबूती को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री ब्रजेश श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक विमलेश सक्सेना रहे। बैठक के प्रारम्भ में भगवान श्री चित्रगुप्त एवं पूज्य कैलाश नारायण सारंग के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत खरे, अमित श्रीवास्तव, समस्त प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं अनेक जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई

# लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

आचरण संवाददाता




**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा जिले में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और अनमोल 2.0 की प्रगति, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, एनआरसी, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, कायाकल्प, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सीएमएचओ तथा चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का लाभ मरीजों को सुगमता से मिले। उन्होंने सांची बीपीएम अंजू बेलवंशी को एएनसी रजिस्ट्रेशन कार्य और नॉन कम्यूनिकेबल डिसीज की मॉनीटरिंग में उदासीनता बरतने पर पृथक-पृथक नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। साथ ही सात दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार औबेदुल्लागंज बीएमओ डॉ धर्मेन्द्र गौड को कार्य में लापरवाही बरतने पर भी नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी फील्ड पर जाएं और अधीनस्थ या मैदानी अमले के साथ बैठक कर कमियों को दूर कर मरीजों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी 15 दिवस में सभी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए पूरी गंभीरता और निष्ठा से कार्यो को सम्पादित करें और सीएमएचओ 15 दिवस उपरांत टीएल बैठक में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने एएनसी के कार्यो को नियमित रूप से सम्पादित करने के निर्देश देते हुए सभी बीएमओ को एएनसी स्तर पर बैठक लेने और 15 दिवस में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विकासखण्डवार मातृ मृत्यु प्रकरण वर्ष 2025-26 की समीक्षा की। सिलवानी विकासखण्ड में सर्वाधिक चार मातृ मृत्यु होने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सिलवानी बीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाए और जिनका हीमोग्लोबिन 7.5 से कम है, उनकी काउंसलिंग की जाए। इसी प्रकार शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों का समय पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए।

## पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल विदिशा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में क्रिकेटर ब्रजेश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं शिव नारायण शर्मा सदस्य ओलंपिक संघ विशेष आतिथ्य में हुआ। छात्रों ने खेल जगत की जानी मानी हस्तियों जैसे मैरी कोम, विराट कोहली, रोहित शर्मा एवं मिल्खा सिंह को नृत्य के माध्यम से सम्मान दिया। कार्यक्रम के इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल संजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में स्कूल में हो रही समस्त प्रकार की गतिविधियों, किस तरीके से बच्चों को पढ़ाया जाता है एवं कैसे बच्चों के काबिलियत को ध्यान में रखते हुए उनको आगे मार्गदर्शन दिया जाता है। कैसे वह स्वयं एक एक बच्चे के घर जा कर उनके माता पिता से बच्चे के विकास हेतु विमर्श करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल में जो हॉस्टल है उसके साथ ही छह स्टॉफ क्वार्टर हैं जिनमें सभी फैकल्टी के टीचर्स वहीं पर रहते हैं एवं बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते हैं। स्कूल के डायरेक्टर हर्षित राज चौधरी ने कहानी के माध्यम से बच्चों के पेरेंट्स को बताया की कैसे उनके दैनिक जीवन चर्या उनके बच्चो के व्यक्तित्व को आकर देता है। स्कूल के चेयरमैन डॉ. राजीव चौधरी ने बताया कि खेल और शिक्षा का आपस में कितना गहरा संबंध है और हमें किस प्रकार अपने स्वास्थ का ध्यान रखना आवश्यक है साथ ही पालकों का भी उत्तरदायित्व बनता है कि वह भी अपने जीवन को इस तरह से व्यवस्थित करें कि बच्चे उसको अपने जीवन में उतार सकें। क्योंकि बच्चों के पहले शिक्षक तो और मां एवं पिता ही होते हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज वर्ल्ड कप के पल याद कर के वह भी काफी भावुक हो गए एवं उन्होंने विदिशा जिले में 14 साल से कम उम्र की बच्चियों के लिए एक क्रिकेट अकादमी की स्थापना पर भी जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता को मेडल एवं सर्टिफिकेट भी अतिथियों के माध्यम से वितरित किए गए।

## कलेक्टर ने शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय का किया निरीक्षण

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय का कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक कार्य और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों से अध्यापन कार्यप्रगति, कक्षावार बालिकाओं की संख्या तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले और प्रदेश की मेरिट सूची में विद्यालय की बालिकाएं स्थान प्राप्त करें, यह लक्ष्य निर्धारित कर प्रयास किए जाएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बालिकाओं से भी अध्यापन/शैक्षणिक कार्य की जानकारी ली। साथ ही अंग्रेजी विषय की पुस्तक से बालिकाओं से प्रश्न पूछे तथा एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक भी उपस्थित रहे।

## नेफेड द्वारा स्प्रिंगफील्ड स्कूल में पौधे लगाए गए

आचरण संवाददाता



**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में स्प्रिंगफील्ड स्कूल में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेफेड संचालक रघुवीर सिंह रघुवंशी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 100 पौधों का रोपण कर हरित वातावरण एवं प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा दिया गया। लगाए गए अधिकांश पौधे दीर्घजीवी हैं जो आने वाले लंबे समय तक समाज एवं पर्यावरण को लाभ पहुंचाएंगे। रघुवंशी ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण करते हुए कहा कि एक पौधा सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और स्वच्छ वातावरण का आधार है। पौधा लगाना पहली जिम्मेदारी है, उसका संरक्षण करना सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से कम से कम एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसे सुरक्षित व संरक्षित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया तथा सभी ने पर्यावरण संवर्धन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने भी भविष्य में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कर पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया। इस दौरान प्रमुख रुप से नेफेड राज्य प्रमुख पुनीत सिंह विवेक यादव, स्प्रिंगफील्ड स्कूल संचालक योगेंद्र सिंह राणा, पूर्व विधायक शशांक भार्गव, पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी मौजूद थे।

## संघ शताब्दी वर्ष के चलते महिलाओं ने संकीर्तन यात्रा निकालकर दिया सनातन एकता का संदेश

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** नगर में संघ शताब्दी वर्ष के चलते बस्तियों में जहां एक ओर हिंदू सम्मेलनों का शानदार आयोजन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इसी क्रम में मुखर्जी नगर बस्ती की महिलाओं ने सुबह-सुबह संकीर्तन यात्रा निकाल कर सभी सनातन धर्म प्रेमियों को एक सूत्र में बांधने के लिए संदेश दिया है। श्री राम जय राम जय जय राम, श्री सीताराम जय हनुमान आदि मधुर भजनों के साथ संगीत में ढोलक और मंजीरों की धुन पर महिलाएं उत्साह के साथ संकीर्तन यात्रा में भाग ले रही हैं। आज के इस आधुनिक दौर में बस्ती में राम नाम की संकीर्तन यात्रा से जहां एक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म प्रेमियों के बीच एकता एवं भाईचारे की अनूठी पहल भी दिखाई दे रही है। सुबह से ही महिलाएं संकीर्तन यात्रा में शामिल होकर बस्ती की गलियों से होकर राम नाम का गुणगान कर रही हैं। इस पहल का बस्ती के सभी धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया है। इसके अलावा बस्ती में होने वाले हिंदू सम्मेलन में भी महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। महिला संकीर्तन यात्रा से सनातन धर्म प्रेमियों के बीच जागृति भी आ रही है जो आज के इस दौर में अति आवश्यक है। संकट ने यात्रा में शामिल महिलाओं ने बताया कि नगर की सभी बस्तियों में महिलाएं एकत्रित होकर और संकीर्ण यात्राएं निकले तो पूरे नगर का धर्ममय वातावरण हो सकता है।

## आचार्य परमेष्ठी में जो गुण होना चाहिये वह सभी आचार्य गुरुदेव में विद्यमान थे: मुनिश्री

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** आचार्य परमेष्ठी में जो गुण होना चाहिये वह सभी आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महाराज में विद्यमान थे। उपरोक्त उदगार मुनि श्री संभवसागर महाराज ने आचार्य परमेष्ठी के गुणों का उल्लेख करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने गुरु नाम गुरु आचार्य ज्ञानसागर महाराज का उल्लेख करते हुये कहा कि वह नाना गुणों तथा अनेक भाषाओं तथा अनेक कलाओं से परिपूर्ण थे और उन्होंने अपने शिष्य आचार्य विद्यासागर को भी वह सभी गुण प्रदान किये। उन्होंने अजमेर नगर की घटना का उल्लेख करते हुये कहा कि सन् 1968 में जब ब्र. विद्याधर से मुनि विद्यासागर बनाया जा रहा था उस समय उनकी उम्र मात्र 21 माह छह महिने थी तो उस समय के अजमेर नगर के सभी श्रैष्ठी एवं विद्वान आचार्य ज्ञानसागर जी के इस फैसले से सहमत नहीं थे तथा अजमेर किसनगढ़ और नसीराबाद में यह चर्चा जोरों से शुरु हो गई एवं विरोध के स्वर निकले तथा सभी ने एक साथ मिलकर सोनी जी की नसिया में भागचंद सोनी के नेतृत्व में आचार्य ज्ञानसागर महाराज के पास पहुंचे और निवेदन किया कि ब्र.विद्याधर अभी 22 वर्ष के ही पूर्ण नहीं हुये है उनको सीधे मुनिदीक्षा न देकर पहले क्षुल्लक दीक्षा दी जाये तो उचित रहेगा। सभी श्रेष्ठियों की बातों को सुनकर आचार्य ज्ञानसागर महाराज जो कि आगम के ज्ञाता के ज्ञाता तो थे ही, वह संस्कृत और प्राकृत के बहुत बड़े विद्वान थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में हिट एण्ड रन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के तीन प्रकरणों में मृतकों के वैध वारसान को दो-दो लाख रू की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। साथ ही सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के दो प्रकरणों में 50-50 हजार रू की सहायता राशि स्वीकृत की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि हिट एण्ड रन पीडित प्रतिकर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को दो लाख एवं गंभीर रूप से घायल को पचास हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। जिसके अंतर्गत जनवरी से दिसम्बर तक कुल 10 मृतकों के परिजनों को बीस लाख व सड़क दुर्घटना में 6 गंभीर घायलों को तीन लाख की राशि दी गई है।कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने किए जा रहे कार्यो और गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसान की गई कार्यवाही और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने किए गए कार्यो की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएमओ रायसेन को कृषि उपज मण्डी में उपज विक्रय हेतु आने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों के लिए पार्किंग व्यवस्था करने और सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाते हुए रोड मार्किंग के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही लगातार मॉनीटिरिंग करने के लिए भी कहा। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से ऑटो रिक्शा के पंजीयन की जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रायसेन और मण्डीदीप के लिए टोइंग वाहन क्रेन क्रय करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए भी कहा।

## भारतीय सेना ने उड़ाया हॉट एयर बैलून, सेना में भर्ती का दिया संदेश

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** भारतीय सेना ने हाट इयर बैलून फेस्टिवल कार्यक्रम आयोजित किया। यह बैलून पांच सौ फिट उंचाई तक उड़ा। इसे देखने बडी संख्या में लोग एकत्रित हुए।जानकारी के अनुसार भारतीय सेना ने नागौरी क्षेत्र में हाट इयर फेस्टिवल बैलून का प्रयोग किया।इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के लोग देखने पहुंचे। यह सेना के बैलून को पांच सौ फिट की ऊंचाई तक उड़ाया गया। लगभग आठ बजे बैलून वापस उतरा। यह बैलून फेस्टिवल युवाओं का आकर्षण का केंद्र बना रहा।इस कार्यक्रम को देखने अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेना के अधिकारियों ने बताया बैलून फेस्टिवल का उद्देश्य है कि लोगों मे सेना के प्रति आकर्षण बढ़ सकें तथा युवा अधिक से अधिक देशसेवा करने सेना में शामिल हो।

## आयोजन

## देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं

# वीर बाल दिवस के अवसर पर याद किया गया साहिबजादों के बलिदान को, डाला गया प्रकाश

आचरण संवाददाता



**विदिशा।** कलेक्टर रौशनकुमार के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन मे शुक्रवार को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभागीय से जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा, सहायक संचालक विवेक शर्मा, परियोजना अधिकारी संजय सिंह, अरविन्द मिश्रा और संतोष रघुवंशी सहित जिले के 20 पर्यवेक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजुअल माध्यम से देश एवं विदिशा के बच्चों को संबोधित किया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन और शहादत आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्त्रोत है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे साहिबजादों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस, राष्ट्रभक्ति और मानव मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उल्लेखनीय है कि नौ जनवरी 2022 को श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी, ताकि साहिबजादों की शहादत को सदा स्मरण रखा जा सके और उनकी वीर गाथा पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रेरणा देती रहे। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जैसे महापुरुषों की ड्रेस कम्पटीशन, देश भक्ति गीत, ड्राइंग कम्पटीशन, निबंध एवं बाद विबाद प्रतियोगिता इन गतिविधियों का उद्देश्य विशेषकर बच्चों और युवाओं को साहिबजादों के बलिदान एवं भारतीय इतिहास के युवा नायकों की वीरता से परिचित कराना है। विभिन्न गतिविधि मे भाग लेने बाले बच्चों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पुरुस्कार वितरित किये गए। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें साहिबजादों के त्याग और वीरता को बताया गया।

## कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रा पंचायत का आयोजन किया गया

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहभागी नेतृत्व, विकेंद्रीकृत और पारदर्शी प्रशासन के उद्देश्य से छात्रा-पंचायत का आयोजन परंपरागत पंचायत प्रणाली के तर्ज पर किया गया। जिसमें एक तरफ महाविद्यालय की छात्राएं और दूसरी तरफ महाविद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ जमीन पर बैठे थे। इस आयोजन में प्राचार्य, प्राध्यापक, स्टाफ़ एवं छात्राओं ने मिल-बैठकर महाविद्यालय की समस्याओं पर चर्चा करते हुए महाविद्यालय को बेहतर बनाने के लिए विचार-विमर्श किया। इस पंचायत में महाविद्यालय प्रशासन को लोकतांत्रिक स्वरूप देते हुए प्राचार्य ने छात्राओं को अपनी समस्याओं व सुझावों के साथ आमंत्रित किया। एक घंटे के इस कार्यक्रम में छात्राओं ने लगभग बीस से अधिक समस्याओं को सामने रखा तथा अपने सुझाव प्रस्तुत किए। छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न एवं उठाए गए प्रत्येक मुद्दे का स्वयं प्राचार्य एवं संबंधित प्राध्यापकों के द्वारा उत्तर दिया गया तथा उठाई गई समस्याओं का मौके पर ही प्राचार्य द्वारा निराकरण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा कि छात्रा-पंचायत महाविद्यालय के वातावरण को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। महाविद्यालय का उत्थान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। इसलिए एक सहभागी प्रशासनिक वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए। छात्राओं को अधिकतम सुविधाजनक वातावरण प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम का संयोजन राजनीति विभाग के द्वारा किया गया, जिसका संचालन प्रो. रवि रंजन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्रा पंचायत में खुले मंच पर अपनी बात रखकर छात्राएं उत्साहित दिखीं। पंचायत के समापन उपरांत छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में प्रताप प्रताप समूह बनाकर पूरे महाविद्यालय परिसर में श्रमदान भी किया।

## साल के अंत में होटल उद्योग ने दिखाई तेजी




नई दिल्ली, जैसे-जैसे साल खत्म हो रहा है, त्योहारी माहौल बना हुआ है। भारत में यात्रा की मांग चरम पर पहुंचने लगी है। होटल व्यवसाय में इस महीने नवंबर की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले साल दिसंबर से 10-15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है।

यात्रा प्लेटफॉर्म 'यात्रा ऑनलाइन' के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एयर और होटल व्यवसाय) भरत मलिक ने कहा, 'हमने आगामी नए साल और क्रिसमस के लंबे सप्ताहांत के दौरान होटल बुकिंग की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। विशेष रूप से होटल व्यवसाय में पिछले महीने की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो छुट्टियों के लिए यात्रियों की मजबूत रुचि को दर्शाता है।'

विभिन्न स्थानों पर होटल बुकिंग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। गोवा के बाद ऊटी, वायनाड, जोधपुर, जैसलमेर, मणिपाल, श्रीनगर, शिमला, मैकलोडगंज, देहरादून, शिलॉन्ग और पेल्लिंग जैसे शहरों में मांग मजबूत बनी हुई है।

मलिक ने कहा, 'समुद्र तटों, पहाड़ियों, रेगिस्तानों और सांस्कृतिक आकर्षण के मिश्रण के कारण ये स्थान पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई मांग के कारण होटल के कमरों की दरें इस महीने पहले ही लगभग 11 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

सरोवर होटल्स के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) जतिन खन्ना ने कहा कि होटल में कमरों के किराये पिछले साल की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि देश भर में त्योहारी यात्रा में स्पष्ट उछाल आई है, लेकिन चूंकि छुट्टियां सप्ताह के मध्य में पड़ रही हैं, यह वृद्धि अचानक बढ़ने के बजाय धीमी रही है। समूह के लिए, प्रमुख उत्सवकालीन अवकाश स्थलों में मांग सबसे मजबूत बनी हुई है, जिसमें गोवा एक पसंदीदा उत्सवकालीन हॉटस्पॉट के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि कर रहा है।

खन्ना ने कहा, 'जिम कॉर्बेट, पाण्डुचेरी, आगरा और जयपुर जैसे अन्य स्थलों पर भी परिवारों, जोड़ों और अल्पकालिक यात्रियों द्वारा मजबूत बुकिंग देखी जा रही है, जो उत्सवों को अनुभवों के साथ जोड़ना चाहते हैं।'

आईटीसी होटल्स समूह के प्रबंध निदेशक अनिल चड्ढा ने कहा कि आईटीसी मुगल, आगरा और आईटीसी राजपूताना, जयपुर जैसे पारंपरिक पसंदीदा होटल ग्राहकों की मजबूत रुचि दिखा रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'एक प्रमुख प्रवृत्ति उत्तर भारत में मोटर योग्य पर्यटन स्थलों का उदय है, क्योंकि शहरी केंद्रों से आने वाले यात्री हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के आस-पास के पर्यटन स्थलों की सड़क यात्राओं और सुविधा को प्राथमिकता दे रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि गोवा में बुकिंग लगातार मजबूत बनी हुई है। इस बीच, थॉमस कुक के अनुसार, हवाई किराये में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, मलेशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर और वियतनाम जैसे कम दूरी के गंतव्य अभी भी विचार सूची में उच्च स्थान पर बने हुए हैं।

थॉमस कुक (इंडिया) और एसओटीसी ट्रैवल के अध्यक्ष और समूह प्रमुख, ग्लोबल बिजनेस ट्रैवल, इंदिवर रस्तोगी ने कहा, 'उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और जॉर्जिया के लिए किरायों में 5-6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी जा रही है, जबकि लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, जर्मनी और नॉर्वे-फिनलैंड जैसे लोकप्रिय गंतव्यों के हवाई किरायों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।'

## टीवीएस इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली, बढ़ती ईंधन कीमतों और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर ग्राहकों के झुकाव के बीच टीवीएस आईक्यूब भारतीय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री लगातार बढ़ रही है। इसे खरीदने से पहले एक अहम पहलू है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है और वह है बैटरी बदलने का खर्च, क्योंकि यही इलेक्ट्रिक स्कूटर का सबसे महंगा हिस्सा होता है। टीवीएस आईक्यूब की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत करीब 95 हजार रुपये से शुरू होती है। यह स्कूटर आईक्यूब, आईक्यूब एस और आईक्यूब एसटी जैसे वैरिएंट्स में उपलब्ध है। जरूरत और बजट के हिसाब से ग्राहक इनमें से चुनाव कर सकते हैं।

कंपनी समय-समय पर अपने इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो को अपडेट कर रही है, जिससे इसकी पहुंच और बढ़ी है। बैटरी की बात करें तो आईक्यूब में 2.2 केडब्ल्यूएच और 3.4 केडब्ल्यूएच के बैटरी पैक मिलते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, नई बैटरी बदलवाने पर 60 से 70 हजार रुपये तक खर्च आ सकता है, जबकि टॉप वैरिएंट आईक्यूब एसटी में यह खर्च 90 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। कंपनी बैटरी पर वारंटी देती है, लेकिन दुर्घटना या फिजिकल डैमेज की स्थिति में यह वारंटी लागू नहीं होती। रनिंग कॉस्ट के मामले में यह स्कूटर काफी किफायती है। टीवीएस के मुताबिक, जहां पेट्रोल स्कूटर पर 50 हजार किलोमीटर चलाने में करीब एक लाख रुपये का ईंधन खर्च आता है, वहीं इलेक्ट्रिक आईक्यूब पर यही दूरी कुछ हजार रुपये में पूरी हो जाती है। एक बार फुल चार्ज करने का खर्च करीब 19 रुपये बताया जाता है।

## नया स्मार्टफोन मोटो जी पॉवर लॉन्च

नई दिल्ली, स्मार्टफोन निर्माता कंपनी मोटोरोला ने बजट सेगमेंट में अपना नया स्मार्टफोन मोटो जी पॉवर (2026) लॉन्च कर दिया है। फोन में 6.8 इंच का एफएचडी प्लस एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 1000 निट्स तक की ब्राइटनेस सपोर्ट करता है। स्क्रीन की सुरक्षा के लिए कमिंग गोरिल्ला ग्लास 7 आई का इस्तेमाल किया गया है। मोटो जी पॉवर (2026) मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर पर चलता है और इसमें 8 जीबी रैम के साथ 128 जीबी यूएफएस 2.2 स्टोरेज मिलती है, जिसे माइक्रो एसडी कार्ड से 1टीबी तक बढ़ाया जा सकता है।

यह फोन एंड्राएड 16 पर आधारित मायलक्स के साथ आता है। कैमरा सेगमेंट में फोन 50एमपी ओआईएस सपोर्ट वाले प्राइमरी कैमरा और 8 एमपी अल्ट्रा-वाइड लेंस से लैस है, जबकि फ्रंट में 32एमपी का सेल्फी कैमरा दिया गया है। फोन की 5200एमएएच बैटरी 30वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। ऑडियो के लिए इसमें स्टीरियो स्पीकर, डोल्बी डोल्बी अटमॉस और 3.5 एमएम हेडफोन जैक दिया गया है। कनेक्टिविटी फीचर्स में 5जी एसए/एनएसए, डुअल सिम प्लस ईसिम, वायफाय एसी, ब्ल्यूटूथ 5.3, एनएफसी और यूएसबी-सी पोर्ट शामिल हैं।

मोटो जी पॉवर (2026) आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ वाटर व डस्ट रेसिस्टेंट है और एमआईएल-एसटीडी 810 एच सर्टिफिकेशन के साथ आता है।

## हरी इलायची व डौंडा में तेजी

***सागर, 26 दिसंबर। स्थानीय थोक बाजार में आज हरी इलायची में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। डौंडा इलायची में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। धनिया 2 रुपये बढ़कर बोली गई। हल्दी में 3 रुपये की नरमी दर्ज की गई। जीरा में 5 रुपये की नरमी दर्ज की गई। सौंठ में 2 रुपये की नरमी दर्ज की गई। खारक 5 रुपये तेज रही। काजू में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। किशमिश में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। बादाम बिजी में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। गरी गोला में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। मखाना में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। शक्कर, गुड़, दालों व अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।***

**हल्दी** लाल किला 180, लाल गाय 190 हरी गाय 110, निजामाबाद काड़ी 160 गठौना 150, टुकड़ी 110 **जीरा** सार्थी 270 शिव पार्वती 275 माधुरी 270 खुशबू 270 **खरजीरा** 368 हालैंड चालू 120-190 **स्याह जीरा** असली 554 **सोया सौंफ** 220, **सौंफ मोटी** 350-370, कमल पाकीजा 350 बारीक वी आई पी 350-380 बड़वानी 350-370 **धनिया** दाल 75-80, मीडियम बेस्ट 100-105, बेस्ट ग्रीन 110-130 **खोपरा बूरा** गुरू 310, खुशबू 310, **गरी गोला** 325-475 **सौंठ** पालिश 475, चायना 485, कोरी सिरसी 490 कोचीन 490 **काली मिर्च** 685-735 **काली पीपर** 600 **लाल मिर्च** 334 नं.-150-175, तेजा 185-225 फटकी 90-100, **अजवाइन** चालू 120 कलश 130 दीपक 135 ओम ब्रांड 140 **मैथी** चालू 6500, दीपक 6800, गुलाब 6600, फेफड़ा 7000 **राई** 85 राई दाल 90 **खसखस** देशी 1800, तुर्की 2000 **सींग दाना (मूंगफली दाना)** गुजरात बोल्ड 130, सोनचिड़िया 120, राजधानी 140, बड़ा भाई 135 **रामदाना** 7000-7300 रुपए **साबूदाना** मोतीदाना 6000-7000, वरलक्ष्मी 8000-8500 **काजू** 180 नं.- 9100, 190 नं.- 9100, 320 नं.- 11100, ए एम पोनिया 9500, एस एम पोनिया 9600 **किशमिश** मीडियम चालू 450 बेस्ट 460-470 रुपए **मुनक्का** 950-1225 **पिस्ता** हरा



2200, नमकीन पिस्ता 2200-साधा पिस्ता 2000 रुपए **अखरोट** 1025-1050 **खारक** 350-370 चालू 340, मीडियम बेस्ट 400, स्पेशल 410 **मखाना** नया 1070, सूर्या नया 1220, ओम ब्रांड नया 1270-1370 **बादाम गिरी** आस्ट्रेलियन 650, अमरीकन 850, पूजा बादाम 400 **बादाम बिजी** 785-835 **अचार चिरौंजी** चालू 1975, बेस्ट 2175, **अंजीर** 1350-1450, **सुपाड़ी नई** 605, डबल रमेश 620 अंटा 655, पूजा 465 रुपए **कत्था** बेलगाम 675-1325 **लौंग** जंजीबार बंद 930, खुली 1050, मेडागास्कर बंद 1060, **बड़ी इलायची (डौंडा)** 1900-1980 **पिपरमेंट** मोटा 1340 बारीक 1440 **हरी इलायची** फटोर 3425-3525, बैल मार्का 3625 **राजगिरा देशी** 75, गुजरात आनंद 85, नाडियाद 75 **सिंघाड़ा** साबुत 233, टुकड़ी 118 **सुहागा** 60-78 **तरबूज मगज** 595-695, **बादाम फूल** टुकड़ी 690 **बाद्यान्य फूल** 1070 **इसबगोल भूसी** 950 **रतनजोत** 275 **जायफल** 700-720 **दालचीनी** 380-390 **जायपत्री** लाल 2500, पीली 2300 **छबीला** 445-465 **हरा मटर** 5150 **सफेद मटर** 6150, पालिस लोकल 5700, विदेशी 6900, **काबुली चना** चालू 100-110 **राजमा** सफेद 3800, लाल 4000 **इमली** 80, **खड़ा अमचूर** 175-200, **टाटरी**-200, **मीठा सोडा** - 35, **आरारोट** - 400 **सफेद तिली** लोकल 190 धुली सफेद तिली 195 ऊंझा सफेद तिली 195-200 **काली तिली** चालू 100, **पीपरा** 420 **कलौंजी** 120, **तोमर बीज**- 500, कपूर हंस 1400, सरस्वती 1430, **गुड़ करेली** 4000-4500 बाल्टी स्पेशल 5000 रु. **शक्कर एम तीस** 4400 से 4450 **एस तीस** 4350 से 4400।

## बीएसएनएल की निजी कंपनियों से मुकाबले की तैयारी




नई दिल्ली, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की बेस स्टेशन क्षमता को आगामी वित्त वर्ष में लगभग एक-चौथाई तक बढ़ाने के लिए दूरसंचार विभाग ने सरकार से मंजूरी मांगी है। सूत्रों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी की 23,000 अतिरिक्त बेस स्टेशन साइट तैयार करने का प्रस्ताव है। इस विस्तार से कुल बेस स्टेशन की संख्या 1,23,000 हो जाएगी। एक सूत्र ने यह भी बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास प्रस्ताव भेजा गया है ताकि अतिरिक्त धन की जरूरत पूरी हो सके।

'बीएसएनएल निजी दूरसंचार कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके, इसके लिए प्रभावी तरीका कवरेज का विस्तार करना है। ऐसे में 23,000 और बेस स्टेशन स्थापित करने की योजना है। हालांकि प्रस्ताव को अभी मंत्रिमंडल से हरी झंडी नहीं मिली है। एक दूसरे सूत्र ने कहा, 'बीएसएनएल का कायापलट हो गया है। जमीन से भी उसे आय हो रही है। लेकिन अगर तेजी से आगे बढ़ने के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी जरूरी होगी।' संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्र शेखर ने इस महीने की शुरुआत में लोकसभा को एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि 31 अक्टूबर तक बीएसएनएल ने 4जी और 5जी सेवाएं देने के लिए नियोजित एक लाख साइटों में से कुल 97,068 4जी बेस स्टेशन साइट स्थापित की हैं और इनमें से 93,511 साइट चालू थीं। इसकी घोषणा सरकार ने अगस्त में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए की थी और इसका उद्देश्य 4जी से 5जी तक कवरेज बढ़ाना है। दूरसंचार विभाग ने संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का हवाला देते हुए कहा, 'हमारे पास बीएसएनएल के लिए लगभग 47,000 करोड़ रुपये की एक और पूंजीगत व्यय योजना है। इस बीच, बीएसएनएल ने पिछले वर्ष के दौरान 25,000 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय किया है।' इस साल अगस्त में, राज्य मंत्री ने लोकसभा में एक अलग जवाब में कहा था कि सरकार ने 2025 में बीएसएनएल के लिए 6,982 करोड़ रुपये के अतिरिक्त पूंजीगत व्यय समर्थन को मंजूरी दी है। यह मंजूरी 3.22 लाख करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय सहायता के अलावा थी जो सरकार ने 2019 से कई किस्तों में दी है। इसमें 2022 में 1.64 लाख करोड़ रुपये और 2023 में 89,000 करोड़ रुपये के 4जी और 5जी स्पेक्ट्रम का आवंटन शामिल है।

### यूके में नई ट्रैकर 400 बाइक लॉन्च

नई दिल्ली, अपनी 400सीसी रेंज को और मजबूत करते हुए ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने यूके में नई ट्रैकर 400 लॉन्च कर दी है। यूके में इसकी बुकिंग रिफंडेबल राशि पर शुरू हो चुकी है। ट्रैकर 400 का डिजाइन इसे बाकी 400सीसी बाइक्स से अलग बनाता है। गोल हेडलैंप, फ्लैट सीट लाइन, चौड़ा हैंडलबार, कम बॉडीवर्क और ऊपर की ओर उठा हुआ एग्जॉस्ट इसे एक क्लासिक लेकिन स्पोर्टी लुक देते हैं। बाइक को एल्युमिनियम सिल्वर, रेसिंग येलो और फैंटम ब्लैक जैसे तीन रंगों में उतारा गया है।

इंजन की बात करें तो ट्रैकर 400 में 398सीसी का लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 42 पीएस की पावर और 37.5 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इसे 6-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिप-असिस्ट क्लच के साथ जोड़ा गया है। फीचर्स के तौर पर इसमें डुअल-चैनल एबीएस, स्विचेबल ट्रैक्शन कंट्रोल, ऑल-एलईडी लाइटिंग दिया गया है। 173 किलोग्राम वजन, 13 लीटर फ्यूल टैंक और करीब 28 किमी प्रति लीटर माइलेज के साथ ट्रायम्फ ट्रैकर 400 350-450सीसी सेगमेंट में एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आई है।

## वर्ग पहेली क्रमांक - 2284

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| | ■ | | ■ | 9 | | | ■ |
| ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | | | |
| | ■ | 21 | | ■ | | ■ | |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ |

**बायें से दायें**
1. रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य जिनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ था-7
7. चित्ताकर्षक, दिल को अपनी ओर खींचने वाला-4
8. उपद्रव, गदर, विद्रोह-3
9. नृत्य में एक प्रकार की गति-3
10. अज्ञानपूर्ण, तमोगुण युक्त-3
12. चांद्रमास के किसी पक्ष का कोई दिन, पुण्य दिवस-2
14. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि-2
16. लंबाई, चौड़ाई या गहराई आदि का हिसाब लगाना, मापना-3
18. प्रक्षालन कर्मी, पक्षालक-3
20. जो देखने में सुंदर हो-4
21. गाढ़ा द्रव, लोंदा, स्कंद-2
22. जन्म से मृत्यु तक का समय, जिंदगी, पुरानी फिल्मों का एक प्रसिद्ध खलनायक (निधन 10 जून 1987)-3
23. उपाधि, ओहदा, पोस्ट-3

**ऊपर से नीचे**
1. स्वाद देने वाला, जिसका स्वाद अच्छा हो, सुस्वाद-3
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई जो 1760 गज के बराबर होती है-2
3. आतुरता, अस्थिरचित्तता-4
4. मंच पृष्ठ, स्वांग, परिधान-2
5. क्यू क्रम, संख्या अंक, आकार माप-3
6. दल नायक, सेनापति, कप्तान, टीम नायक-4
9. उसके उपरांत, तदापि-4
11. वर्जित, निषिद्ध-2
13. संगीत के साथ नृत्य करते समय तेजी से अंगों को संचालित करना-4
14. धनुर्विद्या, धनुकौशल, लक्ष्य संधान-4
15. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है-2
17. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो-4
19. अभिव्यक्ति, बयान, तकरीर, अभिलाप-3

**वर्ग पहेली क्र. 2283 का उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | ■ | अं | ग | द |
| रा | ■ | व | त | न | कु | श | ■ |
| री | ड | र | ■ | व | श | ■ | सि |
| ■ | का | ■ | दा | मी | ■ | मा | ता |
| फु | र | स | त | ■ | आ | स | रा |
| स | ■ | ■ | ध्य | व | स्था | ■ | ■ |
| ला | य | क | ■ | जू | ■ | दू | ज |
| ना | ■ | म | द | द | गा | र | ■ |

## भविष्यफल

**मेष** - मानसिक तनाव, उत्तेजना, आवेश पर नियंत्रण रखे, व्यापार-व्यवसाय में व्यवधान।

**वृष** - उद्देश्यपूर्ति के साधन प्राप्त, अतिथि आगमन से मन प्रसन्नता, कुशल संगठन क्षमता।

**मिथुन** - सामान्य दिनचर्या, महत्वाकांक्षी स्वभाव, मित्र वर्ग में लोकप्रिय।

**कर्क** - आशावादी स्वभाव, बिगड़े मामले में सुधार, शरीरादि स्वस्थ, स्थिर चित्त।

**सिंह** - कार्य व्यवहार से अरुचि, कमजोर व्यवहारिक पक्ष, रुके धन की चिंता।

**कन्या** - प्रकृति से उदार, काम-काज के हालात नियंत्रण में, प्रवासादि सार्थक, मन प्रसन्न।

**तुला** - दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्पवान्, अधिकारी वर्ग से मेल जोल, उन्नत विचार।

**वृश्चिक** - विवादित मामले का समाधान प्राप्त, कुशल संगठन क्षमता, व्यवसायिक लाभ।


**धनु** - राजकीय लाभ की चिन्ता, व्यवहार व्यवसाय में अस्थिरता का अनुभव।

**मकर** - विकसित बौद्धिक क्षमता, महत्वाकांक्षी प्रवृत्ति, व्यवसायिक क्षेत्र में व्यस्तता।

**कुंभ** - धर्म में रुचि, स्वार्थ साधन के अवसर प्राप्त, आत्म बल बढ़ा हुआ।

**मीन** - चित्त वृत्ति में सुधार, प्रबल मानसिक शक्ति, अधीनस्थों से प्रसन्नता का अनुभव।

## तेल व तेल प्लांटों के भाव यथावत



**सागर, 26 दिसंबर । स्थानीय तेल बाजार में आज तेलों में नरमी दर्ज की गई। इंदौर इटारसी, भोपाल व विदिशा लाइन के प्लांट 1265 रुपये प्रति दस किलो बोले गए। जो यथावत बने रहे। अमूल 9600/- नोवा 8400/- अरिहन्त 8000/- मूंगफली तेल प्रीमियो जार 2200/- फार्चून रिफाइन-1920 फिल्टर- 1950 पूजाब्राण्ड 1860/- विपुल 1800/- रायल टच (15 लीटर जार) 2020/- टीन 2270/- हेरिटेज (15 किलो) 2120/- धारा (15 लीटर) 2250/- गोपाल 1820/- सनफ्लावर महाकोष 2020/- सनफ्लावर नेचुरल 1820/- सनरिच 0000/- गुडलाईट 1860/- सृष्टि 1730/- प्रेस्टीज 2070/- पामोलीन रुचि 1620/- सोयाबीन तेल फार्चून ब्राण्ड (15 लीटर जार) 2070/- फार्चून (15 किलो) 2160/- कलश (15 लीटर) 1870/- खानपान (15 किलो) 1870/- (15 लीटर) 1870/- रुचि स्टार (15 लीटर टीन) 1870/- मालती 1870/- शंख टीन 2070/- शंख 15 किलो जार-2120/- शंख 15 किलो लीटर-1970/- शंख (5 लीटर कुप्पी) 670/- योगी 1650/- स्वयं 1620/- महाकोष 2120/- कृति (15 किलो जार) 2220/- कृति (15 लीटर जार) 2150/- सिक्का 1990/- सरसों तेल कोल्हू ब्राण्ड 1600/- स्वीकार 1550/- मुरली- 1500/- टेलीफोन- 1500/- सेहत ब्राण्ड 1400/- सिक्का ब्राण्ड 1300/- फार्चून नारियल तेल निखार (15 लीटर) 1800/- कुप्पी 550/- रुचि नं. 1 - 900/- नेचुरल 1000/- रुचि स्टार 1000/- सुमन 950/- रथ 1150/- सनफ्लावर वनस्पति- 1400/।**

### प्लांट तेल भाव

| | | |
|---|---|---|
| इटारसी | 1265 | प्रति 10 कि. |
| नरसिंहपुर | 000 | प्रति 10 कि. |
| बैतूल | 000 | प्रति 10 कि. |
| गाडरवारा | 000 | प्रति 10 कि. |
| भोपाल | 1265 | प्रति 10 कि. |
| इंदौर | 1265 | प्रति 10 कि. |
| विदिशा | 1265 | प्रति 10 कि. |

### दाल बाजार भाव

**दालें प्रति क्विंटल चना दाल चालू 6000-7000, स्पेशल- 7500, मसूर दाल रोल-5000-5200 अरहर दाल (सफेद पटका)- 9000, अरहर (सफेद रोल)- 9000-9500, अरहर (लाल रोल) 9000- 9500, (लाल पटका) 10000 अरहर (स्पेशल) 10500 मूंग छिलका 9200 - 9500, मूंग धोवा 10000 - 11000 उड़द छिल्का- 10000 - 10500, उड़द धोवा- 11000 - 11500, उड़द व्ही.आई.पी. - 12000, तेवरा - 0000 मटर दाल- 4500-4800**

### सब्जी बाजार

| | | |
|---|---|---|
| आलू नया | 10 से 20 | रु. प्रति किलो |
| बरबटी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| प्याज | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| टमाटर | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| लहसुन | 60 से 80 | रु. प्रति किलो |
| अदरक | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| फूल गोभी | 10 से 15 | रु. प्रति नग |
| लौंकी | 10 से 20 | रु. प्रति किलो |
| शिमला मिर्च | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| ककड़ी | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरी मिर्च | 40 से 60 | रु. प्रति किलो |
| परमल | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| हरा धनिया | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| हरा मटर | 35 से 40 | रु. प्रति किलो |
| कद्दू | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| भिण्डी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| गिलकी | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| बैगन | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |

### सागर सराफा

| | | |
|---|---|---|
| चांदी (रिफा.) | 231700/- | कि. ग्राम |
| चांदी (कच्ची) | 230700/- | कि. ग्राम |
| सोना (24 कै.) | 140000/- | 10 ग्राम |
| सोना (रवा) | 139600/- | 10 ग्राम |

### फैंसी सराफा

22 कैरेट 130000 रुपए
20 कैरेट 128000 रुपए,
चांदी जेवर- 2000-2050 रुपए प्रति 10 ग्राम।

सागर सराफा बाजार में आज चांदी रिफाइंड के भाव 6700 रुपये बढ़कर बोले गए एवं कच्ची चांदी की आवक कमजोर रहने से कच्ची चांदी के भाव 6700 रुपये बढ़कर कर बोले गए। सोना व सोना रवा के भाव 300-300 रुपये बढ़कर बोले गए।

### सोने व चांदी की कीमतों में तेजी

मुंबई, सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। इस सप्ताह लगातार चौथे कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। मजबूत वैश्विक संकेतों और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के कारण कीमती धातुओं में यह उछाल दर्ज किया गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के वायदा भाव में मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 477 रुपये की तेजी के साथ 1,38,574 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 1,38,097 रुपये था। इस समय सोना 722 रुपये की तेजी के साथ 1,38,819 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,38,991 रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर भी छू लिया।

वहीं चांदी के वायदा भावों में भी रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 584 रुपये की बढ़त के साथ 2,24,374 रुपये प्रति किलो पर खुला। पिछले सत्र में चांदी 2,23,790 रुपये पर बंद हुई थी। कारोबार के दौरान चांदी 8,009 रुपये की उछाल के साथ 2,31,799 रुपये तक पहुंच गई।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5918

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5917

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

**संक्षिप्त समाचार**

### शासकीय उचित मूल्य दुकान में अनियमितता के चलते एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी किया

**निवाड़ी, आचरण।** सीएम हैल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त शिकायत के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवाड़ी सुश्री मनीषा जैन द्वारा 18/12/2025 को शासकीय उचित मूल्य दुकान चकरपुर की जांच की गई। शासकीय उचित मूल्य दुकान चकरपुर प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मर्यादित मडोर (चकरपुर) द्वारा संचालित है। जांच समय दुकान खुली पाई गई जांच दौरान मौके पर प्रबंधक/विक्रेता महेश यादव उपस्थित रहे। जांच समय दुकान पर दुकान सूचक बोर्ड अन्य जानकारी संबंधित बोर्ड अद्यतन अवस्था में नही पाए गए। जांच समय मौके पर उपस्थित हितग्राहियों द्वारा अवगत कराया गया कि विक्रेता द्वारा माह दिसम्बर 2025 का राशन वितरण नहीं किया गया। जांच समय मौके पर उपस्थित हितग्राहियों द्वारा बताया गया है कि विक्रेता द्वारा माह में पीओएस मशीन से राशन पर्ची काट दी जाती है परंतु खाद्यान् का भौतिक रूप से वितरण अगामी माह में किया जाता है। दुकान में उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें गेहूं 201 बोरी, चावल 83 बोरी, नमक- निरंक बोरी भरी शक्कर- निरंक पाई गई। पोर्टल अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान चकरपुर (0301070) में गेहूं-8220 किलो, चावल-7967 किलो शक्कर 16 किलो तथा नमक-निरंक उपलब्ध होना चाहिए था। इस प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान चकरपुर के प्रबंधक/विक्रेता महेश यादव द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत जारी म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 का स्पष्ट उल्लंघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दंडनीय है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवाड़ी सुश्री मनीषा जैन द्वारा महेश यादव समिति प्रबंधक/विक्रेता सेवा सहकारी समिति चकरपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया वीर बाल दिवस



**निवाड़ी, आचरण।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती ज्योति पांडे के मार्गदर्शन में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस को मनाने की घोषणा 2022 में की गई थी। जिसका उद्देश्य बच्चों में साहस, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। इस अवसर पर बालक बालिकाओं को लाइव प्रसारण दिखाया गया एवं कार्यक्रम में बालक/बालिकाओं के मध्य रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक/बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

### कुएं में युवक का शव उतराता हुआ मिला

**छतरपुर, आचरण।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अरजरिया मार्ग स्थित एक कुएं में शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे एक युवक का शव उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान बंधियन मोहल्ला निवासी धीरज यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और सिटी कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के छोटे भाई सचिन यादव के अनुसार धीरज मंगलवार से लापता था, जिसकी तलाश रिश्तेदारी एवं आसपास के क्षेत्रों में की गई। कोई सुराग न मिलने पर बुधवार को कोतवाली में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार को अरजरिया मार्ग के कुएं में शव मिलने की जानकारी मिली। परिजनों ने राजा भैया और दीपक यादव पर धीरज की हत्या करने का आरोप लगाया है। सचिन यादव का कहना है कि धीरज को अंतिम बार राजाभैया के साथ देखा गया था। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### छतरपुर रैक प्वाइंट पर 2632 मी.टन यूरिया खाद पहुंचा, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में होगा खाद का वितरण: कलेक्टर

आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** शुक्रवार को छतरपुर रेलवे स्टेशन पर यूरिया खाद एनएफएच कंपनी की रैक विजयपुर गुना से 2632 मीट्रिक टन पहुंची। रैक प्वाइंट पर पहुंचकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने खाद की परिवहन एवं वितरण के संबंध में निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुव्यस्थित ढंग से खाद वितरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद के तत्काल उठाव के लिए ट्रकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए और विपणन संघ को 1850 मी.टन और निजी विक्रेताओं को 782 मी.टन यूरिया खाद भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा खाद के परिवहन एवं वितरण में किसी भी प्रकार की शिकायत और लापरवाही आने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने पूरे खाद के परिवहन एवं वितरण प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा किसानों को किसी भी प्रकार से परेशान न होना पड़े और सरकारी रेट पर खाद मिले। जिसके लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने अधिक पीओएस मशीन से खाद वितरण कराने के निर्देश दिए ताकि भीड़ न हो। साथ ही किसानों के बैठने एवं पेयजल आदि की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।



**निजी विक्रेता भी संबंधित तहसील अंतर्गत डबल लॉक केंद्रों से वितरित करेंगे खाद:** कलेक्टर के निर्देशन में शुक्रवार को प्राप्त खाद की रैक से विपणन संघ के भण्डारण केन्द्र छतरपुर को 358 मी.टन, बिजावर को 130, बडामलहरा को 130, बमीठा को 130, लवकुशनगर को 150, गढीमलहरा को 130, बुन्देलखण्ड विपणन सहकारी समिति नौगांव को 81, एमपी एग्रो छतरपुर को 81 मी.टन एवं समितियों में 660 मी.टन (बगौता, मातगुवा, गठेवरा, बरकौहा, रामपुर ढिलापुर, रामपुरकुर्रा, सलैया, गरौली, राजनगर, बसारी, चन्द्रनगर, गंज, मुडेरी, कटहरा, सरबई, कौथेहा, पडवार, देवरा, एवं डिकौली) कुल 1850 मी.टन का भण्डारण शुरू हुआ। जहां से कृषकों को यूरिया खाद वितरण किया जाएगा। निजी उर्वरक विकेताओं को संबंधित तहसील के डबल लॉक वितरण केन्द्र से कृषकों को विक्रय किया जाएगा। निजी विक्रेता भगवानचरण पटेल संजयनगर को 36 मी.टन, चौधरी ट्रेडर्स राजनगर 9, दुलारिया खाद भण्डार राजनगर 18, गोस्वामी बीज भण्डार छतरपुर 75, गुप्ता खाद भण्डार चंदला 27, हलदर आयरन स्टोर हरपालपुर 45, जटाशंकर दाल उद्योग बिजावर 13.500, जटाशंकर कृषि सेवा केन्द्र बिजावर, 4.500, नमस्तु ट्रेडर्स छतरपुर 25, पवन इंटर प्राईजेज छतरपुर 71, संतोष ट्रेडिंग कम्पनी छतरपुर 90, श्रीजी बीज भण्डार बमीठा 36, शालनी दिनेश कुमार अग्रवाल बिजावर 25.200, वर्धमान एण्ड कम्पनी सटई 7.100, तिवारी ट्रेडर्स छतरपुर 4.500 मी. टन का वितरण प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में किया जायेगा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**छतरपुर, आचरण।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों दोस्त क्रिकेट टूर्नामेंट देखकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार ग्राम बरा निवासी राजेश, कालिया और विक्रम तीनों युवक बाइक से 9 किलोमीटर दूर महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टटम में क्रिकेट टूर्नामेंट देखने गए थे। देर शाम टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद वे वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शाम का अंधेरा और धुंध के कारण सड़क पर दृश्यता कम थी। रास्ते में तेज रफ्तार बाइक सड़क पर जा रहे एक जानवर से टकरा गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पास के पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में बाइक चला रहे 19 वर्षीय विक्रम अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ बैठे राजेश और कालिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों का उपचार जारी है।

## 69वीं राष्ट्रीय शालेय (14 वर्ष) बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में पांचवे दिन खेले गए 6 मैच



**टीकमगढ़, आचरण।** जिले में 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में आज प्रतियोगिता के पांचवे दिन ढोंगा ग्राउंड पर 4 क्वाटर फाइनल मैच तथा दो सेमीफाइनल मैच खेले गये, जिसमें खिलाड़ियों उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के पांचवे दिन पहला मैच पंजाब और मध्यप्रदेश के मध्य खेल गया, जिसमें पंजाब ने 6 और मध्यप्रदेश ने 3 गोल दागे, 3 गोल से पंजाब को विजेता घोषित किया गया। दूसरा मैच बिहार और झारखंड के मध्य हुआ जिसमें झारखंड ने 13-0 से विजय हासिल की। तीसरा मैच मणिपुर और उड़ीसा के मध्य खेला गया जिसमें मणिपुर 9-2 से विजय हुई। चौथा क्वाटर फाइनल मैच उत्तरप्रदेश और हरियाणा के मध्य खेला गया जिसमें उत्तरप्रदेश 8-1 से विजय हुई। इसी प्रकार प्रतियोगता का पहला सेमीफाइनल मैच पंजाब तथा मणिपुर के बीच खेला गया, जिसमें पंजाब की टीम ने 7 गोल तथा मणिपुर की टीम ने 2 गोल किये, पंजाब की टीम ने 5 गोल से विजय हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। इसी प्रकार दूसरा सेमीफाइनल मैच झारखंड तथा उत्तरप्रदेश के मध्य खेला गया जिसमें उत्तरप्रदेश की टीम ने 3 गोल तथा मणिपुर की टीम ने 1 गोल किये, पंजाब की टीम ने 2 गोल से विजय हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। 27 दिसम्बर को प्रतियोगिता का फाइनल मैच पंजाब तथा उत्तरप्रदेश के मध्य खेला जायेगा। साथ ही तीसरे स्थान के लिये मणिपुर तथा झारखंड के मध्य मैच खेला जायेगा।

### जिले की बालिका टीम को स्वर्ण एवं बालक टीम को मिला कांस्य पदक

**टीकमगढ़।** शाजापुर में 38वीं सब जूनियर राज्यस्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 25 से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक एवं बालक टीम ने कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश में टीकमगढ़ जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बालिका टीम ने इंदौर को 3 रन के मुकाबले 4 रन से पराजित कर पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जिसमें जिले की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी कु. कामना झा को उत्कृष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। टीकमगढ़ टीम के कोच प्रसन्ना कुमार एवं देवेश चंदेल रहे। राज्यस्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों द्वारा किये उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार, एएसपी विक्रम सिंह, प्रियंक खरे, धनीराम एवं सभी खिलाड़ियों ने टीकमगढ़ टीम को शुभकामनाएं दी।

## शासकीय सांदीपनि कन्या उच्चतर विद्यालय में वीर बाल दिवस अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**टीकमगढ़, आचरण।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में शासकीय सांदीपनि कन्या उच्चतर विद्यालय तहसील बड़ागांव जिला टीकमगढ़ वीर बाल दिवस अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर शिखा शर्मा वन स्टॉप सेंटर टीकमगढ़ द्वारा छात्राओं को वीर बाल दिवस से संबंधित गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों के बलिदान की कहानी बतायी जिसमें गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों का बलिदान सत्य, साहस, धर्म और देश के लिए बलिदान देना सिखाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में साहस, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। इसके साथ ही महिलाओं और बालिकाओं के लिये संचालित अपातकालीन और गैर आपातकालीन सेवाओं तक त्वरित पहुच सुविधा के लिये उन्हें सहायता किस प्रकार प्राप्त हो इस हेतु छात्रों को दी जाने वाली सहायताओं के बारे में बताते हुये आवश्यक हैल्पलाइन नंबर जैसे 181 महिला हैल्पलाइन, चाइल्ड हैल्पलाइन नं. 1098, सायबर क्राईम से बचाव के लिये साइबर हैल्पलाईन नंबर 1930 एवं डायल 112 के उपयोग के बारे में बताया। परामर्शदाता फिरदौस अंजुम ने बाल विवाह के विरुद्ध 100 दिवसीय चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत जिला स्तर में संचालित कन्ट्रोल रूम और टोल फ्री नंबर 181, 1098 की जानकारी दी। शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी ताकि वे विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सके। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य रामकिशोर राजपूत, उप प्राचार्य प्रीति जैन, समस्त शिक्षकगण, छात्राये, एवं वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ उपस्थित रहा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**छतरपुर।** बमीठा ओवर ब्रिज बायपास रोड की नाली के पास शुक्रवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान खैरी निवासी सरजू कुशवाहा के रूप में हुई है। शव के पास सल्फास की खुली डिब्बी मिली है, जिससे प्राथमिक रूप से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है।

## रोल प्रेक्षक ने एसआईआर के संबंध में बैठक की

**छतरपुर, आचरण।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में संशोधित कार्यक्रम अनुसार छतरपुर जिले में रोल प्रेक्षक सतेन्द्र सिंह वि.क.अ. सह संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं म.प्र. द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसआईआर के संबंध में बैठक की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मिलिंद नागदेवे एवं राजनैतिक दल इण्डियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया (मा.) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों द्वारा एसआईआर के दौरान जिला प्रशासन द्वारा किये गये कार्यो से संतुष्टि व्यक्त करते हुये जिला प्रशासन के कार्यो की प्रशंसा की गई। रोल प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाता सूची का गहन परीक्षण कर बीएलओ को त्रुटियों के सुधार के निर्देश दिएरोल प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र 52 बिजावर के मतदान केन्द्र क्रमांक 20-मातगुवां (बीएलओ पुष्पेन्द्र कुशवाहा) 21 मातगुवां (बीएलओ नंदकिशोर वर्मा), 22-तिगैला मातगुवां (बीएलओ मो. हैदल अली) एवं 23 तिगैला मातगुवां (बीएलओ राजकुमार गुप्ता) एवं विधानसभा क्षेत्र 53-मलहरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 179-मुंगवारी (बीएलओ राकेश जैन) एवं 180-मुंगवारी (बीएलओ नरेन्द्र कुमार जैन) का भ्रमण कर मतदाता सूची का गहन परीक्षण कर बीएलओ को त्रुटियों से अवगत कराते हुए सुधार करने के निर्देश दिये।

## ओबीसी महासभा ने सात सूत्रीय मांगों को कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**पलेरा, आचरण।** ओबीसी महासभा जिला इकाई ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम पलेरा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन। जिसमें बताया गया है कि एसडीएम कोर्ट तत्काल स्थापना करवाई का सुचारू रूप से लगाया जाए। तहसील पलेरा के अंतर्गत आने वाली ग्रामों में गोचर भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराई जाए। तहसील पलेरा में लंबित पड़े प्रकरणों को शीघ्र ही निपटाया जाए। जैसे बंटवारा, नामांतरण और फौती नामांतरण 2.0 के नामांतरण भी किए जाएं। जिन ग्रामों में गौशाला नहीं है वहां गौशाला खोली जाए। पलेरा नगर में सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे अति शीघ्र लगाये जाए जिससे आए दिन हो रहे हैं वारदातों में अंकुश लगाया जा सके। विद्युत मंडल पलेरा अंतर्गत सभी खेतों के खराब पड़े विद्युत ट्रांसफर को जल्द से जल्द बदले जाए। जिससे किसानों की फसलों को सही समय पर पानी मिल सके। आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।साथ ही सात दिवस के अंदर मांगों को पूर्ण नहीं गया तो वह उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। इस मौके पर, सीबी कुशवाहा, उत्तम नापित ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष, दादा नीलेश यादव, भगवानदास बाबा, रविंद्र यादव, शान सिंह यादव, संजय कुशवाहा, पुष्पेंद्र अहिरवार, मनोज रैकवार, प्यार कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेन, उमेश कुशवाहा, रहीस अहिरवार, रामकुमार यादव सपा नेता सहित मौजूद रहे। ला लगता है। झांकियां, घोड़े-ऊंट, बैंड बाजे के साथ मनाया गया। शाम तक चला समारोह सामूहिक आरती, भोज और सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न। गढ़कुंडार महोत्सव की पूर्वपीठिका बनी यह शोभायात्रा क्षेत्रीय एकता का प्रतीक बनी। इस मौके पर ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष उत्तम नापित, सपा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, उपाध्यक्ष रानू तिवारी सहित समस्त लोग मौजूद रहे।।

## महाराजा खेत सिंह जू देव की 885वीं जयंती पर निकली शोभायात्रा



**पलेरा, आचरण।** नगर पलेरा में गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेत सिंह खंगार जू देव जी की जन्म जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 25 दिसंबर 2025 को गुरुवार को आयोजित इस समारोह में हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें झांकियां, भजन-कीर्तन और पारंपरिक वेशभूषा प्रमुख आकर्षण बने। क्षत्रिय खंगार समाज के नेतृत्व में निकली यह यात्रा स्थानीय इतिहास और वीरता की गाथा को जीवंत कर गई। गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को आमंत्रित किया गया। ऐतिहासिक महत्व महाराजा खेत सिंह खंगार ने 12वीं शताब्दी में गढ़कुंडार को बुंदेलखंड की प्रथम राजधानी बनाया। वे शेरचिरा कथा के शेरों से भिड़ने वाले वीर योद्धा के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनकी जयंती पर मध्य प्रदेश सरकार 27-29 दिसंबर को निवाड़ी जिले के गढ़कुंडार में तीन दिवसीय महोत्सव आयोजित करती है, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेला लगता है। झांकियां, घोड़े-ऊंट, बैंड बाजे के साथ मनाया गया। शाम तक चला समारोह सामूहिक आरती, भोज और सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न। गढ़कुंडार महोत्सव की पूर्वपीठिका बनी यह शोभायात्रा क्षेत्रीय एकता का प्रतीक बनी।

**कार्यक्रम**

### शास.उ.मा. विद्यालय क्र. 1 में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों को नमन करते हुए वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**टीकमगढ़, आचरण।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को नमन करते हुए वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ कुमार ने कार्यक्रम के शुभारंभ में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कार्यक्रम में राष्ट्रगान का गायन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि हमें अपने इतिहास को और उन महापुरुषों को याद रखना चाहिए जिन्होंने हमारी आजादी एवं संस्कृति की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सच्चे सपूतों गुरु गोविंद साहब के साहिबजादों वीर फतेह सिंह व बाबा जोरावर सिंह की शहादत को देशभर में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निश्चय किया, आज देश ही नहीं पूरी दुनिया में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। वीर साहिबजादों ने मुगलों के सामने धर्म परिवर्तन ना करते हुए अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए शहादत अपनाई, यहां पर बैठे विद्यार्थियों को आज के दौर में वीर महापुरुषों को याद करते हुए मोबाइल की दुनिया से परे अपने इतिहास को पढ़ना चाहिए और आज समय के अनुकूल विकसित भारत के विजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा इतिहास त्याग, तपस्या एवं बलिदानों से भरपूर रहा है, यह धरती वीर जननी है, जहां साहिबजादों जो केवल 6 और 11 वर्ष की आयु के रहे उन्होंने अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में हमें सीखना है अपने देश का इतिहास जो हमारे चरित्र निर्माण में सहायक रहेगा, इस देश पर हजारों अक्रान्ताओं ने आक्रमण किया, पर वीर सपूतों की शहादतों ने देश को आज भी अपने अटल रूप में रखा है। स्कूल प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों में देश प्रेम व इतिहास के महापुरुषों को अपने जीवन का आदर्श बनाने में व सीखने पढ़ने की ललक जगे। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, केके अग्रवाल, सुरेश दोंदरिया, अरविंद खटीक, सौरभ खटीक, स्वपनिल तिवारी सहित स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया



**छतरपुर, आचरण।** जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया द्वारा शा.प्रा.शा. बूढा, शा.मा.शा.पुछी, गौशाला ग्रा.पं.पुछी, प्रा.शा.बगरनपुरवा, प्रा.शा.दालौन, मा.शा.कसार में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा.प्रा.शा. बूढा शालाओं में मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार वितरण नहीं किया जा रहा था, शिक्षक धूप में खड़े मिले। बच्चे पढ़ाई के इंतजार में कक्षा में पाये गये। कार्यरत स्वसहायता समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शा.मा.शा. पुछी में मीनू अनुसार खाना दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नीलम प्रजापति मा.शि. धूप लेती हुई मिली, प्रतिमा गोस्वामी मा.शा.बिना आवेदन पत्र दिये शाला से अनुपस्थित पाई गई। उक्त संबंध में संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। गौशाला पुछी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान लगभग 102 गौवंश पाये गये। गौशाला में भूसा मिला। गोबर से कंडे बनाकर बेचने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। प्रा.शा. बगरनपुरवा का निरीक्षण दौरान शाला प्रबंधन समिति को मीनू अनुसार खाना बनवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रा.शा.दालौन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान शाला प्रबंधन समिति को मीनू अनुसार खाना बनवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त दिन मध्यान्ह भोजन में मूंग की दाल एवं रोटी बनाना पाया गया, जबकि मीनू के अनुसार मटर या चना की सब्जी के साथ में दी जाना थी। मा.शा.कसार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये, परन्तु कुछ कक्षाओं में शिक्षक पढ़ाते नहीं मिले। इस हेतु समक्ष में निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय पर कक्षा में उपस्थित होकर बच्चों की पढ़ाई कराएं। साथ ही शाला में मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार वितरित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ग्रा.पं. कसार में ग्राम सभा में भी सम्मिलित हुये। गांव में अधिक से अधिक समूह बनाने हेतु निर्देश दिये तथा समूह के माध्यम से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंप लगाकर किया मेडिकल मिशन शुरू

शिवपुरी। मेडिकल मिशन का प्रारंभ श्रीमंत महाराज ज्योतीरादित्य सिंधिया के दिशा निर्देशन अनुसार 25.12.2025 को सर्वप्रिय स्मृति शेष अटल के जन्म दिवस के अवसर पर ग्राम सुभाषपुरा में कैंप लगाकर किया गया। रोटरी अध्यक्ष दीपेश सांखला अपनी रोटरी टीम 2025/ 26 , मेडिकल अधिकारी एवं उनके सहयोगी टीम , स्थानीय सरपंच ग्राम इंदरगढ़ , आशा कार्यकर्ताओं के साथ दीप प्रज्वलन एवं सर्वप्रिय अटल जी को स्मरण एवं माल्यार्पण कर रोटरी मेडिकल मिशन का प्रारंभ किया गया ! यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन, माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन , रोटरी डिस्ट्रिक 3053 द्वारा आयोजित होकर रोटरी क्लब शिवपुरी के तत्वाधान में आयोजित हुआ! इसमें रोटरी क्लब के डॉक्टर एस के वर्मा ,डॉक्टर दिलीप जैन, दीपेश सांखला अध्यक्ष ,दिलीप वैश्य उपाध्यक्ष, दुष्यंत गोयल सह सचिव ,कार्यक्रम संयोजक रोटरी गोविंद अग्रवाल (सुरभि) ,राजेश वर्मा ,मुकेश गुप्ता शिवा के साथ पवन जैन ,पदम सिंह धाकड़ सरपंच इंदरगढ़ एवं डॉ महेंद्र सिंह कुशवाह, डॉ विनय पीपल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुभाषपुरा अपनी टीम एवं आशा कार्यकर्ताओं का संपूर्ण सहयोग रहा! रोटरी अध्यक्ष दीपेश सांखला द्वारा आगामी कैंपों में भी सभी से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई उपस्थित सभी डॉक्टरों द्वारा मरीज को विविध रोगों के लक्षण एवं उनके बचाव के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। रोटी क्लब द्वारा वहां उपस्थित सभी डॉक्टर ,मेडिकल स्टाफ एवं सहयोगियों का माल्यार्पण कर उनके सहयोग के लिए स्वागत एव धन्यवाद अर्पित किया गया।

### रेप पीड़िता ने किया जान देने का प्रयास

शिवपुरी। नगर की प्रथम नागरिक यानि नपाध्यक्ष के बेटे पर जिस लड़की ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है, उस लड़की ने बीते 24 दिसंबर की शाम लगभग 40 नींद की गोली तथा चूहा मारने की दवा खाकर जान देने का प्रयास किया। लड़की की हालत बिगड़ने पर उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे ग्वालियर भेजने की तैयारी है। पीड़िता ने नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा, उनके पति संजय शर्मा एवं बेटे रजत शर्मा पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। रेप पीड़िता ने पहले अपना सुसाइड नोट लिखने के बाद उसे अपनी एफबी आईडी पर डाला,और उसके बाद खुद की जान देने के लिए.नींद की गोलियां व चूहे मारने की दवा गटक ली। पीड़िता ने बताया कि पुलिस से लेकर उनके नजदीकी मुझ पर लगातार यह दवाब बना रहे हैं कि मैं अपना केस वापस ले लूं। इतना ही नहीं अध्यक्ष के कुछ नजदीकी यह भी धमकी देते थे कि यदि उनकी बात नहीं मानी तो वो कटवा कर फिंकवा देंगे। पीड़िता और उसकी मां ने बताया कि चार दिन पहले नपाध्यक्ष ने जेसीबी भेजकर हमारे घर का चबूतरा तुड़वाने के साथ ही सीवर का चेंबर भी तोड़ दिया। जिसके चलते कॉलोनी के लोग भी यह कहने लगे हैं कि तुम्हारी वजह से कॉलोनी की सड़क नहीं बन पा रही। पीडित ने कहा कि नपाध्यक्ष हमारे परिवार को जान बूझकर सामाजिक तौर पर भी प्रताड़ित कर रहे हैं।आए दिन हमें धमकी भरे संदेश पहुंचाते हैं। पिछ्ले दिनों भी पीड़िता के एक रिश्तेदार के माध्यम से धमकी भरा संदेश भिजवाया था। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर लड़की ने अपनी जान देने के उद्देश्य से नींद की गोलियां व चूहे मारने की दवा गटक ली। चूंकि लड़की ने पहले सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर वायरल किया।

### खेल महोत्सव में खिलाड़ियों को परोसा गया दूषित भोजन, 8 बच्चे बीमार

**कटनी।** पिछले एक महीने से चल रहे सांसद खेल महोत्सव का समापन गत दिवस पन्ना जिला मुख्यालय में किया गया। सांसद खेल महोत्सव में शामिल रहे खिलाड़ियों को दूषित भोजन परोसा गया जिसे खाने से लगभग 08 बच्चों की तबीयत खराब हो गई । सभी पीड़ित बच्चों को पन्ना से जिला अस्पताल कटनी रिफर किया गया है जहां उनका इलाज जारी है। आयोजित सांसद खेल महोत्सव समापन के दौरान एक बड़ी घटना सामने आई है। बच्चों को दिए गए दूषित भोजन से 8 बच्चे बीमार हो गए। बच्चों की खाना खाने के बाद हालत बिगड़ी तो इस घटना से हड़कम्प मच गया है। आनन फानन में सभी बच्चों को उपचार के लिए कटनी जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बतलाया गया है कि सांसद खेल महोत्सव में कटनी जिले से लगभग आधा सैकड़ा बच्चे पन्ना जिला मुख्यालय में आयोजित समापन समारोह में सम्मिलित होने गए थे। इस दौरान यहां बच्चों को दूषित खाना वितरित किया गया। जिसके सेवन से 8 बच्चों की हालत बिगड़ गई। इस घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। बच्चों को तत्काल एम्बुलेंस से कटनी लाया गया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उन्हें भर्ती करते हुए इलाज किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करने से पूर्व खिलाड़ियों के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। आनन फानन में महोत्सव तो आयोजित कर लिया गया मगर खिलाड़ियों की सुविधा का कोई ख्याल नहीं रखा गया। पूरे महोत्सव के दौरान खिलाड़ियों को गुणवत्ता विहीन भोजन परोसा गया,जिसके परिणाम स्वरुप समापन के दिन बच्चों की हालत बिगड़ गई।

**गोदाम में भंडारित 750 क्विंटल धान निकासी पर रोक: कटनी।** गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में बुधवार को संयुक्त जांच दल ने बुधवार को ग्राम देवरी टोला स्थित दीपक राइस मिल कि जांच की। जांच के दौरान परिसर में लगभग 750 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। मौके पर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक रोक लगा कर संचालक दीपक फेरवानी को आवश्यक निर्देश दिये गये। जांच में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ल एवं जिला प्रबंधक नान देवेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

## अधिकारियों पर लगाया अन्य विभागों का काम करवाने का आरोप

# पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** शासन के निर्देश अनुसार जनपद की सभी 415 ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों की भर्ती इसलिए की गई थी, कि वह पंचायत संबंधी कामों में हाथ बटा सकें, जिससे लोगों के कम समय पर हो सके। लेकिन पंचायत सहायकों को इन कामों के अलावा अन्य विभागों के कामों में लगा दिया गया है, जिससे वह काफी परेशान हैं। इसके साथ ही उन्हें पिछ्ले करीब 6 माह से उनकी वेतन भी नहीं दिया गया है, जिस कारण वह काफी आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर जनपद के करीब एक सैकड़ा पंचायत सहायकों ने क्लेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर सभी मांगों के जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग उठाई। शुक्रवार को पंचायत सहायक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत के सचिवालय पर पंचायत सहायक की नियुक्ति पंचायत कार्यालय संचालन के लिए की गयी थी, जिसके क्रम में पंचायत सहायक ग्रामीण स्तर पर पंचायत कार्यालय के माध्यम से ग्रामीणों को सेवाए प्रदानकर रहे हैं और लगातार अपने कार्यों में प्रयासरत हैं। लेकिन अधिकांश ग्राम पंचायतों में पचायत सहायक की विगत 5-6 माह से मानदेय नही मिलने के कारण तथा अन्य समस्याओं के चलते पंचायत सहायक प्रताड़ित हो रहे जिसके सम्बन्ध में इस ज्ञापन के माध्यम से उनकी मांग है कि सभी पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों का मानदेय प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के मध्य एवं पूर्ण भुगतान होना चाहिए और प्रत्येक माह इसकी जिला/ब्लॉक स्तर से समीक्षा की जाये । मानदेय निर्धारित समय पर हस्तांतरित नहीं किए जाने पर सम्बंधित को दोषी मानते हुए प्रशासनिक कार्यवाही की जाये। जिन पंचायतों में इन्टरनेट की व्यवस्था नहीं है वहा इन्टरनेट उपलब्ध कराया जाये, जिससे ऑनलाइन कार्यों को समय से सम्पन्न किया जा सके, साथ ही पंचायत सहायकों से बहुत से सर्वे कार्य कराए जाते हैं, फील्ड़ के कार्य करने के लिए उच्चगुणवता के मोवाइल फोन/ टैबलेट उपलब्ध कराए जाए। ग्राम पंचायत सचिवालयो में हो रहे भुगतान, पंचायत सहायको के दवारा ही कराए जाए, वे समस्त प्रकार के अभिलेख यथा परिवार रजिस्टर पंचायत भवनों में ही रखे जाए। अन्य विभागीय कार्य कराए जाने पर अलग से सेवा शुल्क दिया जाए, व बेवजह नोटिस देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। इस ज्ञापन के माध्यम से पंचायत सहायकों ने सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग उठाई अन्यथा की दृष्टि में वृहद धरना प्रदर्शन आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। दिए गए ज्ञापन पर एक सैकड़ा से अधिक पंचायत सहायकों की हस्ताक्षर बने हुए हैं।

## भारत रत्न अटल जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने किया याद, विचार व्यक्त किए

आचरण संवाददाता

**कटनी।** भाजपा जिला कार्यालय सहित जिले के चारों विधानसभाओं के 26 मंडलों में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती मनाई गई और सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए अटल जी के जीवन को याद किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं अटल स्मृति दिवस के प्रभारी उपाध्यक्ष रवि खरे ने अटल बिहारी वाजपेयी को सहिष्णुता, संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अटलजी ने राजनीति को गरिमा प्रदान की और लोकतंत्र को मजबूत किया। इसके साथ ही अन्य वक्ताओं ने उन्हें केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युग बताया। इस अवसर पर लोगों ने अटल जी के आदर्शों और लोकतांत्रिक मूल्यों को याद किया। जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला एवं सोशल मीडिया प्रभारी सचिन तिवारी ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रप्रेम, लोकतांत्रिक मूल्यों और सेवा भाव का अमूल्य मार्गदर्शन है। उनके आदर्श और सुशासन की भावना आज भी सभी को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा ने बताया कि अटल स्मृति दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में अटल बिहारी बाजपेई जी के जीवन, राष्ट्रसेवा,विचारों और सुशासन की प्रेरक विरासत पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसे चार दिनों तक कार्यकर्ता एवं जनता अवलोकन कर सकती है। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के विचारों को आत्मसात करने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मजयंती के अवसर पर जिले के सभी मंडलों में भी अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुड़वारा मंडल में जैन बोर्डिंग के उस स्थल पर पर अटल जी को नमन किया गया जहां अटल जी कटनी प्रवास के दौरान रुके थे तथा भोजन ग्रहण किया था। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारियों तथा मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मुड़वारा के मंडल अध्यक्ष संजू गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गढोली कला निवासी एक ग्रामीण ने मध्य प्रदेश निवासी आधा दर्जन से अधिक विपक्षियों पर गांव आकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देकर घरेलू सामान की तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया। ग्राम गड़ोली कला निवासी कैलाश किशोर अवगत कराया कि उसके कुछ रिश्तेदार टीकमगढ़ जनपद अंतर्गत थाना पलेरा के ग्राम बख़्तरपुरा टोरिया में रहते हैं, जिनसे उनकी पुरानी रंजिश चली जा रही है। इसी पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी रविंद्र कुमार पुत्र अच्छे लाल अपने सात अन्य साथियों के साथ उसके गांव आ धमका और उसके घर पर आकर एक राय होकर उसके साथ जमकर गाली-गलौज की। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर में रखे हुए सामान के साथ तोड़फोड़ की, जिससे उसका नुकसान हो गया। न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर सभी आठों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया। वही, सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला रैदासपुरा में दो लोगों के बीच उत्पन्न हुए विवाद को लेकर एक पक्ष के दबंग ने विपक्षी को मौके पर दबोचकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

## ग्रामीणों ने जाति प्रमाण पत्र जारी करवाने के लिए क्लेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** शासन के निर्देश पर जनपद में अब विमुक्त घुमंतू बैंगा अनुसूचित जनजाति के ग्रामीणों ने जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने लगे हैं। लेकिन कई अधिकारी कर्मचारियों की लचर कार्य प्रणाली के चलते जनपद की कई तहसीलों में आज भी ऐसे लोगों के प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं, जिसको लेकर वह काफी परेशान है। इसी समस्या को लेकर विमुक्त घुमंतू बैंगा अनुसूचित जनजाति के ग्रामीणों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु क्लेक्ट्रेट परिसर में पारंपरिक तरीके से धरना प्रदर्शन किया और डीएम को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द प्रमाण पत्र बनाए जाने की मांग उठाई। शुक्रवार की सुबह जनपद के करीब आधा सैकड़ा विमुक्त घुमंतू बैंगा अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण क्लेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की मांग उठाई। इस दौरान सभी विमुक्त घुमंतू अनुसूचित जाति के ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से ढोल बाजे और नाचते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जनपद की महरौली मड़ावरा सहित अन्य तहसीलों के अधिकारियों पर शासन के निर्देश के बाद उनके जाति प्रमाण पत्र न बनाने का आरोप लगाया। पीड़ित ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वह जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछले कई सालों से परेशान हैं जिसके लिए उन्होंने जिला स्तर से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक प्रदर्शन किया जिसके परिपेक्ष में शासन ने उसकी उनके जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश जारी किए थे। जनपद की कई तहसीलों में तो उनकी जाति के प्रमाण पत्र बनाए जाने लगे हैं लेकिन जनपद की महरौनी मड़ावरा सहित कई तहसीलों में आज भी उनकी जाति के प्रमाण पत्र नहीं बनाई जा रहे, जो अधिकारी कर्मचारियों की लचर कार्य प्रणाली को उजागर करता है। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया, जिसमें अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश में बैंगा समाज अनुसुचित जाति में आती है। उत्तर प्रदेश के सभी तहसीलों व ब्लॉक में गांव में निवास करते हैं। बैंगा समाज को यदि कोई व्यक्ति का आकस्मिक निधन हो, तो उनके परिजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

## हिंदू युवक की हत्या के विरोध में बजरंग सेना ने किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** हाल ही में बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की बेरहमी से हुई नृशन्स हत्या के विरोध में जनपद के कई हिंदूवादी संगठनों में उबाल देखा गया और उन्होंने एकजुट होकर बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं और चौराहे पर बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंक कर उन्हें चेतावनी भी जारी की। इसी सिलसिले में हिंदूवादी संगठन बजरंग ने प्रदर्शन किया और बांग्लादेश का पुतला भी फूंका। संगठन का का आरोप है कि बांग्लादेश में जिस तरह निर्दोष हिंदू की पहले हत्या की गई और फिर उसके शव को लटका कर जला दिया गया, यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और बांग्लादेश सरकार को इसका संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। हिंदूवादी संगठन ने यह भी कहा कि जिहादियों ने जो आरोप हिंदू युवक पर लगाए थे, वह भी बुनियाद है और यह वहां की सरकार ने भी माना है। बांग्लादेश में हिंदुओं की दुर्गति को देखते हुए और हाल ही में हिन्दू युवक दीपू चरण दास की बेरहमी से की गई हत्या के बाद उसके शव को पेड़ से लटका कर जला दिया गया, इसको लेकर जनपद के हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना के कार्यकर्ताओं में शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ काफी उबाल और आक्रोश देखा गया। इसी मामले को लेकर हिंदूवादी संगठन शहर के कंपनी बाग में एकत्रित हुआ, जहां उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हिंदू युवक की बेरहमी से की गई हत्या पर काफी आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद रणनीति के करीब आधा सैकड़ा से अधिक पदाधिकारी कार्यकर्ता कंपनी बाग से होते हुए शहर की सड़कों बांग्लादेश का पुतला लेकर निकले और बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शहर के घंटाघर पर पहुंचे। इस दौरान वह बांग्लादेश सरकार का पुतले को जूते चप्पलों से पीटते हुए नजर आए। इसके बाद बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया और वहां सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस पुतला दहन के साथ बांग्लादेश सरकार को यह चेतावनी भी दी गई।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सागर**

क्र./मण्डी/स्टोर/भा.भु.यो./2025-26/1453 सागर,दिनांक 23/12/2025

**विज्ञप्ति सूचना**

सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता हैं कृषि उपज मण्डी प्रागण सागर में 50 किलोवाट का जनरेटर स्थापित है जिसका मरम्मत कार्य कराया जाना है।

अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति बन्द लिफाफे में अपनी दरें दिनांक 02/01/2026 तक मंडी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त कुटेशन दिनांक 05/01/2026 को उपस्थित निविदाकारो के समक्ष खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

नोट- उक्त कार्य एंव अन्य जानकारी के सबंध मे कार्यालयीन समय में मंडी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति सागर

**न्यायालय तहसीलदार बण्डा जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक क./01/B-113/प्रवा./2025 बण्डा दिनांक 24/12/2025

**//इश्तहार//**

इश्तहार के जरिये समस्त ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है आवेदक रूपरानी सरपंच तथा अन्य सभी निवासी सिंगरावन तह0 बण्डा द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार श्री गोपाल जी मंदिर ट्रस्ट कमांक 58 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अ0वि0अ0 महो0 बण्डा के समक्ष पेश किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियम पेशी दिनांक 16/01/2026 तक पेश कर सकता है। पेशी निकल जाने के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 28/12/2025 को मेंरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
बण्डा जिला सागर


## सफलता

## सस्ते सोने का लालच देकर साढ़े 8 लाख लूटे थे

# लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले पारधी गिरोह को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

आचरण संवाददाता

**कटनी।** फरियादिया बबीता डेहरिया पति नारायण डेहरिया उम्र 37 वर्ष साकिन हडई थाना हर्रई जिला छिंदवाड़ा के द्वारा थाना में रिपोर्ट लेख कराई कि इस साल रक्षाबंधन के समय कटनी में एक पारधी महिला रेल्वे स्टेशन के पास मिली थी जिससे सस्ते दाम में सोना देने की बात हुई थी। उस महिला से फोन पर लगातार बात होने लगी। फिर आज से करीब 20 दिन पहले मैं अपने भाई विशन लाल उईके के साथ मुड़वारा स्टेशन के पास उस महिला से मिली। पारधी महिला के साथ दो आदमी भी थे, जिन्होनें अपने पास से एक सोने की गिन्नी दिखाई जो हम लोग हाथ में लेकर देखे तो एकदम सोने जैसी लग रही थी। महिला बोली हमारे पास 07-08 किलो सोना है लेना है तो जल्दी पैसों की व्यवस्था कर लो नही तो किसी और को बेच देंगे। फिर हम लोग वापस अपने घर चले गए। सस्ता सोना खरीदने की बात अपने परिचितों से की तो सभी सोना खरीदने को राजी हो गए। फिर 24 दिसंबर को पारधी महिला का फोन आने पर मैं, विशन लाल उईके, विकास बंजारा, अनिल नायक व मुकेश सोनी नगद 08 लाख रूपये लेकर कार से कटनी आए। महिला ने हमें खरखरी स्कूल के पास का लोकेशन भेजा जो हम सभी कार से वहां पहुंचे। वहां पर 01 महिला और 03 पुरूष पहले से खड़े थे। उन्होंने बोला कि पहले पैसा दिखाओ तब सोना देंगे। तब हमने भूरे रंग के बैग में रखे हुए 8 लाख रूपये उनको दिखाए, तभी वहां पर 1 पुरूष और 1 महिला और आ गए। उन सभी ने हमें घेर लिया और चाकू निकालकर गालियां देना शुरू कर दिए। उनमें से एक पारधी ने विकास बंजारा के गले में चाकू अड़ाकर रूपयों से भरा बैग छीन लिया और मुकेश व विकास का फोन छीनकर दो मोटर साइकल में चिल्लाते हुए यह कहकर भाग गए कि यहां दुबारा दिखे तो जान से खत्म कर देगें। हम सभी लोग बहुत ज्यादा डर गए। जिन्होनें हमारे साथ घटना घटित की है उन्हें देखकर पहचान लेगें। पुलिस टीमों के द्वारा क्षेत्र में नाकाबंदी करते हुए सरगर्मी से पता तलाश की गई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बताए हुलिए के पारधी कैलवारा बायपास के पास दो मोटर सायकल से देखे गए है जिनके साथ दो महिलाएं भी है। सूचना पर तत्काल सभी टीमों ने घेराबंदी करते हुए 4 पुरूष व 2 महिलाओं को मोटर साइकल समेत पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर खरखरी के पास चाकू की नोंक पर 8 लाख रूपये की लूट करने की घटना को स्वीकार किया गया। सभी आरोपियों के कब्जे में अलग -अलग लूट की पूरी रकम 8 लाख रूपये मय बैग के जप्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों में बुश लाल पारधी पिता हर प्रसाद पारधी उम्र 32 वर्ष साकिन बिरूहली थाना रीठी से बरामदगी 1.50 लाख रू नगद व 1 चाकू, 1 मोबाईल फोन दूसरा बाबू सिंह पिता लक्ष्मण सिंह पारधी उम्र 23 वर्ष साकिन बिरूहली थाना रीठी से बरामदगी 1.50 लाख रू नगद, 1 चाकू वा घटना में प्रयुक्त मो.सा. होण्डा हारनेट क्र. एम.पी 21 जेड.एच 9426 की. 1.20 लाख, 1 मोबाईल फोन तीसरा ग्यारह बाबू पारधी पिता लक्ष्मण सिंह पारधी उम्र 23 वर्ष साकिन बिरूहली थाना रीठी से बरामदगी 1.50 लाख रू. 1 चाकू व 1 लाख रू नगद, 1 मोबाईल फोन तथा चौथा सरीना उर्फ सहरीना पति बुश लाल पारधी है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/38 **//सूचना//** सागर दिनांक- 22/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयनामा /दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1521/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | नन्दकिशोर पिता गोरेलाल पटैल | निशा पति मनोज लोधी |
| 2 | 1522/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मथुराबाई पति स्व. खुमान एवं लिखान, धनीराम,गोपाल,जीवनदास सभी पिता स्व. खुमान पटैल | कल्पधाम बिल्डर्स एण्ड डेव्लपर्स सागर द्वारा पार्टनर-1-पुरूषोत्तम पिता बलराम चौरसिया 2- अंकुर पिता मनोहरलाल चौरसिया |
| 3 | 1523/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मेद्या पति सौरभ जैन | रूपेन्द्र पिता राजकुमार परमार |
| 4 | 1524/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | आनंद मोहन पिता श्रीकृष्ण मुरारी नायक | सरिता पति पुरूषोत्तम चौरसियार |
| 5 | 1525/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | संभव डेव्लपर्स द्वारा-आंनद कुमार पिता वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं शिवराज पिता हरिप्रसाद शुक्ला | साक्षी पति अंकित गुरू एवं राधेश्याम पिता छोटेलाल दुबे |
| 6 | 1526/25-26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | संभव डेव्लपर्स द्वारा-आंनद कुमार पिता वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं शिवराज पिता हरिप्रसाद शुक्ला | निधी पति शुभम श्रीवास्तव एवं अरूणा पति प्रदीप श्रीवास्तव |
| 7 | 1527/25-26 | सुभाषनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | अभिषेक पिता जितेन्द्र जैन | सृष्टि पिता अनिमेष जैन |
| 8 | 1528/25-26 | तिली | रजि. बैनामा, शपथपत्र | अभय पिता बालकृष्ण एवं मधु पति अभय दरे | रामप्रकाश पिता ज्वालाप्रसाद गौतम |
| 9 | 1529/25-26 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | सुशील पिता किशनलाल गुप्ता | पूरन पिता धनसिंह गौंड ठाकुर |
| 10 | 1530/25-26 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | श्वेता पति विजय कुमार जैन | कुसुमलता पति रमेश जैन एवं रीतु पति सोमेश जैन |

नोट - जन सम्पर्क विभाग नामान्तरण सूचना का प्रकाशन एक प्रादेशिक एवं एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति उपलब्ध करायें।

कृते-आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर


## संक्षिप्त समाचार

### ख्वाजा गरीब नवाज की छठी पर निकला भव्य जुलूस



अमानगंज। नगर अमानगंज में आज दिन शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज की छठी के अवसर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आकर्षक झांकियों एवं जुलूस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। जुलूस में डीजे की धुन पर युवक नाचते-गाते चल रहे थे तथा ख्वाजा गरीब नवाज के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। आकर्षक झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### रैली निकालकर अखंड दुर्गा चालीसा का भव्य समापन



पन्ना। धर्मसम्राट परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा जिला के संयुक्त तत्वावधान में पन्ना जिले के खमरिया हरदुआ में विशाल नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया जिसमें नशामुक्त भारत बनाने जैसे नारे लगे। वहीं नशामुक्ति रैली के पश्चात 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य समापन खमरिया में हुआ जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की विचारधारा प्रमुख पदाधिकारीयों ने रखी वहीं कार्यक्रम के आयोजक हरवंश साहू थे जिन्होंने इस विशाल कार्यक्रम भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के पदाधिकारी समस्त कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अवैध खाद कारोबार पर प्रशासन की सख्ती अवैध यूरिया जब्त



पन्ना- गुनौर में प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दिनेश ट्रेडर्स गुनौर में बिक रही अवैध खाद यूरिया पर सख्त कदम उठाया है। तहसीलदार द्वारा की गई आकस्मिक जांच के दौरान दुकान पर नियमों के विपरीत यूरिया का भंडारण एवं बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि दिनेश ट्रेडर्स निर्धारित मानकों से खाद नहीं बेची जा रही थी, जो सीधे तौर पर किसानों के साथ धोखाधड़ी है। मौके पर मौजूद स्टॉक की जांच की गई तथा संबंधित दुकानदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। तहसीलदार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों को नकली अथवा अवैध खाद बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा आगे भी खाद विक्रेताओं की सघन जांच अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर निरंतर निगरानी रखी जाए ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद समय पर उपलब्ध हो सके।सम्पूर्ण कार्यवाही में गुनौर तहसीलदार रत्नराशि पांडेय, गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री सहित खाद विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पालकी व कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का आगाज



पन्ना। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में 25 दिसंबर से पाठ पारायण का आगाज हो गया है। इस वर्ष विशेष रूप से 151 साप्ताहिक पाठ पारायण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज श्री प्राणनाथ मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरबारी से पालकी व कलश यात्रा निकाली गई जो बड़ी देवी मंदिर होते हुए बायपास मार्ग से कुंड के समीप किलकिला नदी के किनारे किनारे होते हुए तपोभूमि चोपड़ा मंदिर तक पहुंची। उक्त आयोजन श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण में श्री प्राणनाथ धर्म प्रचार संगीत मंडल के युवाओं द्वारा आयोजित किया जा रहा है। भीषण ठंडा के बावजूद भी उत्साह के साथ निकली पालकी, कलश यात्रा श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह श्री प्राणनाथ जी मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरवाजे से पालकी एवं कलश यात्रा उत्साह के साथ धूमधाम से निकल गई। भीषण ठंड के बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## भोपाल से पकड़े गए प्रबंधन समिति के सदस्य; कोर्ट में पेश होंगे

# दमोह मिशन अस्पताल मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

दमोह

दमोह के बहुचर्चित मिशन अस्पताल मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन के बाद सात मरीजों की मौत के मामले में फरार चल रहे प्रबंधन समिति के दो सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार रात दमोह लाया गया, जिन्हें शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में फ्रैंक हैरिसन उर्फ बबला और आसमा न्यूटन शामिल हैं। सीएसपी एच.आर. पांडे ने बताया कि फ्रैंक हैरिसन को भोपाल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस लंबे समय से इन आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।





### अप्रैल में आया था मामला

यह मामला अप्रैल माह में सामने आया था, जब मिशन अस्पताल में ऑपरेशन के बाद सात मरीजों की मौत हो गई थी। जांच में गंभीर लापरवाही और अनियमितताएं उजागर हुई थीं। इस प्रकरण में फर्जी डॉक्टर एन. जॉन केम उर्फ नरेंद्र यादव को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था, जो फिलहाल जेल में बंद है।

### लाइसेंस निलंबित, जांच जारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने मिशन अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर अस्पताल को बंद कर दिया है। इस प्रकरण में प्रबंधन समिति के कुल नौ सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनमें से एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी, जबकि अब दो और आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

### अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है

पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से खेत जा रहे युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा!** गुरुवार की देर शाम तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रीतेश पिता सीने सिंह लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी पौड़ी थाना तारादेही है जो कि गुरुवार की शाम को घर से पैदल अपने खेत जा रहा था उसी समय रास्ते में किसी वाहन द्वारा युवक की टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना राहगीरों द्वारा तारादेही पुलिस को दी गई साथ ही परिजनों को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर शुक्रवार की सुबह युवक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है परिजनों द्वारा बताया गया रीतेश देर शाम खाना खाकर पैदल अपने खेत जा रहा था लेकिन जेतगढ और पौड़ी के बीच किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आईटीआई छात्रों को हेलमेट व जरूरतमंदों को कंबल वितरण


अमानगंज। जेके सीमेंट पन्ना प्लांट में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पन्ना विधायक तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह जी का गरिमामय एवं ऐतिहासिक आगमन हुआ। इस विशेष अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल, एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम एवं प्रोजेक्ट हेड मनोज मदान द्वारा दोनों जनप्रतिनिधियों का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों ने सर्वप्रथम जेके सीमेंट के आईटीआई परिसर में कंपनी के संस्थापक स्वर्गीय श्री यदूपति सिंघानिया जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात आईटीआई परिसर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अतिथियों को आईटीआई में संचालित आधुनिक तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं जेके सीमेंट द्वारा सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए आईटीआई में अध्ययनरत छात्रों को सुरक्षा के उद्देश्य से हेलमेट वितरित किए गए, वहीं गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल प्रदान किए गए। इस मानवीय पहल से लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलकती नजर आई। कार्यक्रम में आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल मनीष बुनकर, सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा सहित जेके सीमेंट पन्ना के अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जेके सीमेंट पन्ना द्वारा किए जा रहे सीएसआर कार्यों, आईटीआई संस्थान की गुणवत्ता, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं कंपनी प्रबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट पन्ना उद्योग के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और यह मॉडल अन्य औद्योगिक इकाइयों के लिए प्रेरणास्रोत है। कंबल प्राप्त करने वाले गरीब एवं बेसहारा लोगों तथा हेलमेट पाने वाले आईटीआई छात्रों ने भी जेके सीमेंट पन्ना का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया।

## क्षमता से अधिक अनाज ढो रहे भारी वाहन बने लोगों की जान को खतरा

आचरण संवाददाता

**तेन्दूखेड़ा।** नगर में इन दिनों क्षमता से अधिक अनाज भरकर गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रक और अन्य भारी वाहनों से आमजन की जान जोखिम में पड़ गई है। मुख्य मार्ग और व्यस्त चौराहों से होकर गुजरते ये वाहन कभी भी गंभीर सड़क हादसे का कारण बन सकते हैं। ओवरलोडिंग के चलते वाहनों का संतुलन बिगड़ना, ब्रेक फेल होना और अनाज का सड़क पर गिरना आम बात हो गई है, जिससे दोपहिया और पैदल चलने वालों को खासा खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों भरत रजक जगदीश सेन विनोद अहिरवार सुशील सोनी सोमनाथ चक्रवर्ती आदि का कहना है कि इस समस्या के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। न तो ओवरलोड वाहनों की नियमित जांच हो रही है और न ही चालान की कार्रवाई दिखाई दे रही है। इसका सीधा खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ सकता है नगरवासी डॉ केएस ठाकुर वनदेश ठाकुर का कहना है कि खकरिया मार्ग पर मंडी होने के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों व बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सड़क पर चलना असुरक्षित हो गया है। कृषि उपज मंडी के आसपास यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। लोगों ने मांग की है कि ऐसे ओवरलोड वाहनों पर प्रतिदिन सख्त कार्रवाई की जाए, नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाए, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लग सके और आमजन सुरक्षित रह सकें

### मुख्य सड़क पर भी दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक



वही मंडी से अनाज लोड होकर जाने वाले ट्रक जो कि जबलपुर दमोह सागर और महाराजपुर की और जाते हैं लेकिन यह ट्रक मंडी से निकलते ही मुख्य सड़क पर पहुंचते ही अपनी रफ्तार बढ़ा लेते हैं जिससे लोगों में भय बना रहता है क्योंकि यह ट्रक अनाज से अधिक ऊपर तक लोड़ रहते हैं। जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है नगर के बाहर निकलने के बाद अंधे मोड़ पर भी यह ट्रकों के चालक कंट्रोल नहीं करते और अपनी रफ्तार में निकल जाते हैं कई बार रात में बाइक सवार व अन्य वाहन चालक बाल-बाल बचे है। बता दें बीते एक वर्ष पहले ही मंडी मार्ग पर एक अनाज से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर एक घर के सामने पलट गया था जिसमें पांच बाइक चपेट में आ गई है भगवान का शुक्र था कि घटना के समय कोई भी व्यक्ति बाहर नहीं था घर के अंदर बैठे हुए हैं नहीं तो कई लोगों की जान चली जाती साथ ही घटना उस समय हुई जब स्कूली बच्चे भी इस मार्ग से गुजर नहीं रहे थे।

## जंगली सुअर का शिकारी गिरफ्तार

सलेहा। दक्षिण पन्ना वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मोहंद्रा में वन्यजीव संरक्षण के तहत एक अवैध शिकार के मामले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। दिनांक 25 दिसंबर 2025 को बीट नादन के कक्ष क्रमांक 1183 में बारूद से बने देशी गोले का उपयोग कर जंगली सुअर का अवैध शिकार कर उसका मांस ले जाते हुए ग्राम रैयासांटा निवासी परम बसोर, उम्र 46 वर्ष को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लगभग 4 किलो 500 ग्राम जंगली सुअर का मांस, एक प्लेटिना मोटरसाइकिल तथा शिकार में प्रयुक्त औजार जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे



न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात दिनांक 26 दिसंबर 2025 को सर्च वारंट के आधार पर आरोपी के घर की तलाशी ली गई, जिसमें उसके निवास से 3 नग जीवित देशी हथगोले, पक्षियों को पकड़ने वाला जाल तथा बारूद जप्त किया गया। यह बरामदगी मामले की गंभीरता को और अधिक स्पष्ट करती है। यह कार्रवाई रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा के निर्देशन में वन अमले एवं पुलिस के सहयोग से की गई।

## वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



पथरिया। युवा मोर्चा मंडल पथरिया ने माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। पथरिया ग्रामीण मंडल ने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम केंद्रहो में संगोष्ठी की। जिसमें जिला महामंत्री महेश पटेल, मुख्य वक्ता गुरुदर्शन सिंह ,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेली, मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, नगर परिषद के अध्यक्ष सुन्दर विश्वकर्मा, वीर बाल दिवस के विधानसभा प्रभारी व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलदीप पटेल, विशाल पटेल, सीमांत चौरसिया, अंकित पटेल, वैभव सप्रे,अभय सिंह,विजय, श्रीकांत आशीष, केशव सहित भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण ओर महाविद्यालय के छात्र-छात्रा कार्यक्रम की गरिमा में उपस्थिति रही कार्यक्रम का सफल आभार विधानसभा प्रभारी और युवा मंडल अध्यक्ष कुलदीप पटेल ने किय, मंच संचालन बृजेश पटेल ने किया।

## नगर पालिका परिसीमन के संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



दमोह। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं नगर पालिका के भाजपा पार्षद तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम आर.एल. बागरी को 10 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि परिसीमन का उद्देश्य शहर के समग्र विकास और नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना होता है, लेकिन नगर पालिका द्वारा किए गए वर्तमान परिसीमन में इन बातों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन प्रक्रिया में कई व्यावहारिक और जनहित से जुड़े पहलुओं की अनदेखी की गई है। ज्ञापन के माध्यम से भाजपा द्वारा परिसीमन में खामियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पुनर्विचार की मांग की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि परिसीमन को इसी तरह लागू किया गया तो इससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, मनीष तिवारी, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चाध्यक्ष प्रिंस जैन, पार्षद गणेश जाटव, विजय जैन, मनीष शर्मा, रधु श्रीवास्तव, हिना पारोचे, धीरज घारू, संजय पटेल, सोमिल हजारी, संतोष रोहित, रीतेश सोनी, हरि रजक, राजुल चौरहा, भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मिनी आईपीएल खेलने पहुंची अमानगंज की बच्चियां



अमानगंज। डायमंड स्पोर्ट एकेडमी अमानगंज से मुख्य कोच श्री शैलेन्द्र तिवारी जी के प्रयास से सहायक कोच इंद्रपाल जाटव के नेतृत्व में मोहित यंग आर्मी कप सीज़न 2 मिनी प्च्स् छतरपुर पुलिस लाइन क्रिकेट खेलने गए खिलाड़ी वंशिका जाटव, ब्रजपाल जाटव, मनीषा पाल, अरूण पाल,आलोक पटेल, भक्ती त्रिपाठी, भागीरथ अहिरवार, प्रिंस बागरी, शिल्पी सोनी सभी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमे से वंशिका जाटव की टीम छतरपुर किंग और मोहित यंग आर्मी सुपर स्टार के बीच हुआ अमानगंज के प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा जबरजस्त खेल का प्रदर्शन किया गया। अमानगंज वापिस लौटने पर स्वागत करने में सौरभ तिवारी,लाखू सिंह,अशोक रजक,दयाराम रैकवार, कृष्णा त्रिपाठी, सुनील सेन,बाहरी सेन, सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।खिलाड़ियों का जबरजस्त स्वागत फूल माला पहना कर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत करने में सौरभ तिवारी, हीरा लाल जाटव,लाखू सिंह,अशोक रजक, बलवान, सत्यम दीक्षित,दयाराम रैकवार, कृष्णा त्रिपाठी, सुनील सेन,बाहरी सेन, सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## धान खरीदी केंद्र में समय पर तुलाई न होने पर किसानों ने किया चक्काजाम

गुनौर - पाठक वेयर हाउस में चल रहे धान खरीदी केंद्र में किसानों की समय से तुलाई न होने पर किसानों ने आक्रोशित हो कर गुनौर ककराहटी मार्ग में जाम लगा दिया अधिक मात्रा में किसानों द्वारा धान खरीदी केंद्र में पहुंचने से यह समस्या बढ़ी है गुनौर पन्ना मार्ग में स्थित पाठक वेयर हाउस के सामने सड़क के दोनों तरफ धान से भरी ट्रालियों की लाईन लगी हुई है। प्रशासन ध्यान दे कर जल्द तुलाई करा कर किसानों का सहयोग करें।

**निरीक्षण** आंगनवाड़ी में नहीं मिली सामग्री, प्राइवेट स्कूल मं मिली अनियमिताएं, बीआरसी ने किया नोटिस जारी

# स्कूल में शौचालय खुला, बच्चों को बैठने की नहीं जगह

आचरण संवाददाता

पथरिया। नगर के सभागृह में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जिसमें समस्त विभागो के विकास कार्य पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृष्णकांत पांडे बी, आर सी जे के जैन, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी राजकुमार लाड़िया, जनपद अध्यक्ष खिलाना अहिरवार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उदयभान पटेल, जनपद सदस्य निलेश ठाकुर, सोहन राठौर, संगीता श्रीधर सहित मौजूद रहे। इसमें सभी सदस्य अधिकारियों ने ग्राम बासा कला का विकास कार्य निरीक्षण किया। जिसमें सनशाइन कॉन्वेंट स्कूल प्राइवेट स्कूल का निरीक्षण किया। जिसमें बहुत सी अनियमितता पाई। ताजुब की बात यह थी कि आखिर किस बेस पर इस स्कूल



का रजिस्ट्रेशन किया गया जो कि बिना व्यवस्थाओं के चल रहा है जिसमें टॉयलेट खुला हुआ ग्राउंड नहीं बच्चों को बैठने की व्यवस्था नहीं कक्षा में छाप नहीं थी तमाम प्रकार की बहुत सी अवस्थाएं मिली जिसको लेकर जनपद सीईओ की मौजूदगी में बी आर सी द्वारा पंचनामा तैयार किया गया। आंगनवाड़ी का निरीक्षण किया जहां गीता ठाकुर कार्यकर्ता है



आंगनवाड़ी में कोई सामग्री नहीं थी। टीवी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता ठाकुर अपने घर में रखे हुए हैं जिसका भी पंचनामा तैयार किया गया शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया जहां शिक्षक राजाराम ठाकुर द्वारा अपशब्द बोले गए जिसको लेकर जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार द्वारा इसकी निंदा की शिक्षा विभाग में भी ऐसी शिक्षक हैं जो की निरीक्षण करने आए निरीक्षण दल से भी आप शब्द बोले गए जो कि हम लोगों को ठीक नहीं लगे जनपद सीईओ द्वारा नोटिस भेज कर अग्रिम कार्यवाही की बात कही।

### विभाग को नोटिस दिया

पथरिया नगर में भी चल रहे फर्जी स्कूल जिसमें पथरिया नगर में ऐसे स्कूल चल रहे हैं जहां बच्चों को ग्राउंड शहर बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है लेकिन उन्हें भी शिक्षा विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन कर दिया गया पूर्व में निरीक्षण भी किए गए लेकिन ऐसे स्कूलों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। बैठक उपरांत ग्राम बासा कला का निरीक्षण किया गया था जिसमें प्राइवेट स्कूल जिसको लेकर शिक्षा विभाग को नोटिस दिया गया है। स्कूल पर कार्यवाही के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता ठाकुर जो सामग्री उपलब्ध नहीं थी महिला बाल विकास को पत्र लिखकर कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पत्र जारी किया गया है। साथ ही माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक राजाराम ठाकुर के विरोध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया है तीनों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**-कृष्णकांत पांडे**
मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत पथरिया

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

पन्ना। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2025-26 की अधिसूचित फसलों के बीमा की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसम्बर तक निर्धारित है। इस संबंध में गत 17 दिसम्बर को लीड बैंक अधिकारी सहित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के सीईओ एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा पन्ना के प्रबंधक को आवश्यक निर्देश जारी कर समय सीमा में केसीसी धारित ऋणी कृषकों का शत प्रतिशत फसल बीमा करवाने संबंधी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था। किसानों के खाते से प्रीमियम कटौती कर बीमांकन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा समस्त बैंक केसीसी धारित ऋणी कृषकों का अधिसूचित फसलों के बीमांकन की कार्यवाही के लिए पुनः निर्देशित किया गया है, जिससे पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न हो सकें। इसके अलावा कृषकों से भी रबी सीजन की अधिसूचित फसलों का फसल बीमा करवाकर लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच बनी बल्लेबाजों की कब्रगाह

# बॉक्सिंग डे टेस्ट : पहले दिन 20 विकेट गिरे और 262 रन बने

मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। पहले दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। उनके फैसले को इंग्लिश गेंदबाजों ने सही साबित किया और ऑस्ट्रेलियाई पारी को 152 रन पर समेट दिया। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 110 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए चार रन बना लिए हैं। स्कॉट बोलैंड और ट्रेविस हेड बैटिंग के लिए उतरे। बोलैंड ने पहली बार ओपनर की भूमिका निभाई है। कंगारुओं की कुल बढ़त 46 रन की हो चुकी है।



### इंग्लैंड की पहली पारी

कंगारुओं के 152 रन के जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी की शुरुआत भी खराब रही। 16 रन पर टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। जैक क्राउली पांच रन, बेन डकेट दो रन और जैकब बेथेल एक रन बनाकर आउट हुए। जो रूट खाता भी नहीं खोल सके। स्टार्क ने क्राउली-डकेट और नेसेर ने बेथेल-रूट के विकेट झटके। इसके बाद ब्रूक और स्टोक्स के बीच पांचवें विकेट के लिए अब तक 50 रन की साझेदारी हुई। ब्रूक आक्रामक बल्लेबाजी करने के चक्कर में विकेट गंवा बैठे। वह 34 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जेमी स्मिथ दो रन और विल जैक्स पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान स्टोक्स भी ज्यादा देर तक मैदान पर नहीं रह सके और 16 रन बनाकर आउट हो गए। गस एटकिंसन ने जरूर 28 रन की पारी खेली। ब्राइडन कार्स चार और जोश टंग एक रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से माइकल नेसेर ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क को दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़े नहीं छू सके।

### ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी खराब रही। नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभाल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम 45.2 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। माइकल नेसेर ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। वहीं, ट्रेविस हेड 12 रन, जेक वेदराल्ड 10 रन और मार्नस लाबुशेन छह रन बनाकर आउट हुए। कप्तान स्मिथ नौ रन ही बना सके। उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने पारी संभालना की कोशिश की, लेकिन ख्वाजा 29 रन और कैरी 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कैमरन ग्रीन और नेसेर के बीच सातवें विकेट के लिए सबसे ज्यादा 52 रन की साझेदारी हुई। ग्रीन 17 रन बनाकर आउट हुए। नेसेर ने 49 गेंद पर 35 रन की अपनी पारी में सात चौके लगाए। स्टार्क एक रन और बोलैंड खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया बिना किसी विशेषज्ञ स्पिनर के मैदान पर उतरा है। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने पांच विकेट झटके। वहीं, गस एटकिंसन ने दो और कार्स और स्टोक्स ने एक-एक विकेट लिया।

# कारनामा: एशेज में 123 साल में पहली बार कुल 20 विकेट गिरे

## रिचर्ड्स- सहवाग के क्लब में शामिल हुए इंग्लैंड के हैरी ब्रूक



मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इस टेस्ट के पहले ही दिन क्रिकेट इतिहास में एक दुर्लभ कारनामा देखने को मिला, जब कुल 20 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेली जा रही एशेज सीरीज में पिछले 123 साल में यह पहली बार हुआ है जब किसी टेस्ट के पहले दिन 20 या उससे अधिक विकेट गिरे हों।

### 123 साल बाद दोहराया गया एशेज इतिहास

ऑस्ट्रेलिया की धरती पर एशेज में 1901/02 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी टेस्ट के पहले दिन 20 या इससे ज्यादा विकेट गिरे हों। इससे पहले 1901/02 एशेज सीरीज के मेलबर्न टेस्ट में पहले दिन 25 विकेट गिरे थे। वहीं, 1882, 1890 और 1909 में भी ऐसा हुआ था कि एशेज सीरीज के किसी टेस्ट में पहले दिन 20 या इससे ज्यादा विकेट गिरे हों, लेकिन यह सभी सीरीज इंग्लैंड की सरजमीं पर खेली गई थीं। 1882 में द ओवल में खेले गए टेस्ट के पहले दिन 22 और 1890 में द ओवल में ही खेले गए टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे थे। इसके बाद 1909 में ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे थे।

### ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में एशेज में पहले दिन सबसे ज्यादा विकेट

| विकेट | मैदान | सीजन |
|---|---|---|
| 25 | मेलबर्न | 1901/02 |
| 20 | मेलबर्न | 1894/95 |
| 20 | मेलबर्न | 2025/26 |
| 19 | पर्थ | 2025/26 |

### मेलबर्न में एक दिन में सबसे ज्यादा विकेट

-- **25** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड 1901/02 पहला दिन
-- **20** ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका 1931/32 पहला दिन
-- **20** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड 1894/95 पहला दिन
-- **20** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड 2025/26 पहला दिन
-- **18** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड 1998/99 चौथा दिन
-- **18** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड 1903/04 तीसरा दिन

### ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट के पहले दिन सबसे ज्यादा विकेट

-- **25** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड मेलबर्न 1901/02
-- **22** ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज एडिलेड 1951/52
-- **20** ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका मेलबर्न 1931/32
-- **20** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड मेलबर्न 1894/95
-- **20** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड मेलबर्न 2025/26
-- **19** ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज सिडनी 1951/52
-- **19** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड पर्थ 2025/26

### ब्रूक ने रिचर्ड्स-सहवाग के क्लब में बनाई जगह

इस टेस्ट के बीच इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने भी इतिहास रच दिया। वह उन चुनिंदा बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं, जिनके टेस्ट करियर में 3000+ रन, 45+ औसत और 70+ स्ट्राइक रेट है।

### 45+ औसत और 70+ स्ट्राइक रेट के साथ 3000+ टेस्ट रन

**विवियन रिचर्ड्स**- 8540 रन, 50.23 औसत 70.20 स्ट्राइक रेट
**वीरेंद्र सहवाग**- 8586 रन, 49.34 औसत, 82.23 स्ट्राइक रेट
**एडम गिलक्रिस्ट**- 5570 रन, 47.60औसत, 81.95 स्ट्राइक रेट
**हैरी ब्रूक**- 3034 रन,54.17औसत, 86.85 स्ट्राइक रेट

### सबसे तेज खेलने वाले टेस्ट बल्लेबाजों में नंबर वन ब्रूक

कम से कम 2000 टेस्ट रन बनाने वाले 348 बल्लेबाजों में हैरी ब्रूक का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा है। उनके बाद बेन डकेट का नंबर आता है।

| बल्लेबाज | स्ट्राइक रेट |
|---|---|
| हैरी ब्रूक | 86.85 |
| बेन डकेट | 86.11 |

### MCG में स्कॉट बोलैंड का कहर

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने मेलबर्न में एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। उन्होंने अब तक इस मैदान पर चार टेस्ट में 13.89 की औसत से 19 विकेट चटकाए हैं। सात रन देकर विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

| मैच | विकेट | औसत | स्ट्राइक रेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 19 | 13.89 | 30.9 | 6/7 |


### इंग्लैंड की कमजोर बल्लेबाजी जारी

110 रन पर सिमटना इंग्लैंड के लिए 2000 के बाद किसी विदेशी एशेज टेस्ट में तीसरा सबसे कम स्कोर है।

| स्कोर | मैदान | साल |
|---|---|---|
| 68 | मेलबर्न | 2021 |
| 79 | गाबा | 2002 |
| 110 | मेलबर्न | 2025/26 |

# विराट, पंत के अर्धशतक दिल्ली की रोमांचक जीत

बेंगलुरु



विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को सात रन से रोमांचक जीत दर्ज की। दिल्ली ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन बनाने के बाद गुजरात को 47.4 ओवर में 247 रन पर निपटा दिया। विराट कोहली को 77 रन और दो कैचों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाये जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए। हर्ष त्यागी ने 40 और सिमरजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए। गुजरात की तरफ से आर्य देसाई ने 57 और सौरव चौहान ने 49 रन की पारी खेली। दिल्ली की तरफ से प्रिंस यादव ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि इशांत शर्मा और अर्पित राणा को दो-दो विकेट मिले।

## बड़ौदा ने बंगाल को चार विकेट से हराया

राजकोट

राज लिंबानी (65 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने बंगाल को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में शुक्रवार को चार विकेट से हरा दिया। बड़ौदा ने बंगाल को 38.3 ओवर में 205 रन पर ढेर करने के बाद 38.5 ओवर में छह विकेट पर 209 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या ने 57 और प्रियांशु मोलिया ने 52 रन की मैच विजयी पारियां खेलीं। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच यावर हसन की 138 रन की बेहतरीन पारी के दम पर जम्मू-कश्मीर ने असम को 142 रन से हरा दिया। जम्मू-कश्मीर ने सात विकेट पर 341 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद असम को 36.1 ओवर में 199 रन पर निपटा दिया।

# रोहित खाता नहीं खेल सके मुंबई ने उत्तराखंड को हराया

जयपुर



स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुढ़क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया। उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। शम्स मुलानी ने 48 रन बनाये। उत्तराखंड की तरफ से बोरा 74 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

## रिंकू सिंह ने 56 गेंदों में जड़ा शतक

राजकोट

टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा। रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लढ़क गयी। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। इसके अलावा समीर रिजवी ने 36 रन जोड़े। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि खराब रही और महज 2.1 ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की।

## स्मिथ ने द्रविड़ के कैचों का रिकॉर्ड तोड़ा



मेलबर्न

स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज़्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ़ जो रूट (214) के पास उनसे ज़्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। ज़ैक क्रॉली ने शरीर से दूर जाती गेंद पर ज़ोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज़्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ़ जो रूट (214) के पास उनसे ज़्यादा कैच हैं। राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे जबकि स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। जो रूट ने 162 टेस्ट में 214 कैच लपके हैं।

# भारत ने श्रीलंका से आठ विकेट से जीता तीसरा टी-20 मुकाबला

## सीरीज में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से हासिल की अजेय बढ़त

तिरुवनंतपुरम



शेफ़ाली वर्मा के आतिशी अर्धशतक और रेणुका ठाकुर व दीप्ति शर्मा की बेहतरीन गेंदबाज़ी की मदद से भारत ने तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे टी-20 में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर सीरीज़ में 3-0 की अजेय बढ़त ले ली।113 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफ़ाली ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी। उन्होंने पहले ओवर में ही ऑफ़ स्पिनर मल्शा सेहानी पर क़दमों का प्रयोग करते हुए एक छक्का और दो लगातार चौके जड़कर 14 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने पांचवें ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर निमशा मिपागे पर निशाना लगाते हुए हुए तीन चौके और एक छक्के की मदद से 19 रन जोड़े। पावरप्ले की समाप्ति तक भारत का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था, जिसमें अकेले 50 रन शेफ़ाली के थे। उन्होंने अपना 13वां टी-20 अर्धशतक सिर्फ़ 24 गेंदों में पूरा किया, जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। हालांकि दूसरे छोर से स्मृति मांधना (1) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (9) का विकेट जल्दी-जल्दी गिरा, लेकिन शेफ़ाली की शैली में कोई बदलाव नहीं आया। उन्हें तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर का बेहतरीन साथ मिला और दोनों ने 32 गेंदों में नाबाद 48 रन की साझेदारी कर 40 गेंद पहले ही भारत को आठ विकेट से जीत दिला दी। यह शेफ़ाली का लगातार दूसरा नाबाद अर्धशतक था। इससे पहले विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टी-20 में शेफ़ाली ने नाबाद 69 रनों की मैच-जिताऊ पारी खेली थी। 42 गेंदों में 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से बनाए गए 79 रन की इस पारी के दौरान शेफ़ाली ने सबसे ज़्यादा टी-20 रन बनाने के मामले में मिताली राज (2364) को पछाड़ा। इसके साथ ही वह स्मृति मांधना (4022), हरमनप्रीत कौर (3690) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (2479) के बाद भारत की चौथी सबसे सफल टी-20 बल्लेबाज़ बन गई हैं। इससे पहले भारत ने टॉस जीतते हुए पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला किया, जिसे अनुभवी ऑफ़ स्पिनर दीप्ति और तेज़ गेंदबाज़ रेणुका ने सही साबित किया। श्रीलंका ने पहले चार ओवर में बिना विकेट खोए 25 रन बनाकर एक सजग शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद दीप्ति ने विकेटों का ख़ाता खोलते हुए श्रीलंकाई कप्तान चमरी अतापत्तू को पवेलियन भेज दिया। अतापत्तू एक बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को मिड ऑन पर कैच दे बैठीं। यह छठी बार था, जब श्रीलंकाई कप्तान दीप्ति का शिकार हुईं। अगले ही ओवर में रेणुका ने हमला बोलते हुए टिककर खेल रहीं हसिनी परेरा को आउट किया, जब परेरा शॉर्ट थर्ड पर दीप्ति को एक आसान कैच दे बैठीं। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर हर्षिता समराविक्रमा भी रेणुका की फुलर गेंद का शिकार हुईं और उन्हें ही रिटर्न कैच दे बैठीं। इसके बाद श्रीलंका के लगातार विकेट गिरते रहें और वे रनों के लिए भी जूझती रहें। निर्धारित 20 ओवरों में श्रीलंका की टीम सात विकेट पर सिर्फ़ 112 रन ही बना सकी। दीप्ति और रेणुका ने मिलकर सातों विकेट बांटे। इस दौरान दीप्ति ने 150 टी-20 विकेट पूरे किए और वह वनडे और टी-20 में 150 विकेट पूरी करने वाली दुनिया की पहली गेंदबाज़ बनीं। वहीं रेणुका टी-20 में चार बार 4-विकेट हॉल लेने वाली पहली गेंदबाज़ बनीं। सीरीज़ का चौथा मैच भी तिरूवनंतपुरम में रविवार को खेला जाएगा।



# वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

नयी दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में 18 राज्यों के 20 साहसी बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है जिनमें युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। श्रीमती मुर्मु ने यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में वैभव को बधाई देते हुए कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने अत्यंत प्रतिस्पर्धी और प्रतिभा-समृद्ध क्रिकेट जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है और कई रिकॉर्ड स्थापित किए।

उल्लेखनीय है कि युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है। यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है। साल 2025 सूर्यवंशी के लिए ब्रेकथ्रू साल साबित हुआ है। 13 साल की उम्र में आईपीएल नीलामी में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक जड़ा। उन्होंने कुल सात आईपीएल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 206.55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। आईपीएल के बाद सूर्यवंशी ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरों पर भी यूथ शतक जड़े। इंग्लैंड दौरा उनके लिए विशेषकर सफल रहा, जहां उन्होंने 174.01 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए।संभावना है कि सूर्यवंशी चल रही विजय हजारे ट्रॉफी के केवल शुरुआती कुछ मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद वह 15 जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-19 विश्वकप से पहले बेंगलुरु में होने वाले कंडीशनिंग कैंप के लिए भारत अंडर-19 टीम से जुड़ जाएंगे।

## हरमनप्रीत कौर ने बतौर कप्तान किया बड़ा कमाल

नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम करने के साथ सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है, तो वहीं टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी एक बड़ा कमाल करने में कामयाब हो गई। महिला टी20 इंटरनेशनल में अब सबसे ज्यादा मैच बतौर कप्तान जीतने के मामले में हरमनप्रीत कौर पहले नंबर पर काबिज हो गई हैं, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को इस लिस्ट में पीछे छोड़ा है।

### हरमनप्रीत कौर ने लेनिंग को छोड़ा पीछे

महिला टी20 क्रिकेट में अब सबसे सफल कप्तान के तौर पर हरमनप्रीत कौर पहले नंबर की कुर्सी पर काबिज हो गई हैं, जिसमें उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने अब तक कुल 130 टी20 इंटरनेशनल मैचों में खेलते हुए 77वीं जीत हासिल की है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मैग लेनिंग के नेतृत्व में कंगारू महिला टीम ने कुल 100 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले और उसमें से उन्होंने 76 मैचों में जीत हासिल की। टीम इंडिया की कप्तानी संभालने के बाद से कौर का बतौर बल्लेबाज और कप्तान मैदान पर शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

# शौरी ने की लगातार सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की



राजकोट

विदर्भ के ध्रुव शौरी ने हैदराबाद के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफ़ी मैच में 77 गेंदों में नाबाद 109 रनों की पारी खेलते हुए नारायण जगदीशन के लिस्ट ए क्रिकेट में लगातार सर्वाधिक (पांच) शतक लगाने के रिकॉर्ड को बराबर कर लिया है। तीन नंबर पर आने के बाद शौरी ने अमन मोखाड़े और यश राठौड़ के बीच हुई 148 रनों की ओपनिंग साझेदारी का पूरा लाभ लिया। शौरी ने अपनी पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए विदर्भ को पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 365/5 के स्कोर तक पहुंचाया। लिस्ट ए क्रिकेट में यह शौरी का आठवां शतक था। विदर्भ ने 89 रन से यह मुकाबला जीता। 2024-25 विजय हजारे ट्रॉफ़ी के नॉकआउट से ही शौरी का यह शतक लगाने का सिलसिला चला आ रहा है। पिछले सीजन उन्होंने क्वर्टर फ़ाइनल, सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल में शतक जड़े थे। करुण नायर के साथ मिलकर विदर्भ को फ़ाइनल तक ले जाने में अहम भूमिका निभाने वाले शौरी अपनी टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने आठ पारियों में 70.47 की औसत और 92.68 की स्ट्राइक रेट के साथ 494 रन बनाए थे। जगदीशन ने 2022-23 सीज़न में लगातार पांच मैचों में शतक लगाए थे जिसमें अरुणाचल प्रदेश के ख़िलाफ खेली गई रिकॉर्डतोड़ 277 रनों की पारी भी शामिल है। यह लिस्ट ए क्रिकेट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। इस लिस्ट में नायर, देवदत्त पडिक्कल, कुमार संगकारा और अलवीरो पीटरसन का नाम आता है जिन्होंने लगातार चार शतक लगाए हैं। इनमें संगकारा इकलौते बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शतक जड़े हैं।

## ऐसे रहे वर्ष 2025 में नगर सरकार के हाल

### प्रथम तिमाही: बजट, स्वच्छता और पुरानी चुनौतियां

10-15 जनवरी: नए साल की शुरुआत स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लक्ष्य के साथ हुई। 'स्वच्छ सागर-स्वस्थ सागर' के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई।
02 फरवरी: बजट पूर्व बैठक: महापौर और निगमायुक्त के बीच वित्तीय घाटे को कम करने पर चर्चा। यह बात सामने आई कि निगम का स्थापना व्यय उसके राजस्व से कहीं अधिक है।
20 फरवरी: शहर के मुख्य चौराहों पर लगे 'स्मार्ट पोल' और सीसीटीवी कैमरों के रख-रखाव को लेकर निजी एजेंसी और निगम के बीच भुगतान विवाद गहराया।
12 मार्च वेतन संकट का आगाज: सफाई कर्मचारियों को दो माह से वेतन न मिलने पर उन्होंने निगम गेट पर कचरा गाड़ियां खड़ी कर प्रदर्शन किया। प्रशासन ने ऋण लेकर तत्काल भुगतान का आश्वासन दिया।

### द्वितीय तिमाही: अतिक्रमण पर प्रहार और जल संकट की आहट

05 अप्रैल: मेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान: कटरा बाजार, नमकमंडी और तीन मढ़िया क्षेत्र में दशकों पुराने अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चला। दुकानदारों के विरोध के बावजूद सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए कार्रवाई जारी रही।
22 अप्रैल: नगर निगम ने संपत्तिकर जमा न करने वाले 100 बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक की।
10 मई: भीषण गर्मी और जल संकट: राजघाट बांध में डेड स्टोरेज के करीब पहुंचे पानी के कारण शहर के ऊपरी हिस्सों (जैसे पंतनगर, तिली) में पानी के टैंकरों की मांग बढ़ी। पाइपलाइन फूटने की घटनाओं ने समस्या को और गंभीर बनाया।
28 मई: निगम की आय बढ़ाने के लिए शहर के प्रमुख उद्यानों और पार्किंग स्थलों का निजीकरण करने का प्रस्ताव लाया गया।

### तृतीय तिमाही: मानसून की चुनौती और साधारण सभा का घमासान

15 जून: मानसून पूर्व नाला सफाई अभियान पर सवाल उठे। कई इलाकों में सिल्ट निकालकर सड़क किनारे ही छोड़ दी गई, जो बारिश में वापस बह गई।
18 जुलाई: भारी बारिश से शहर के निचले इलाकों (मोतीनगर, चकराघाट के पास) में घरों में पानी घुसा।
4 अगस्त: नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री का तबादला, उप सचिव बनाए गए। कतिपय लोगों ने कमिश्नर के बंगले के सामने पटाखे फोड़े
25 अगस्त: अमृत योजना विवाद: शहर की नई सीवरेज लाइन और पानी की पाइपलाइन के बीच क्रॉस-कनेक्शन की शिकायतों ने जोर पकड़ा। गंदे पानी की सप्लाई पर लोगों ने निगम के खिलाफ मोर्चा खोला।
15 सितंबर: नगर निगम कमिश्नर खत्री का तबादला रद्द, समर्थकों ने कार्यालय के सामने पटाखे फोड़े।
27 सितंबर: ऐतिहासिक साधारण सभा: यह बैठक साल की सबसे विवादित रही। जलकर में भारी वृद्धि (घरेलू 200 रु.और व्यावसायिक1050 रु.) के प्रस्ताव पर विपक्षी पार्षदों ने सदन में नारेबाजी की और प्रस्ताव की प्रतियां फाड़ीं। बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित हुआ।


सागर। नगर निगम और स्मार्ट सिटी के माध्यम से स्थानीय चकराघाट पर प्रत्येक सोमवार को होने वाली गंगा आरती वर्ष भर लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इस दौरान सागर आने वाले राजनेताओं और संतों ने भी गंगा आरती में शामिल होकर इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

### चतुर्थ तिमाही: कड़े फैसले और रिकॉर्ड वसूली

01 अक्टूबर: नए टैक्स नियम लागू। निगम ने 'डोर-टू-डोर' कचरा संग्रहण शुल्क की वसूली को प्रॉपर्टी टैक्स से जोड़ने का निर्णय लिया।
20 अक्टूबर: दिवाली पूर्व वेतन की रार: कर्मचारियों ने बोनस और अक्टूबर माह के वेतन की मांग को लेकर काम बंद रखा। अंततः शासन से प्राप्त चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से भुगतान संभव हो सका।
05 नवंबर: नगर निगम कमिश्नर के नेतृत्व में धर्मश्री मार्ग के कई बड़े अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरु।
10 नवंबर: नगर निगम के अमले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्रसाल कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित किया। पुलिस कार्रवाई के लिए लिखा।
15 नवंबर: स्मार्ट सिटी और निगम का समन्वय: लाखा बंजारा झील के सौंदर्यीकरण और घाटों के प्रबंधन को लेकर नगर निगम ने नई गाइडलाइन जारी की। झील में गंदगी करने वालों पर 500 का स्पॉट फाइन शुरू।
05 दिसंबर: राजस्व वसूली का आक्रामक रुख: निगम ने सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों के खिलाफ 'कुर्की' की कार्रवाई शुरू की।
15 - 17 दिसंबर: बड़ी कार्रवाई: नगर निगम की टीम ने करोड़ों के बकाया जलकर के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज और लोक निर्माण विभाग के कुछ कमरों में तालाबंदी की। यह कार्रवाई पूरे प्रदेश की मीडिया में सुर्खियां बनी।
18 दिसंबर: प्रशासन ने घोषणा की कि आगामी जनवरी 2026 तक सभी प्रमुख चौराहों को 'नो वेंडिंग जोन' घोषित कर दिया जाएगा ताकि यातायात सुगम रहे।

## वर्ष में चार बार सागर जिले की यात्रा की मुख्यमंत्री यादव ने



**सागर।** मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वर्ष 2025 में चार बार सागर जिले की यात्राएं की। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास संबंधी करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री सबसे पहले 28 फरवरी को जिले के रहली और नरयावली विस क्षेत्र में आये थे। गढ़ाकोटा में उन्होंने किसान सम्मेलन में हिस्सा लिया था। इसके बाद उसी दिन नरयावली विस क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित हो रहे संत रविदास मंदिर पहुंचकर उन्होंने पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक मई को रहली विस क्षेत्र के गढ़ाकोटा आये थे जहां उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री मोहन यादव तीसरी बार 25 सितम्बर को सागर जिले में सुरखी विस क्षेत्र के जैसीनगर पधारे जहां उन्होंने अन्न सुरक्षा संकल्प समारोह में उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद वे सागर में पद्माकर सभागार में आयोजित भाजपा कार्यक्रम में शामिल हुए। चौथी बार मुख्यमंत्री मोहन यादव 23 नवम्बर को सागर जिले के बंडा विस क्षेत्र में पधारे जहां उन्होंने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री गोविंद राजपूत, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, बंडा विधायक वीरेन्द्र लोधी, सांसद लता वानखेड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



सागर। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर मप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री पंचायत विभाग प्रह्लाद पटैल ने सागर में पीटीसी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया।


## भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने बदले अपने जिलाध्यक्ष



सागर। राजनैतिक दृष्टि से वर्ष 2025 सागर में संगठन में बदलाव का वर्ष रहा। जनवरी में पहली बार भाजपा को दो इकाई में विभाजित कर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। सागर में शहर इकाई के अध्यक्ष के रूप में गौरव सिरोठिया के स्थान पर श्याम तिवारी को नियुक्त किया गया। भाजपा की ग्रामीण इकाई बनाकर श्रीमती रानी पटेल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। भाजपा की ग्रामीण इकाई में जिला कार्यकारणी का गठन हो चुका है लेकिन भाजपा की शहर इकाई में श्याम तिवारी 11 माह बाद भी अपनी कार्यकारणी गठित नहीं कर पाये है। इसी तरह कांग्रेस ने भी संगठन सृजन अभियान चलाकर अगस्त में अपने दोनों अध्यक्षों को हटाते हुए नये अध्यक्षों की नियुक्ति की। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के स्थान पर महेश जाटव को अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार के स्थान पर भूपेन्द्र सिंह मुहासा को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लगभग 4 माह बीत जाने के बाद भी कांग्रेस के दोनों अध्यक्ष अभी अपनी कार्यकारणी गठित नहीं कर पाये हैं।

## स्कूलों के निरीक्षण की व्यवस्था से शिक्षकों पर लगी लगाम

सागर। वर्ष 2025 में सागर का स्कूल शिक्षा विभाग चर्चाओं मे रहा। शिक्षकों को समय पर स्कूल में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित करने कलेक्टर संदीप जी आर ने स्कूलों के निरीक्षण का विशेष अभियान शुरू कराया। जिसके अंतर्गत समय पर स्कूल न पहुंचने वाले शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। बड़ी संख्या में



स्कूली शिक्षक निलंबित किये गये और कई शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकी गई। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी सागर और निचले स्तर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने भी वर्ष के अंत तक स्कूलों के निरीक्षण का अभियान जारी रखा। जिसके परिणाम स्वरूप स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में कुछ हद तक सुधार देखने को मिला। शिक्षकों की स्कूलों में उपस्थिति को ई- अटेडेंस के माध्यम से भी नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि वोटर लिस्ट के पुनःनिरीक्षण कार्य में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाये जाने से कम शिक्षकों वाली शालाओं में शिक्षण कार्य और तिमाही और छहमाही परीक्षा के काम प्रभावित हुए।
स्कूल शिक्षा विभाग के खाते में एक उपलब्धी भी आई जब 14 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी सागर को मिली। सागर में यह आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें देश के कई राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए और यहां से अच्छे अनुभव लेकर गये।

**वर्ष 2025 में सागर को नये संभागायुक्त और नये आई जी मिले। डॉ. वीरेन्द्र रावत की सेवा निवृत्ती के बाद उनके स्थान पर अनिल सुचारी नये संभागायुक्त बनाये गये। इसीतरह सागर रेंज के आई जी प्रमोद वर्मा का तबादला होने के बाद श्रीमती हिमानी खन्ना सागर रेंज की नई आईजी बनाई गई।**



सागर। मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंगसिंघार फरवरी माह में सागर पधारे, उनका युवक कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इससे पहले उन्होंने देवरी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया जहां कांग्रेस की गुटबाजी के चलते पार्टी नेताओं ने अलग-अलग स्वागत कर अपनी ताकत दिखाई।

## नए साल में नए तेवर दिखायेगी कांग्रेस

**देवदत्त दुबे, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की विस्तृत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने जनसंपर्क को मजबूत करने एवं आगामी रणनीति पर चर्चा की गई विशेष रूप से नए वर्ष में ऐसे प्रोग्राम बनाए जाएंगे जिससे अधिक से अधिक लोग जुड़ सके 1 जनवरी 2026 से लेकर 15 फरवरी 2026 तक प्रदेश के सभी जिलों में पंचायत कमेटी वार्ड कमेटी एवं मंडल स्तर पर संगठन का नए सिरे गठन पूर्ण कर लिया जाएगा।
बहरहाल शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिन भर गहमागहमी रही क्योंकि इस बैठक में प्रदेश के समस्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री प्रदेश सचिव एवं जॉइंट सेक्रेटरी और समस्त विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सीडब्लूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल ओंकार सिंह मरकाम हेमंत कटारे कांतिलाल भूरिया डॉक्टर गोविंद सिंह अशोक सिंह सहित विधायक पूर्व विधायक विशेष रूप से उपस्थित थे बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि आज की बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के 2 वर्ष के कार्यकाल की सराहना की गई बैठक में मास कनेक्ट प्रोग्राम एवं पंचायत वार्ड कमेटियों के गठन को लेकर गंभीर एवं व्यापक चर्चा हुई उन्होंने कहा कि एस आई आर स्पेशल की प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही है और इसमें गंभीर अनियमिताएं सामने आई है साथ उन्होंने भाजपा पर महात्मा गांधी के विचारों एवं भारतीय संविधान की मूल भावनाओं के विपरीत कार्य करने का आरोप भी लगाया वही प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नए वर्ष की शुरुआत में 1 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक सभी जिलों में पंचायत कमेटी वार्ड कमेटी एवं मंडल स्तर पर संगठन का नए श्री संगठन पूर्ण कर लिया जाएगा यह अभियान संगठनात्मक मजबूती एवं आमजन से सीधे संबंध स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम होगा उन्होंने कहा कि यह प्रदेश कांग्रेस के इतिहास पहली बार हुआ है जब एक साथ 71 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति पूरी तरह संगठन आत्मक प्रक्रिया के माध्यम से की गई है इसी प्रकार समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति भी एक साथ एवं पारदर्शी संगठनात्मक प्रक्रिया के तहत की गई है जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और संगठन में विश्वास बड़ा है।




कुल मिलाकर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस एक बार फिर प्रदेश में सरकार बनाने के सपने को लेकर नए वर्ष में नए तेवर के साथ मैदान में उतरने के लिए संकल्पित हुई है अब देखना यही है कि नेताओं ने जिस तरह से बैठक में विचार व्यक्त किए हैं धरातल पर कितने खरे उतरते हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन
स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87